CMYK


www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025 । वर्ष – 34 । अंक –349 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



न्यायपालिका पर हमला भाजपा की फासीवादी सोच का प्रतीक : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ न्यायपालिका को भी मीडिया की तरह गोदी में चाहते हैं!
■ चीन के बाद अब बांग्लादेश का रुख रूस, अमेरिका और पाकिस्तान की ओर — पृष्ठ 4

■ यूक्रेन ने एक हजार से अधिक बार ईस्टर युद्धविराम तोड़ा : रूस
■ अमेरिकी टैरिफ से अरब देशों के गैर तेल निर्यात को खतरा : संयुक्त राष्ट्र — पृष्ठ 9

शुभमन गिल पर स्लो ओवर रेट के लिए लगा 12 लाख का जुर्माना — पृष्ठ 10

## जम्मू कश्मीर में बादल फटने से तबाही का मंजर

### 3 की मौत, 100 से अधिक लोगों को बचाया गया, रामबन में बाढ़ जैसे हालात

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। रामबन कस्बे में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई है। एक सौ से अधिक को बचाया गया है। कस्बे में भयानक तबाही का मंजर है। कई वाहन

■ जम्मू-श्रीनगर हाईवे पांच स्थानों पर हुआ अवरुद्ध
■ मलबे से कई वाहन पूरी तरह से

पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि जम्मू-श्रीनगर हाईवे पांच स्थानों से बह चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रामबन कुलबीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्राकृतिक आपदा में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि जिले में 100 से अधिक लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि कल रात से जिले में भारी बारिश हो रही है और बादल फटने और अचानक बाढ़ जैसी स्थिति के कारण रामबन जिले में स्थिति और खराब हो गई है। एसएसपी के



मुताबिक, दो होटल, कुछ दुकानों और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर बंद है क्योंकि वह करीब पांच जगहों से बह चुका है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**धर्म कुंड गांव में 40 मकान क्षतिग्रस्त**

अधिकारियों ने बताया कि धर्म कुंड गांव में अचानक आई बाढ़ के कारण करीब 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए. उन्होंने बताया कि एक जलाशय के उफान पर होने के कारण कई गाड़ियां बह गईं।

**मौसम साफ होने पर सफर की अपील**

रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

**मुख्यमंत्री उमर ने जताया दुख**

राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस त्रासदी पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, रामबन में हुए दुखद भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से बेहद दुखी हूं, जिससे जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

## दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को कमांडेंट बनाकर जगदलपुर भेजा गया

### आईएएस के बाद आईपीएस की सर्जरी सरकार ने बदले आठ एसपी



**रायपुर**, 20 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सुशासन तिहार में पुलिस महकमे में बड़ी सर्जरी करते हुए प्रदेश के आठ एसपी बदल दिए हैं। राजेश अग्रवाल को सरगुजा, विजय अग्रवाल को दुर्ग, आंजनेय वार्ष्णेय को सारंगढ़, योगेश पटेल को बालोद, भावना गुप्ता को बलौदाबाजार, सूरज सिंह को धमतरी, लक्ष्य शर्मा को खैरागढ़, एसआर भगत को गौरेला पेंड्रा और विजय पांडे को जांजगीर-चांपा का एसपी बनाया गया है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को कमांडेंट बनाकर जगदलपुर भेजा गया है। इसके अलावा राजनांदगांव और सरगुजा के आईजी भी बदल दिए गए हैं। दीपक कुमार झा को सरगुजा और अभिषेक शांडिल्य को राजनांदगांव आईजी बनाया गया है।

सीएम साय की अनुशंसा पर गृह विभाग ने रविवार को 20 आईपीएस अफसरों की तबादला सूची रविवार को दोपहर जारी की है। इसमें पुलिस मुख्यालय से लेकर फील्ड पर बदलाव किए गए हैं। कई जिलों में एसपी रहे राजेश अग्रवाल पर सरकार ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए सरगुजा की जिम्मेदारी दी है। बलौदाबाजार हिंसा

■ विजय अग्रवाल दुर्ग, राजेश अग्रवाल सरगुजा, आंजनेय वार्ष्णेय सारंगढ़, योगेश पटेल बालोद के नए एसपी

के बाद वहां एसपी बनाकर भेजे गए विजय अग्रवाल ने जिस तरह हालात संभाले, उसे देखते हुए साय सरकार ने उन्हें दुर्ग जिले का एसपी बनाया है। दुर्ग एसपी शुक्ला की आक्रामक कार्यशैली को देखते हुए उन्हें कमांडेंट बनाकर जगदलपुर भेजा गया है, क्योंकि साय ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### पवन देव अब पुलिस हाउसिंग के चेयरमैन अजातशत्रु को इंटेलिजेंस की मिली कमान

राज्य सरकार ने रविवार को प्रदेश के 20 आईपीएस अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंप दी है। सरकार ने आठ एसपी और दो आईजी बदलने के साथ-साथ पुलिस मुख्यालय में भी कुछ अहम बदलाव किए हैं। जिनमें पुलिस महानिदेशक (डीजी) से लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) जैसे अधिकारी प्रभावित हुए हैं। डीजी पवन देव अभी पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन में एमडी हैं, जिन्हें इसी कार्पोरेशन में चेयरमैन बना दिया गया है। एक अहम बदलाव डीईजी अजातशत्रु बहादुर सिंह की सात साल बाद बड़ी जिम्मेदारी के साथ मेनस्ट्रीम में वापसी का है। रायपुर और दुर्ग में क्राइम ब्रांच के कामकाज में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए चर्चित अजातशत्रु को सरकार ने खुफिया विभाग (इंटेलिजेंस) में डीआईजी बना दिया है। इसी तरह, पुलिस मुख्यालय में विशेष आसूचना ब्यूरो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤





## सार संक्षेप

### वेमुला अधिनियम प्रस्ताव पर सिद्दारमैया का राहुल को पत्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव पर उनकी चिंताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और घोषणा की है कि उनकी सरकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही है। शनिवार को श्री राहुल गांधी को संबोधित एक पत्र में, श्री सिद्दारमैया ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के 16 अप्रैल को लिखे गए पिछले पत्र का जवाब दिया, जिसमें श्री राहुल ने बीआर अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव और हाशिए पर पड़े समुदायों की निरंतर दुर्दशा का उल्लेख किया था।

### ईस्टर पर युद्धविराम एक दिखावाः जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक दिवसीय 'ईस्टर युद्धविराम' को दिखावा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर नुकसान पहुंचाने के लिए मॉस्को की कोशिशें रात भर जारी रहीं। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कुल मिलाकर, ईस्टर की सुबह तक हम कह सकते हैं कि रूसी सेना युद्धविराम की एक 'धारणा' बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कुछ जगहों पर इसने आगे बढ़ाना और यूक्रेन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश रोकी नहीं है। रूसी राष्ट्रपति ने शनिवार को यूक्रेन में ईस्टर के मौके पर एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की और रूसी सेना को शनिवार रात 8.3 बजे (आईएसटी) से रविवार के अंत तक युद्ध रोकने का आदेश दिया।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल घाटी जिलों में कई प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्यों को पिछले 48 घंटों में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के नोंग्दम गांव के पास नेपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया।

### वरिष्ठ भाकपा नेता दिबाकर नायक का निधन

**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडिशा के पूर्व सचिव दिबाकर नायक का रविवड्डार को निधन हो गया। नायक 72 वर्ष के थे। पार्टी नेताओं ने बताया कि नायक बीते कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने भुवनेश्वर के खारवेल इलाके में भाकपा के राज्य मुख्यालय में अंतिम सांस ली।

## आदिवासी हैं सबसे बड़े हिंदू : साय

**रायपुर**, 20 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दोबारा स्पष्ट किया है कि आदिवासी ही सबसे बड़ा हिंदू है। मुख्यमंत्री साय आज धर्मरक्षा महायज्ञ एवं सनातन संस्कृति सम्मेलन में शामिल हुए. यह कार्यक्रम महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था।



■ आदिवासियों को बहकाने का किया जा

श्री साय ने कहा कि आदिवासी समाज ही सबसे बड़े हिंदू हैं। उन्होंने बताया कि आदिवासी सरना पूजा में विश्वास रखते हैं, जहां वे प्रकृति और देवी-देवताओं के प्रतिक स्वरूप पत्थर स्थापित करते हैं और पूजा करते हैं। यहां मंदिरों के पुजारी की तरह बैगा पुजारी होते हैं और वहां गौरी-गौरा की पूजा की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौरी-गौरा और शिव-पार्वती एक ही हैं, और आदिवासी समाज प्राचीन काल से इनकी आराधना करता आ रहा है, इसलिए कहा वह सबसे बड़े हिंदू हैं। श्री साय ने कहा कि आज भी कई ऐसी एजेंसियां सक्रिय हैं, जो देश को तोड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को भटकाने और बहकाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं। उन्होंने इस दावे को सर्वथा गलत करार देते हुए जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज हिंदू धर्म का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## बिहार को 'डबल इंजन' नहीं, एक ही 'पावरफुल इंजन' की जरूरत : खड़गे



**बक्सर**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू को घेरते हुए भाजपा पर झूठ बोलने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बार-बार पाला बदलने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और जदयू वाले 'डबल इंजन' की सरकार की बात करते हैं, लेकिन आज बिहार ह्यूमैन इंडेक्स के मामले में काफी नीचे है। उन्होंने कहा कि बिहार को 'डबल इंजन' नहीं, एक ही पावरफुल इंजन की जरूरत है, जो महागठबंधन का इंजन है। कांग्रेस नेता खरगे ने बिहार की एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार के बीच 'अवसरवादी' गठबंधन बिहार के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए भाजपा-आरएसएस की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को झुकाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहना होगा और लड़ाई लड़नी होगी।

## पूर्व विस अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल की मौत के मामले में अपोलो के फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। अपोलो अस्पताल में 2006 में इलाज के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं। राजेन्द्र शुक्ल की मौत हो गई थी। अब मामले में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ। नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम के खिलाफ सरकण्डा थाने में धारा 420, 465, 466, 468, 471, 304, 34 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

बता दें कि दमोह के मिशन अस्पताल में हार्ट सर्जरी के बाद सात मरीजों की मौत के मामले में खुद को कार्डियोलॉजिस्ट बताने वाले फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया है। कथित डॉक्टर की वजह से अपोलो अस्पताल में भी 7-8 मरीजों की जान गई थी, जिनमें दिग्गज कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भी शामिल थे। करीब 32 साल तक विधायक छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल का 20 अगस्त 2006 को तबीयत बिगड़ने पर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई। उनका ऑपरेशन भी कथित डॉक्टर नरेंद्र ने किया था।




दमोह की घटना सामने आने के बाद राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के परिजनों ने मामले की जांच की मांग की थी। आईएमए के तत्कालीन अध्यक्ष और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ। वायएस दुबे ने इसकी जांच करवाई। जांच में पाया गया कि नरेंद्र के दस्तावेज फर्जी थे। उसके पास केवल एमबीबीएस की डिग्री थी, वह कार्डियोलॉजिस्ट नहीं था। वहीं अपोलो हॉस्पिटल प्रबन्धन ने अपने मुख्यालय से डॉक्टर से जुड़े दस्तावेज मंगाए थे। जांच में फर्जी डॉक्टर का नाम, जन्मतिथि और पिता का नाम का अलग-अलग पाया गया था।

## 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में

**रायपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा संचालित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में घोषित होंगे। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। 10वीं एवं 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रदेश के 36 केन्द्रों में किया गया।




माशिमं द्वारा मूल्यांकन दो चरणों में कराया गया। दूसरे चरण का मूल्यांकन पूरा करने के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी। माशिमं की अध्यक्ष रेणु जी। पिल्ले एवं सचिव पुष्पा साहू द्वारा रोजाना सभी जिले से मूल्यांकन की स्थिति की जानकारी ली गई। जिस केन्द्र में मूल्यांकन की रफ्तार धीमी थी, वहां वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर तेजी लाने की व्यवस्था की गई। मूल्यांकन के पूर्व ही समस्त मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके अनुसार ही मूल्यांकन कराया गया। बताते हैं कि इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ाई गई ताकि न केवल मूल्यांकन समय पर पूरा हो सके, बल्कि किसी मूल्यांकनकर्ता के अनुपस्थित रहने पर भी संबंधित विषय का मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो। प्राप्त जानकारी के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## निशिकांत दुबे के बयान से भाजपा का किनारा

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और पार्टी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट और देश के मुख्य न्यायाधीश पर दिए गए बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। दोनों नेताओं ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए। भारतीय जनता पार्टी ने इन बयानों से किनारा करते हुए इसे नेताओं की व्यक्तिगत राय करार दिया और ऐसी टिप्पणियों से बचने का निर्देश जारी किया। भाजपा ने इन दोनों नेताओं के बयान से दूरी बनाते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी इसका समर्थन नहीं करती। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान इनका व्यक्तिगत बयान है।

## 2027 में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

**लखनऊ**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 2 साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। रविवार को प्रयागराज में अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन जारी रहेगा। इसका मतलब कि यूपी में सपा और कांग्रेस का साथ बना रहेगा। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव साल 2027 में होना है. इस चुनाव में अभी काफी समय बाकी है। लेकिन रविवार को यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कि 2027 के चुनाव में सपा और कांग्रेस साथ-साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

**भाजपा को भू-माफिया पार्टी बताया**–जब अखिलेश से 'इंडिया' गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, 'इंडिया' गठबंधन (मौजूदा) है और रहेगा।' उन्होंने कहा, 'भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं।' उन्होंने भाजपा को 'भू-माफिया पार्टी' करार दिया।

## हाईकोर्ट अधिवक्ता जीतेन्द्र नाथ नंदे और धीरज वानखेड़े नेशनल मेडिकल कमीशन के स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त

**रायपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। हाई कोर्ट अधिवक्ता जीतेंद्र नाथ नंदे और धीरज वानखेड़े को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (नेशनल मेडिकल कमीशन) ने स्टेंडिंग काउंसिल नियुक्त किया है। दोनों अधिवक्ता उच्च न्यायालय के समक्ष आयोग के हितों का प्रतिनिधित्व करने और बचाव करेंगे। यह नियुक्ति तीन सालों के लिए की गई है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि नियुक्ति की अवधि प्रदर्शन के आधार पर और सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर बढ़ाई या घटाई जा सकती है। वहीं पत्र प्राप्ति के सात दिनों के भीतर प्रस्ताव को स्वीकार करने की पुष्टि करने कहा गया है। इस अवधि के भीतर प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होने पर प्रस्ताव स्वमेव वापस ले लिया जाएगा।

ममता ने खुला पत्र किया जारी

## भाजपा और आरएसएस हमें बांटना चाहते हैं

**कोलकाता**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए। उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा- ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा- हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन, हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 11 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए। 12-13 अप्रैल को प्रदर्शन हिंसक हो गए।

**विवाद** | देश की अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र पक्षकार

## केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के दिए निर्देश

■ कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा
■ बिना वजह की अपीलों को रोका जाएगा

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल (देशबन्धु)। कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता जाता है।**

*मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी। कानून मंत्रालय के अनुसार, कई बार सरकार जनहित में फैसले तो लेती है, लेकिन उनका सही तरीके से लागू नहीं किया जाना या अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता या फिर गलत लोगों को फायदा पहुंचता है। ऐसे में प्रभावित लोग इसे अन्याय मानकर अदालत में केस कर देते हैं। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कानून मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग ने सरकारी मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत बिना वजह की अपीलों को रोका जाएगा। नोटिफिकेशन और आदेशों में विसंगतियों को दूर किया जाएगा। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। हर मंत्रालय को इन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।*



***मुकदमे नहीं, समाधान जरूरी***

*कानून मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के फैसलों का मकसद जनता की भलाई और सुशासन है। लेकिन जब फैसले ठीक से लागू नहीं होते, तो जनता को ही नुकसान होता है और सरकार पर मुकदमों का बोझ बढ़ता है। इसलिए मंत्रालय चाहता है कि नए निर्देशों से मुकदमे कम हों और प्रशासन बेहतर चले।*

# कांग्रेस ने न्याय पद यात्रा निकाल थाने का घेराव किया

**(लापता बच्ची का अब तक पता नहीं)**



**मुंगेली** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। लोरमी ब्लॉक के ग्राम कोसाबाड़ी में 11 और 12 अप्रैल की दरम्यानी रात 7 वर्षीय मासूम बच्ची के लापता होने के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाया है। बच्ची के 10 दिनों से लापता रहने और प्रशासन की लापरवाही से नाराज़ कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को ग्राम कोसाबाड़ी से लोरमी थाने तक (न्याय पद यात्रा) निकाली और थाने का घेराव किया।

इस पदयात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैंज के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह सहित कांग्रेस के सभी मोर्चों- युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल आदि के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

यात्रा की शुरुआत कन्या पूजन के साथ की गई, उसके बाद कोसाबाड़ी से कोदवा महंत, डोंगरिया, झझपुरी होते हुए यह यात्रा लोरमी थाने तक पहुंची। बच्ची की सकुशल वापसी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। हालांकि, पुलिस ने पहले ही थाने से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेडिंग कर दी थी जिससे प्रदर्शनकारी थाने तक न पहुंच सकें।

प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए 10 दिनों के भीतर बच्ची को सुरक्षित ढूंढ निकालने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन विफल रहा तो कांग्रेस को कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**प्रदेश अध्यक्ष दीपक ने कहा-**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैंज ने कहा, (छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चियों पर लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। दुर्ग और रायपुर में भी मासूम बच्चियों के साथ गंभीर घटनाएं हुई हैं। ऐसे मामलों को लेकर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। न्याय पद यात्रा का मकसद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और प्रदेश में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना है।) इस मौके पर लोरमी, डिंडोरी, जरहागांव, पथरिया, सरगांव सहित मुंगेली जिले के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्याय की मांग के साथ उठी आवाज अब और तेज-**

पार्टी की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह आंदोलन बच्ची की वापसी और न्याय की लड़ाई को अंतिम मुकाम तक ले जाने का संकल्प है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैंज, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह, रोहित शुक्ला, संजीत बनर्जी,थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, चुरावन मंगेश्कर, चंद्रभान बारमते, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, नरेश पाटले, पुरूषोत्तम मार्को, राजा ठाकुर, लोकराम साहू, अभिलास सिंह, नवनीत शुक्ला, अभिषेक यादव, सहित बडी संख्या में लोरमी, डिंडौरी, जरहागांव,पथरिया, सरगांव मुंगेली ग्रामीण के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युग निर्माण योजना के स्वाध्याय लिए स्थापना जन्म प्रारंभ होगा

**तखतपुर** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। विद्या विस्तार केंद्र पंजीकृत संस्थान युग निर्माण योजना शाखा तखतपुर के तत्वाधान में, अखंड ज्योति एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा शांतिकुंज हरिद्वार जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका, अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, मासिक पत्रिका एवं युग चेतना साहित्य का स्थापना, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय में आवासीय परिसर में स्वाध्याय हेतु स्थापना का क्रम शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। ताकि प्रबुद्ध वर्ग तक परम पूज्य गुरुदेव के विचारधारा का प्रवाह सुनिश्चित हो सके। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोगी सर्वश्री ओमप्रकाश भट्ट, सीताराम श्रीवास, देवी सिंह ठाकुर, मेवा लाल महदेवा, गोपाल सिंह ठाकुर, प्रदीप कौशिक, संतोष कौशिक, नारायण प्रसाद पाली, प्रज्ञा नारायण पाली, श्रीमती रीना ठाकुर, प्रमिला कौशिक, मूलचंद कौशिक, ओमप्रकाश देवांगन, शिवराम गुप्ता, सहयोगी रहेंगे।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण



**तखतपुर** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। दृष्टि कंप्यूटर संस्थान ने इस गर्मी की छुट्टियों में छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष पहल शुरू की है, जिसके तहत उन्हें मुफ्त कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल युग में सशक्त बनाना और तकनीकी कौशल से लैस करना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर करियर अवसर प्राप्त कर सकें।संस्थान के निदेशक परवेज भारमल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से उन छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो आर्थिक रूप से कमज़ोर पृष्ठभूमि से आते हैं और जिनके पास कंप्यूटर शिक्षा तक पहुँच सीमित है। कार्यक्रम में बेसिक कंप्यूटर स्किल्स, एमएस ऑफिस, इंटरनेट उपयोग, और डिजिटल साक्षरता जैसे विषय शामिल हैं। छात्रों का करियर काउंसलिंग हेतु मार्गदर्शन भी किया जावेगा। यह प्रशिक्षण 11 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 10 जून तक चलेगा और इसमें से 18 वर्ष की आयु से अधिक उम्र के छात्र-छात्राएँ भाग ले सकते हैं। कक्षाएँ दृष्टि कंप्यूटर संस्थान के हाइस्कूल मेन रोड स्थित केंद्र पर आयोजित की जा रही है। अभिभावक श्रीमती रेखा शर्मा, ने कहा,यह कार्यक्रम हमारे बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर है। मुफ्त प्रशिक्षण से न केवल उनके कौशल में वृद्धि होगी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। पंजीकरण के लिए इच्छुक छात्र संस्थान में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# हाईवोल्टेज स्पार्किंग से लगी आग



**तखतपुर** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। हाई वोल्टेज स्पार्किंग से घर जलकर खाक हो गया है। लोगों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया गया फिर भी पूरा छत जलकर राख हो गया।

ग्राम बराही में 11 केवी का तार गुजरा हुआ है जिसमें आज दोपहर संतराम ओगरे के घर के ऊपर से भी तार गुजरकर गया हुआ है जिसमें दोपहर में अचानक इस हाई वोल्टेज तार में स्पार्किंग होने लगा और इसकी चिंगारी देखते देखते संतराम ओगरे के घर के ऊपर पहुंची और फिर धीरे धीरे छत के ऊपर लगे लकड़ी सहित अन्य समान जलने लगा और देखते ही देखते आग की लपेट ने पूरे घर को ले लिया और फिर दोपहर घर में आग लगने की जानकारी मिलते ही लोगों ने मिलजुलकर घर में लगे आग को बुझाने का प्रयास किए परंतु तब तक छत में लगी पूरी लकड़ी राख हो गया। आग लगने की सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दी गई।

दमकल की कमी खली- तखतपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रवास तीन माह पूर्व हुआ था जहां उन्होंने मांग पर एक दमकल की घोषणा किया था परंतु आज पर्यंत दमकल की उपलब्धता नही हो पायी है।

जिसके कारण एक घर फिर से जलकर खाक हो गया। जब जब तखतपुर में आगजनी की घटना होती है दमकल की कमी को महसूस किया जाता है और दमकल न होने के कारण जिसके यहां आगजनी की घटना घटती है जब तक वह आग बुझा पाए तब तक लाखों का नुकसान हो जाता है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद नगर में दमकल की आस जग गई थी पर यह आस कब पूरी होगी यह नही पता।

## स्थायी समितियों के गठन के लिए जनपद की बैठक कल

**तखतपुर** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तखतपुर में स्थायी समितियों के गठन हेतु 22 अप्रेल को 11 बजे जनपद पंचायत तखतपुर के सभा भवन में स्थायी समितियों के सदस्यों एवं सभापतियों का निर्वाचन होगा।

## डीएवी स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम कल

**तखतपुर** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में 22 अप्रैल को विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य आतिथ्य में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 बजे किया गया है। यह जानकारी वी के श्रीवास्तव ने दी।

# सुपारी लेकर हत्या की साजिश का पर्दाफाश 6 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**मध्यप्रदेश के डिंडौरी से किया गया गिरफ्तार**




**मुंगेली**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में मुंगेली पुलिस ने सुपारी लेकर हत्या करने के प्रयास के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। करीब 6 महीने से फरार चल रहे आरोपी को मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के समनापुर से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण 04 अक्टूबर 2024 की रात्रि का है, जब पीड़िता रितिका केसवानी अपनी भाभी पूनम रूपवानी के साथ एक्टिवा में सवार होकर परिचित के घर से लौट रही थीं। जैसे ही वे ए.आर.सी. स्कूल के पास पहुंचीं, एक नकाबपोश व्यक्ति ने धारदार हथियार से रितिका के गले पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। इस हमले की रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में दर्ज की गई थी। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध क्रमांक 383/2024, धारा 118(1), 61(2), 109(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सायबर तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी दिलीप रेलवानी को मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के समनापुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दिलीप ने स्वीकार किया कि उसके मामा के लड़के राजकुमार ने उसे रितिका केसवानी की हत्या करने के लिए 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। अब तक एक लाख रुपये की तीन किस्तों में भुगतान किया गया था, जबकि शेष राशि हत्या के बाद देने की बात थी।घटना की रात आरोपी ने यमाहा मोटरसाइकिल से आकर नकाब पहनकर रितिका पर थर्माकोल कटर से वार किया और फरार हो गया था। घटना के बाद हथियार और गमछा नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और थर्माकोल कटर (ब्लेड) बरामद कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्यवाही में, उप निरीक्षक गिरिजाशंकर यादव, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, प्र.आर. नोखेलाल कुर्रे, मनोज सिंह, रवि जांगड़े, आरक्षक राहुल सिंह, योगेश यादव, रामकिशोर कश्यप, बसंत कुमार डाहिरे, रवि श्रीवास का विशेष योगदान रहा।

# कोतरलिया स्टेशन यार्ड में चौथी रेल लाइन परियोजना, नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य प्रगति पर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संरक्षा, समयबद्धता और क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम**

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा रेलखंड पर स्थित कोतरलिया स्टेशन पर वर्तमान में चौथी रेल लाइन परियोजना के तहत व्यापक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य तीव्र गति से जारी है । यह कार्य 11 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक पूर्वनिर्धारित अवधि में किया जा रहा है एवं यह लगभग 2100 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 206 किलोमीटर लंबी बिलासपुर - झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य रेल परिचालन की क्षमता में वृद्धि, समयबद्धता में सुधार और यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाना है । कोतरलिया स्टेशन पर इस दौरान व्यापक स्टेशन एवं यार्ड मॉडिफिकेशन कार्य किए जा रहे है, जिसमें ट्रैक, सिग्नलिंग और ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

नॉन-इंटरलॉकिंग एवं प्री-एनआई चरणों में इंजीनियरिंग कार्यों के अंतर्गत कोतरलिया स्टेशन यार्ड में निम्नलिखित प्रमुख कार्य किए गए- यार्ड के पुन:मॉडिफिकेशन के अंतर्गत 13 नए टर्नआउट्स, नया अप लूप लाइन, साइडिंग, नया ट्रैक मशीन लाइन और हॉट एक्सल साइडिंग का सफल कमीशनिंग किया गया । प्री-एनआई के दौरान अप मुख्य लाइन में 1 टर्नआउट का सम्मिलन कर, वेल्डिंग और टेम्पिंग कार्य उसी ब्लॉक में पूर्ण किया गया पुराने 7 टर्नआउट्स और 730 मीटर पुराने 52 किग्रा ट्रैक को हटाकर नया 60 किग्रा ट्रैक लिंक किया गया । लाइन सस्पेंशन के दौरान 8 नए टर्नआउट्स का बिछाव किया गया, जिनमें से 5 ग्राउंड पॉइंट्स पहले बिछाए गए थे। प्रस्तावित चौथी लाइन (1000 मीटर), लूप लाइन (800 मीटर), क्रॉसओवर एवं पीआईएसके साइडिंग को अप लाइन स्तर तक हेवी लिफ्टिंग और 1200 मीटर स्लूइंग द्वारा स्थापित किया गया । 13 नए टर्नआउट्स, क्रॉसओवर्स एवं यार्ड की सभी सस्पेंडेड लाइनों की टेम्पिंग कार्य सफलतापूर्वक किया गया । इस कार्य हेतु 4 टी-28 पोर्टल्स, 2 टेम्पिंग मशीन के साथ साथ अन्य मशीनें व बड़ी संख्या में कार्य से संबंधित अधिकारी, इंजिनियर, कर्मचारी एवं श्रमिक लगाये गए । उल्लेखनीय बात यह रही कि कार्य के दौरान किसी भी ब्लॉक का निर्धारित समय से अधिक नहीं हुआ, जो योजना और क्रियान्वयन की उत्कृष्टता को दर्शाता है ।

इसी प्रकार रेल विद्युतीकरण (ओएचई) से जुड़े कार्यों में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है । कार्य के दौरान हाइड्रा मशीन, जेसीबी, टावर वैगन सहित अन्य आधुनिक मशीनें तथा इस कार्य के विशेषज्ञ अधिकारी, इंजिनियर, कर्मचारी एवं श्रमिको ने रेल विद्युतीकरण (ओएचई) कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

इस परियोजना के तहत कोतरलिया स्टेशन का व्यापक रूप से पुन:विकास किया जा रहा है, जिसमें एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की स्थापना, और सिग्नलिंग एवं ट्रैक कनेक्टिविटी को उन्नत किया जा रहा है। इस पूरे कार्य में 500 से अधिक रेलवे अधिकारी, इंजीनियर और श्रमिक अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से दिन-रात जुटे हुए हैं। इस कार्य की पूर्णता से ट्रेनों की गति और समयपालन में सुधार, परिचालन में गतिशीलता, लाइन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, व्यापार, उद्योग और परिवहन क्षेत्र में नई संभावनाएं भी प्रबल होगी ।

यह परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेल नेटवर्क को और अधिक मजबूत और आधुनिक बनाएगी, साथ ही इस अंचल के यात्रियों एवं व्यापार को भी समुचित लाभ प्रदान करेगी।

**निम्न कार्य संपादित किए गए**

11 पोर्टल इरेक्शन, 23 टीटीसी, 95 ओएचई मास्ट, तथा 6 क्रॉसओवर का निर्माण । 1.9 किलोमीटर फीडर लाइन, 3 किलोमीटर वायरिंग। 5 पुराने पोर्टल मास्टों का सफल डिस्मैंटलिंग । कोतरलिया एसएसपी में चौथी लाइन से जुड़ी आवश्यक संशोधन कार्य पूर्ण किया गया।

# बिलासपुर सांसद और सभी 8 विधायकों से हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति मांगेगी समर्थन

**राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा 4 सी एयरपोर्ट के लिए कोई भी आवंटन ना करने और समयबद्ध कार्यक्रम ना देने के कारण यह कदम उठाया जाएगा**

**सभी को पुन: एक ज्ञापन सौंप कर बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट को 4 सी बनाने की मांग करेगी**

**हाई कोर्ट में राज्य सरकार कई बार 4 सी एयरपोर्ट बनाने की अंडरटेकिंग दे चुकी परंतु इस पर कार्य नहीं हुआ है**




**बिलासपुर**,(देशबंधु) 20 अप्रैल बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट बिलासपुर को 4 सी श्रेणी में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कोई सार्थक कदम नहीं उठाने के कारण हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने यह ऐलान किया है कि उसका प्रतिनिधिमंडल बिलासपुर लोकसभा के सांसद श्री तोखन साहू जो वर्तमान में केंद्र में राज्य मंत्री भी है के अलावा लोकसभा के सभी आठ विधायकों जिनमें अरुण साव उपमुख्यमंत्री शामिल हैं से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। जिन विधायकों से मिलकर समिति यह मांग करने वाली है उनमें बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला मुंगेली के विधायक पुन्नू लाल मोहल्ले के अलावा कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी के विधायक दिलीप लहरिया शामिल है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि हाई कोर्ट में पिछले 4 वर्षों में राज्य सरकार के द्वारा एक से अधिक बार यह अंडरटेकिंग दी गई की बिलासपुर के एयरपोर्ट को 4 सी श्रेणी में अपग्रेड किया जाएगा जिससे कि यहां बोइंग और एयर बस जैसे बड़े विमान उतर सके। इसके लिए रनवे का विस्तार नया टर्मिनल बिल्डिंग और एक सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट बिलासपुर में बनाया जाएगा। समिति ने कहा कि 4 वर्षों में दी गई इन अंडरटेकिंग के अलावा अगर देखा जाए तो जमीन पर वास्तविक कार्य इसके लिए कुछ भी नहीं हुआ है। एक और जहां रक्षा मंत्रालय के कब्जे वाली जमीन की वापसी अभी भी लंबित है जबकि भारतीय सेना के द्वारा इस जमीन का कोई उपयोग न होने और वापस करने की इच्छा पहले ही जताई जा चुकी है। दूसरी ओर 4 सी एयरपोर्ट के लिए डीपीआर का आतापता नहीं है और ना ही राज्य सरकार ने अपने बजट में इसके लिए कोई आवंटन दिया है। 1 मार्च 2021 को प्रारंभ हुआ बिलासपुर एयरपोर्ट 4 साल में अभी तक नाइट लैंडिंग की सुविधा भी नहीं प्राप्त कर पाया है जबकि यह सुविधा पहले 2 साल में ही देने की घोषणा की गई थी। रनवे की लंबाई अभी भी केवल 1500 मीटर है जबकि बोईग और एयर बस के लिए कहीं लंबा रनवे चाहिए। नया टर्मिनल भवन बनाने का प्रस्ताव था परंतु यह टर्मिनल भवन फिर 4 सी एयरपोर्ट के अनुरूप बनाया जाएगा यह कहकर उसे भी वापस ले लिया गया। इस सब को देखते हुए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सभी जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री रवि बनर्जी राकेश शर्मा अनिल गारे विजय वर्मा महेश दुबे टाटा मनोज तिवारी देवेंद्र सिंह ठाकुर नीरज अवस्थी चंद्र प्रकाश जायसवाल प्रकाश वहरानी अखिल अली मोहसिन अली आदि शामिल थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को ...

सरकार का फोकस अभी नक्सलमुक्त बस्तर पर है। हाल में आईपीएस अवार्ड हासिल करने वाले विजय पांडे को जांजगीर का जिम्मा दिया गया है। सरगुजा में बेहतर पुलिसिंग की वजह से योगेश पटेल को बालोद लाया गया है, क्योंकि वहां साय सरकार पुलिस का तगड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना चाहती है। धमतरी में आंजनेय वार्ष्णेय को सारंगढ़ भेजा गया है, क्योंकि राजनैतिक तौर पर यह जिला काफी संवेदनशील माना जा रहा है।

### पवन देव अब...

(एसआईबी) और सीआईडी को भी नए आईजी मिले हैं। अंकित गर्ग को आईजी एसआईबी तथा ध्रुव गुप्ता को आईजी सीआईडी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह, आईजी बालाजी सोमावार को आईजी-ला एंड आर्डर बनाकर पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। विवेक शुक्ला को एआईजी सीआईडी बनाया गया है। जबकि खैरागढ़ के मौजूदा एसपी त्रिलोक बंसल को एसटीएफ बटालियन, बघेरा में एसपी बनाया गया है। इस सूची में जिन दो-चार अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर पब्लिक में चर्चा है, उनमें एक नाम अजातशत्रु बहादुर सिंह का है। अजातशत्रु अभी फायर ब्रिगेड तथा इमरजेंसी सर्विसेज में डायरेक्टर थे। क्राइम इन्वेस्टिगेशन में अभी जिस टेक्निकल एनलिसिस पर फोकस है और इससे बड़ी कामयाबियां हासिल हो रही हैं, तकरीबन एक दशक पहले क्राइम ब्रांच में एएसपी और एसपी रहते हुए अजातशत्रु के कार्यकाल में ही देखने में आ गई थीं। आज भी राज्य पुलिस सेवा कैडर में अधिकांश अफसर अजातशत्रु को अलग शख्सियत के रूप में देखते हैं। उस वक्त भी, जब पूर्ववर्ती सरकार में वे पूरे पांच साल हाशिए में रहे। अजातशत्रु बहादुर सिंह डीएसपी कैडर के हैं और प्रमोट होकर आईपीएस अवार्ड लेते हुए अभी डीआईजी हैं।

### 10वीं-12वीं बोर्ड ...

अनुसार माशिमं मई के पहले सप्ताह में दोनों परीक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करने की तैयारियों में जुटा हुआ है। मूल्यांकन के तत्काल बाद नतीजे तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है। पिछले साल 9 मई को आए थे नतीजे -माशिमं द्वारा पिछले साल 9 मई को दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए गए थे। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75 ।61 फीसदी था। वहीं 12वीं में 80 ।74 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस बार 9 मई के पहले नतीजे घोषित किए जाने की संभावना है। हर साल की तरह दोनों कक्षाओं की अस्थायी प्रावीण्य सूची भी जारी की जाएगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम रशीद अहमद पिता कदीर अहमद अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम रसीद अहमद पिता कदीर अहमद निवासी वार्ड नम्बर 12, कुम्हार गली तैबा चौक तालापारा बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूँ। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम रसीद अहमद पिता कदीर अहमद से जाना एवं पहचाना जाए।**

**रसीद अहमद**
**वार्ड नम्बर 12 कुम्हार गली तैबा चौक तालापारा बिलासपुर (छ.ग.) 495001**

**आवश्यकता है**

रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और राजनांदगांव में ऑनलाईन सामान की डिलिवरी हेतु 5-5 लड़के (कुल 25) और ऑफिस हेतु 3-3 लड़किया (कुल 15) चाहिए। बाहर वालों को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नहीं होने पर, कंपनी देगी। 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कंपनी की तरफ से काल आएगी।

**संपर्क करें-6264826402**

## निधन

### अंकित मसीह



**तखतपुर।** वार्ड 5 निवासी अंकित मसीह गोल्डी 33 वर्ष का 19 अप्रैल को निधन हो गया। वे आशेर मसीह, अभिषेक मसीह, डॉ, संदीप चरण के छोटे भाई थे और रिशु, चीकू के पिता एवं साहिल, स्नेहिल के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में किया गया।

# देश

**उवाच**

"पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा की पूरे देश में आलोचना हो रही है और यह हिंसा बंद होनी चाहिए। इसका असर देश भर में महसूस किया जा रहा है और मुझे लगता है कि केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ेगा। जिस तरह से घटना को छिपाने की कोशिश की जा रही है, यह दर्शाता है कि ममता बनर्जी कुछ दबाने की कोशिश में लगी हैं।

–बृजभूषण शरण सिंह, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38° | 24° |
| मुंबई | 31° | 27° |
| कोलकाता | 33° | 28° |
| चेन्नई | 33° | 29° |

# न्यायपालिका पर हमला भाजपा की फासीवादी सोच का प्रतीक : कांग्रेस

■ **निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर बोला हमला**

**रांची,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. इरफान अंसारी ने गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला। डॉ. अंसारी ने रविवार को जामताड़ा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसे भारतीय लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे का बयान न केवल सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने वाला है।

भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है। यह बेहद खतरनाक संकेत है। डॉ. अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आज देश नहीं जागा, तो भाजपा संविधान और कानून व्यवस्था को भी खरीद लेगी। ये लोग जातिगत ज़हर घोलकर न्यायपालिका को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग की कि निशिकांत दुबे



**भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है यह बेहद खतरनाक संकेत : डॉ. इरफान अंसारी**

को तत्काल संसद सदस्य पद से बर्खास्त किया जाए और उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी कहा कि देश की तीनों प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं–विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका–में संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है, और जब न्यायपालिका पर ही हमला होगा तो लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं बचेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के जामताड़ा जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, वरिष्ठ नेता अजीत दुबे, विजय दुबे, नंदकिशोर सिंह, कराली चरण सरखेल, निशापति हांसदा, बीरबल अंसारी, हराधन भुई, शाहिद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा उच्चतम न्यायालय के अधिकार पर उंगली उठाना उनके बाद बड़बोलेपन अल्पज्ञान का परिचायक है। संविधान की धारा 13 धारा 25 सहित कई धाराएं उच्चतम न्यायालय को शक्ति देती है कि संविधान की मूल भावना के विपरीत कोई कानून बनेगा तो वह उसकी समीक्षा कर सकती है। इस तरह के मामले में 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के मामले में 13 जजो की खंडपीठ द्वारा फैसला दिया जा चुका है। यह बयान एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी। उत्तम न्यायालय के संदर्भ में की गई बातें न्यायालय की अवमानना है। क्रिमिनल रिट का मामला बनता है अगर आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

### निशिकांत दुबे का बयान भड़काऊ व असंवैधानिक : कांग्रेस

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा उच्चतम न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिए गए बयान की कांग्रेस सरकार घोर निंदा करती है। उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। उनकी टिप्पणी न सिर्फ अपमानजनक है बल्कि लोकतंत्र के मूल स्तंभ पर सीधा प्रहार है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने–धमकाने वाला है,न्यायालय की स्वतंत्रता को छिनने वाला है। उनका बयान दर्शाता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। कांग्रेस का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद द्वारा इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है,यह बयान देश में वैमनष्यता, विद्वेष को फैलाने वाला और देश को अराजकता की ओर धकेलने वाला है। इतने बड़े बयान से पार्टी को दरकिनार कर भाजपा अपना पल्लू झाड़ रही है।

## बीदर कॉलेज के दो अधिकारी निलंबित

**बीदर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में बीदर के साईं स्फूर्ति प्री–यूनिवर्सिटी कॉलेज में जनेऊ विवाद में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अधिकारियों पर एक विद्यार्थी ने आरोप लगाया था कि उसे कर्नाटक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) में बैठने नहीं दिया गया था। विद्यार्थी ने आरोप लगाया था इन अधिकारियों ने जनेऊ उतारने से इनकार करने पर उसे सीईटी की परीक्षा नहीं दे दी थी। गौरतलब है कि जनेऊ हिंदू पुरुषों द्वारा पारंपरिक रूप से पहना जाने वाला पवित्र धागा है। छात्र सुचिव्रत कुलकर्णी को 17 अप्रैल को अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के गणित के पेपर में शामिल होना था। उसने दावा किया कि कॉलेज के निरीक्षकों ने उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से रोक दिया, जब तक कि उसने जनेऊ नहीं उतारी या काट नहीं दिया। सुचिव्रत ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने उनसे 45 मिनट तक विनती की। उनके बार–बार अनुरोध के बावजूद उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने कहा कि मैं तभी परीक्षा दे सकता हूं, जब मैं अपनी जनेऊ उतार दूं। मैं चाहता हूं कि सरकार या तो मुझे फिर से परीक्षा देने की अनुमति दे या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे। शिकायत के बाद बीदर जिला प्रशासन ने घटना की जांच शुरू की। बीदर के उपायुक्त ने कॉलेज के प्राचार्य चंद्र शेखर बिरादर और स्टाफ सदस्य सतीश पवार को आगे की जांच तक निलंबित करने का निर्देश दिया।

■ **जनेऊ विवाद मामला**

# जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार व एलजी प्रशासन में अंतर नहीं : महबूबा

**राजौरी,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख एवं जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) शासित जम्मू–कश्मीर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा निर्वाचित सरकार और उपराज्यपाल प्रशासन में कोई अंतर नहीं है। पीडीपी प्रमुख ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि उपराज्यपाल प्रशासन लोगों को पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया करा रहा था, जो मौजूदा सरकार कर रही है।

लेकिन उन लोगों के लिए कोई अंतर नहीं है जिन्होंने वास्तविक बदलाव की उम्मीद में एक लोकप्रिय सरकार को वोट दिया था। मुफ्ती ने नौकरी से निकाले जाने और लगातार गिरफ्तारियों को लेकर सरकार की आलोचना की, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्वाचित शासन की बहाली के बावजूद स्थिति अपरिवर्तित बनी हुई है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि सरकार छह महीने में अपने सभी वादे पूरे कर देगी, लेकिन कम से कम उन वादों को पूरा करने की दिशा में प्रयास तो दिखने चाहिए–जो कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा विधायकों के साथ शक्तियों के हस्तांतरण के बारे में



■ **पीडीपी प्रमुख ने अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर किया कटाक्ष**

बुलाई गई बैठक का हवाला देते हुए जो पहले एलजी प्रशासन के अधीन थी, मुफ्ती ने सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार दिहाड़ी मजदूरों की दुर्दशा जैसी सार्वजनिक शिकायतों को दूर करने की तुलना में शक्तियों के हस्तांतरण के बारे में अधिक चिंतित है।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में डॉ. फारूक अब्दुल्ला की कथित भूमिका पर रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुफ्ती ने कहा कि यह नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा के बीच एक राजनीतिक गठबंधन को उत्प्रेरित करने का एक प्रयास है। पीडीपी अध्यक्ष ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला पर विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक पर चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने विधेयक के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा, बल्कि संसद में इसे पेश करने वाले केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

## सार संक्षेप

### मोदी ने चन्द्र बाबू नायडू को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और राज्य के विकास के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि मेरे अच्छे मित्र और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू गारू को हार्दिक शुभकामनाएं। यह सराहनीय है कि वे भविष्य के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आंध्र प्रदेश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

### गुना एसपी का तबादला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में हाल ही में हुयीं हिंसक घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में शनिवार देर रात आदेश जारी किए गए। सिन्हा को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इंदौर में पदस्थ पुलिस उपायुक्त अंकित सोनी को गुना के नए एसपी के रूप में पदस्थ किया गया है।

### चंवर के पानी में डूबकर बच्चा सहित दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में चंवर के पानी में डूबकर एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जटुआ गांव निवासी ओमप्रकाश राय की पुत्री सोनाली कुमारी एवं भूपेंद्र महतो का पुत्र रूपेश कुमार खेलने के दौरान गांव के समीप से गुजर रहे चंवर के पानी में चला गया। जहां गहरे पानी में चले जाने से उन दोनों की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### यूएई में भारतीय वायुसेना करेगी युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश-1 में अपने जौहर व रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना प्रवक्ता ने बताया, वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने को संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायु सेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन व अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं।

## जेईई मेन्स सेशन-2 के टॉपर से मिले ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जेईई मेन्स 2025 के सत्र 2 परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी हुआ। कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बेहरा से मुलाकात की और बधाई दी। स्पीकर ओम बिरला ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्र को बधाई देते हुए वीडियो शेयर किया।



■ **ओमप्रकाश को ऐतिहासिक उपलब्धि की दी बधाई**

पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कोटा में अध्ययनरत ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन्स 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। उन्हें इस गौरवपूर्ण सफलता पर शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम और अनुशासन की मिसाल है, बल्कि कोटा की शैक्षणिक संस्कृति की भी सजीव अभिव्यक्ति है। उन्होंने आगे लिखा, इस सफलता के पीछे ओमप्रकाश के माता–पिता का त्याग और समर्पण विशेष रूप से प्रेरणादायक है। ओमप्रकाश, उनके माता–पिता, शिक्षकों और कोटा की शिक्षण संस्थाओं को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने, यही कामना है। जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी ढेर सारी शुभकामनाएं। बता दें कि रविवार को जारी रिजल्ट में 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में छिपाई जा रहा सच्चाई : अधीर रंजन

■ **ममता बनर्जी सरकार व केंद्र की भाजपा सरकार पर बोला हमला**

**बहरामपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। चौधरी ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में गोलीबारी और हिंसा में कई लोग घायल हुए, अस्पताल मरीजों से भरे हैं, लेकिन राज्य सरकार और पुलिस इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई को छुपाया जा रहा है, लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चौधरी ने आगे कहा कि दंगों की परिभाषा अलग है। यहां प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस को इतनी बड़ी घटना का जरा भी अंदाजा नहीं था। इससे राज्य पुलिस की कार्यप्रणाली उजागर हो गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा



**ममता सरकार की कार्यप्रणाली उजागर : अधीर रंजन चौधरी**

और आरएसएस की पकड़ मजबूत हो रही है, तो इसके लिए उन्हें ममता बनर्जी को धन्यवाद देना चाहिए। चौधरी ने दावा किया कि ममता के शासन से पहले भाजपा और आरएसएस की राज्य में कोई खास ताकत नहीं थी। उन्होंने न्यायपालिका के भगवाकरण की कोशिशों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी। चौधरी ने भाजपा आलाकमान से अपने नेताओं पर नियंत्रण रखने की मांग की और कहा कि संविधान का मजाक उड़ाने वालों का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। इसके अलावा, चौधरी ने सीपीएम की ब्रिगेड रैली पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सीपीएम की रैली पूरी तरह सफल होनी चाहिए। बंगाल में कांग्रेस और सीपीएम के बीच कई बार विवाद और संघर्ष हुए हैं, लेकिन सीपीएम ने कभी सांप्रदायिक राजनीति नहीं की।

### सत्तारूढ़ पार्टी संविधान में नहीं करती विश्वास

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणियों पर भी चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी संविधान में विश्वास नहीं करती, यह उनके बयानों से साफ है। लोग अभी भी पुलिस और प्रशासन की तुलना में न्याय व्यवस्था पर ज्यादा भरोसा करते हैं। अगर केंद्र चाहता है कि न्यायपालिका उनके इशारों पर चले, तो देश का भविष्य क्या होगा।

## धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन करेंगें चंपई सोरेन

**जमशेदपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपई सोरेन ने आदिवासियों के धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में रविवार को आयोजित आदिवासी महासम्मेलन को



संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रकृति पूजक आदिवासी समाज को खत्म करने का षड्यंत्र चल रहा है। उन्होंने धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण के दायरे से बाहर करने की मांग करते हुए कहा कि जिन लोगों ने आदिवासी समाज की पूजा पद्धति, परंपराओं और आस्थाओं का त्याग कर दिया है, वे आदिवासी के नाम पर संविधान प्रदत्त अधिकार कैसे ले सकते हैं। भारत जाकात माझी परगना महाल और आदिवासी सावंता सुसार अखाड़ा नामक संगठनों की ओर से आयोजित महासम्मेलन में कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न हिस्सों से आए आदिवासियों ने भाग लिया।

# बांग्लादेश में हिन्दू नेता भबेश चंद्र रॉय की हत्या निंदनीय : माकपा



**अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाने की**

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एमए बेबी ने बंगलादेश में हिन्दू नेता भबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा की है। कॉमरेड बेबी ने कहा कि यह खेदजनक है कि अंतरिम सरकार के विभिन्न आश्वासनों के बावजूद बांग्लादेश के सामाजिक ताने–बाने को नष्ट करने पर आमादा इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में सक्षम नहीं है।

बंगलादेश में लोकतांत्रिक ताकतों पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाए और ऐसी साजिशों को पूरी तरह से विफल किया जाए। माकपा नेता ने कहा कि भारत के लोगों, खासकर पड़ोसी राज्यों के लोगों को सतर्क रहना चाहिए। साथ ही भारत में दक्षिणपंथी हिंदुत्ववादी ताकतों के प्रयासों को विफल करना चाहिए जो बांग्लादेश में इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं का फायदा उठाकर अपने सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि बंगलादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता भबेश चंद्र रॉय (58) की हत्या कर दी।

### रॉय की हिंदू समुदाय में थी बड़ी पकड़

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रॉय का गुरुवार दोपहर को उनके घर से अपहरण कर लिया गया और पीट-पीटकर उन्हें मार डाला गया। रॉय बंगलादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वह ढाका से 33 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। चश्मदीदों के मुताबिक, श्री रॉय को पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने उनको बेहोशी हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की रहस्यमयी मौत

**बेंगलुरु,**20 अप्रैल (एजेंसियां)। बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित आवास में कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई। वह 1981 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उन्हें चाकू से गोदकर मारा गया है। पुलिस के अनुसार, उनका शव तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर मिला, जिस पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस को सबसे पहले सूचना उनकी पत्नी पल्लवी ने दी। इसके बाद साउथ ईस्ट डिवीजन के पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।



पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट जॉन अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, ओम प्रकाश ने कुछ समय पहले अपनी जान को खतरा होने की बात कही थी।

# शिवराज चौहान ने ओबीसी के साथ किया पाप : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ओबीसी आरक्षण और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित अत्याचार को लेकर मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ओबीसी समुदाय के 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं करना चाहती और पीछे के रास्ते से इसे रोक रही है। पटवारी ने कहा कि चाहे पुलिस भर्ती हो या सब–इंजीनियर की, सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगा दी है। पटवारी ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि 18 साल तक ओबीसी वर्ग ने शिवराज को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन उन्होंने ओबीसी के साथ पाप किया। पिछले डेढ़ साल से मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और अब वह भी इस पाप के भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार कोर्ट का हवाला देती है,



■ **ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा को घेरा**

लेकिन उनके वकील प्रशांत सिंह मामले में सही तरीके से पक्ष नहीं रखते, जिससे आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा।

पटवारी ने घोषणा की कि वह मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि जातिगत जनगणना कराई जाए और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो ओबीसी महासभा के साथ मिलकर कांग्रेस कोर्ट से लेकर सड़क तक संघर्ष करेगी।

**संकट** *जम्मू-कश्मीर में लगातार संकट की चेतावनी दे रहे बागवानी विशेषज्ञ*

# चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। गुलाम नबी भोर में अपने बगीचे में टहल रहे थे, बर्फ की चादर और फटी हुई गुलाबी पंखुड़ियों पर बूटों की खड़खड़ाहट थी। कुछ ही घंटे पहले, उनके सेब के पेड़-नाजुक सफेद फूलों से लदे-फूल रहे थे- बंपर फसल का वादा कर रहे थे। फिर आसमान में तूफान आ गया।

ऐसा लग रहा था जैसे पत्थर बरस रहे हों, नबी ने टूटी शाखाओं और नंगी टहनियों की ओर इशारा करते हुए कहा। एक तूफान और मेरे परिवार की साल भर की कमाई...चली गई। यह कश्मीर का सेब का कटोरा शोपियां है, जहां 80 परसेंट परिवार बागों पर निर्भर हैं। लेकिन बेरहम ओलावृष्टि ने केलर, ट्रेंज और पहनू जैसे गांवों को तबाह कर दिया, जो सबसे खराब समय पर हुआ। खिलने का चरम मौसम। सेब के पेड़ों के लिए, फूल बच्चे होते हैं, वह अवस्था जब फूल फल में बदल जाते हैं। नुकसान बहुत गहरा है।



■ **कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी बनी चुनौती**

बाग युद्ध के मैदान जैसे लग रहे हैं। कलियां टूट गई हैं, शाखाएं टूट गई हैं, जमीन पर बर्फ जम गई है। जिन किसानों ने खाद और स्प्रे पर हफ्तों और हजारों रुपए खर्च किए, अब उनका नुकसान करोड़ों में है।

62 वर्षीय फारूक अहमद ने एक पेड़ के पास घुटने टेकते हुए कहा था कि हमारे यहां पहले भी तूफान आए हैं, लेकिन कभी भी फूल खिलने के दौरान नहीं। अगर कुछ फल उगते भी हैं, तो वे विकृत हो जाएंगे। बाजार में उनकी कोई कीमत नहीं होगी। बागवानी विशेषज्ञ लगातार संकट की चेतावनी दे रहे हैं। चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। फफंद नाशकों का तत्काल छिड़काव न किए जाने पर अगले साल भी विकास में कमी आ सकती है। लेकिन कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी है। नबी ने पूछा, तांबे पर आधारित स्प्रे मदद कर सकते हैं, लेकिन हमें कौन बता रहा है कि कैसे? तूफान ने मौसम से भी गहरी दरारें उजागर कर दीं। फसल बीमा? अधिकांश किसान उपहास करते हैं। पीएमएफबीवाय जैसी सरकारी योजनाओं के बावजूद, यहां बहुत कम लोग नामांकन कराते हैं।

फारूक ने कहा कि पिछले साल, मेरे पड़ोसी ने दावे के लिए आठ महीने इंतजार किया। उसे 5 लाख रुपये के नुकसान के बदले 5,000 रुपये मिले। क्यों परेशान होना? कर्ज एक और समस्या है। कई उत्पादक जम्मू और कश्मीर बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण पर निर्भर हैं। लगातार जलवायु आपदाओं के बाद, पुनर्भुगतान असंभव है। नबी ने कहा कि मैंने स्प्रे और श्रमिकों के लिए 8 लाख लिए थे। अब, सेब नहीं, तो पैसे भी नहीं। बैंक रोजाना फोन करता है। मैं उन्हें क्या बताऊं। डा. जहूर अहमद, एक बागवानी विशेषज्ञ जो नियमित रूप से किसानों को सलाह देते हैं, अधिकारियों से शोपियां को संकटग्रस्त क्षेत्र घोषित करने, ऋण रोकने और सहायता को तेज करने का आग्रह करते हैं।

बिलासपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# न्यायपालिका, मुख्य न्यायाधीश, संविधान और लोकतंत्र की अवमानना

भारत के लोकतंत्र और संविधान पर सत्तारुढ़ भाजपा की तरफ से लगातार प्रहार हो रहे हैं। कभी विपक्ष तो कभी न्यायपालिका इन प्रहारों के सामने ढाल बनकर खड़े हो रहे हैं, ताकि भारत की इस अनमोल धरोहर को बचाकर रखा जाए। लेकिन अब भाजपा ने विपक्ष के साथ-साथ न्यायपालिका को भी अपनी नफरती सोच और जुबान का निशाना बनाया है। बीते गुरुवार भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शीर्ष अदालत पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि ''हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें।...समय आ गया है जब हमारी तीन संस्थाएं - विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका फूलें-फलें... किसी एक की ओर से दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप चुनौती पैदा करता है, जो अच्छी बात नहीं है।'' श्री धनखड़ ने यह टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय के 'तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल' फ़ैसले की आलोचना करते हुए की थी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल करके वर्षों से लंबित 10 विधेयकों को राष्ट्रपति की 'अनुमति प्रदान की गई' मानकर पारित कर दिया। हालांकि श्री धनखड़ की इस टिप्पणी का एक कारण वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के सरकार से सवाल भी हो सकते हैं। क्योंकि इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्र सरकार से ऐसे सवाल किए जो भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं।

जगदीप धनखड़ की टिप्पणी के बाद झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शीर्ष अदालत और मुख्य न्यायाधीश पर बेहद गंभीर आरोप लगाए, उन्होंने कहा कि, च्देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट ज़िम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है। अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना है, तो संसद और विधानसभा का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए।ज्‌ इसके साथ ही उन्होंने कहा, च्इस देश में जितने गृह युद्ध हो रहे हैं उसके ज़िम्मेदार केवल चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया संजीव खन्ना साहब हैं।ज्‌ इसके बाद भाजपा के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देशित नहीं कर सकता है।

भाजपा के दो-दो सांसदों ने सीधे सर्वोच्च न्यायालय की ईमानदारी, लोकतंत्र और संविधान के लिए प्रतिबद्धता और एकनिष्ठता पर सवाल उठाए, लेकिन भाजपा ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इन दोनों पर कोई कार्रवाई नहीं की है, न ही प्रधानमंत्री या गृहमंत्री की तरफ से कोई खेद का वक्तव्य आया है। क्योंकि निशिकांत दुबे ने अगर सीजेआई संजीव खन्ना पर गृहयुद्ध भड़काने का आरोप लगाया है, तो उन्हें इसके सबूत देने चाहिए कि देश के कौन से हिस्से में उन्होंने गृहयुद्ध देखा है और गृहमंत्री, प्रधानमंत्री को यह गृहयुद्ध क्यों नहीं दिखा, अगर दिखा तो इसे रोकने के लिए उन्होंने क्या किया।

जाहिर है निशिकांत दुबे ने भाजपा आलाकमान के संरक्षण में ही ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं, हालांकि इस पर विपक्ष ने जब जवाबी हमले शुरु किए तो भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सफाई आ गई कि पार्टी का इस बयान से कोई लेना देना नहीं है। जेपी नड्डा ने एक्स पर इसको लेकर लिखा, च्बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ़ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेनाङ्कदेना नहीं है. यह इनका व्यक्तिगत बयान है, लेकिन बीजेपी ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है. बीजेपी इन बयान को सिरे से खारिज करती है.ज्‌

उन्होंने लिखा, च्भारतीय जनता पार्टी ने सदैव ही न्यायपालिका का सम्मान किया है, उनके आदेशों और सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है क्योंकि, एक पार्टी के नाते हमारा मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सहित देश की सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं तथा संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार स्तंभ हैं. मैंने इन दोनों को और सभी को ऐसे बयान ना देने के लिए निर्देशित किया है।ज्‌

लेकिन श्री नड्डा के इस निर्देश के कुछ देर बाद निशिकांत दुबे का एक और बयान आ गया, जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाय कुरैशी को च्चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्तज्‌ क़रार दिया और लिखा, च्आपके कार्यकाल में संथालपरगना में मतदाता सूची में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया।ज्‌ दरअसल एस वाय कुरैशी ने भी वक्फ संशोधन अधिनियम की आलोचना की थी, जिस पर निशिकांत दुबे ने बेतुके आरोप उन पर लगाए।

दरअसल ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में भाजपा के मनमुताबिक माहौल नहीं बना, तो भाजपा बौखला गई है। भाजपा यह समझना नहीं चाहती कि कोई भी राजनैतिक दल चाहे कितना भी शक्तिशाली हो या उसे बड़ा बहुमत मिला हो, लेकिन उसे भारत के लोगों के मौलिक अधिकारों के हनन का अधिकार नहीं मिल सकता। अगर सरकार ऐसा करती है तो फिर संविधान का अभिरक्षक होने के नाते सर्वोच्च न्यायालय का काम उसे रोकना है। इस समय शीर्ष अदालत इसी कर्तव्य को निभा रही है। बुलडोजर न्याय से लेकर नफरती भाषण, इलेक्टोरल बॉंड, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली, राज्यपालों द्वारा शक्ति का दुरुपयोग ऐसे कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की कसौटी पर मुद्दों को परख कर फैसले दिए। वक्फ संशोधन अधिनियम में भी वह यही काम कर रहा है। जानकारों की राय में यह क़ानून 'समानता का अधिकार', 'धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार' और संस्कृति व शिक्षा संबंधी अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये सभी अधिकार संविधान में मूल अधिकारों की श्रेणी में आते हैं। अल्पसंख्यक समुदाय इन्हीं अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत गया है, जिससे सरकार असहज हो रही है। याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने और क़ानून को प्रथम दृष्टया देखने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश वाली पीठ ने इस क़ानून के अनुपालन पर 5 मई को होने वाली अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। बीते बुधवार और गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा है कि सदियों पुराने 'वक़्फ़ बाय यूजर' के लिए पीड़ित पक्ष दस्तावेज कहाँ से लाएगा। न्यायालय ने समानता के अधिकार का हवाला देते हुए यह भी पूछा है कि जब मन्दिर के न्यासों में मुसलमान नहीं हो सकते तो वक़्फ़ बोर्ड में हिंदुओं को किस आधार पर जगह दी गई है?

इन्हीं सवालों पर भाजपा ऐसी बौखला गई है कि विपक्ष के बाद अब उसने सर्वोच्च न्यायालय को निशाने पर ले लिया है। अगर अदालत सरकार की मर्जी के हिसाब से चलती तो फिर निशिकांत दुबे ऐसे वक्तव्य नहीं देते। अब देखना ये है कि क्या निशिकांत दुबे पर कोई कड़ी कार्रवाई भाजपा करती है, या श्री मोदी ने अपने विरोधियों को निशाने पर लेने के लिए श्री दुबे के कंधों का इस्तेमाल किया है।

# न्यायपालिका को भी मीडिया की तरह गोदी में चाहते हैं!

प्रतिक्रियावाद का यह पुराना तरीका है। करो खुद आरोप दूसरे पर लगा दो। प्रतिक्रियावाद दक्षिणपंथ पाखंड पर ही चलता है। मूल उद्देश्य होता है लोगों को बेवकूफ बनाकर अपना काम निकालना। इसके लिए वे कुछ भी कह सकते हैं। किसी पर भी कोई भी आरोप लगा सकते हैं।

ताजा उदाहरण है निशिकांत दुबे का। न्यायपालिका पिछले कुछ समय से काफी दब कर काम कर रही है। लेकिन शिकायत यह है कि वैसी जी हुजुरी में नहीं आ रही जैसी मीडिया आ गई है। बीच-बीच में कुछ फैसले अपनी साख बचाने के लिए दे देती है। हालांकि इससे सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ता मगर इतना सिर उठाना भी वह बर्दाश्त नहीं करती। फासिज्म तानाशाही यही है। लोकतंत्र से चुनकर आकर लोकतंत्र को सीमित करने की कोशिश। नाम संविधान का लेना, सिर पर लगाना। लेकिन काम उसके ठीक विपरीत करना और आरोप दूसरों पर लगा देना।

हिंसा, क्रूरता, असत्य बोलना और पाखंड यह कि प्रचार करना कि वह करता है। इसे कई बार हम सास दृष्टि या बाराती मानसिकता भी कहते हैं। सास से मतलब महिला नहीं पूरी ससुराल जिसमें पुरुष भी आते हैं जो उस सोच के हों। वे हर आरोप बहू पर मढ़ते रहते हैं। उद्देश्य वही होता है और दबो! ऐसे ही दूसरी हमारे यहां सबसे खराब मानसिकता होती है बारात की। अच्छा भला आदमी भी बारात में बाराती बन जाता है। उसके अंदर का दुष्ट भाव पूरी तरह निकल कर सामने आ जाता है कि यह है तो क्यों है? और यह नहीं है तो क्यों नहीं है? और झुको!

निशिकांत दुबे के जरिए भाजपा यही करवा रही है। सुप्रीम कोर्ट पर हमला और व्यक्तिगत रूप से चीफ जस्टिस संजीव खन्ना पर जब लगा कि मैसेज गलत चला गया तो भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी को इससे दूर कर लिया। और निशिकांत दुबे जिनका उपयोग इन दिनों भाजपा सर्वाधिक कर रही है तत्काल दूसरे और असली मुद्दे पर आ गए।

इस बार उन्होंने वही खेल खेला है जो मोदी जी 11 सालों से खेल रहे हैं। मुस्लिम को निशाना बनाना। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को मुस्लिम आयुक्त बोला। मुस्लिम को निशाने पर रखना। हमेशा संदेह के घेरे में। कोशिश वही कि दूसरे समाज में नफरत बढ़े। कितने आश्चर्य की बात है कि इतने सारे विशेषणों से युक्त मोदी जी जिनमें विश्व गुरु का तमगा भी है 11 साल में भी जीत का कोई सभ्य, सुन्दर दुनिया में प्रचारित करने वाला मॉडल नहीं ढूंढ पाए। वही नफरत भरा विभाजन का तरीका इस्तेमाल किए जा रहे हैं। बांटो और राज करो। हिन्दू-मुसलमान, हिन्दू-मुसलमान!

एसवाई कुरैशी हों या परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद या कोई भी उर्दू नाम वाला या खुद उर्दू ही इनके लिए सब सिर्फ मुस्लिम हैं और मुस्लिम मतलब शक के दायरे में। उर्दू पर याद आया उर्दू शब्द के इस्तेमाल तक पर सवाल उठाने लगे हैं। एक बड़ी खूबसूरत नज्म में कहा गया है कि 'मैंने तो कभी खुद को मुसलमां नहीं माना!' उर्दू पर लिखी इकबाल अशहर की इस नज्म में कहा गया है कि 'क्यों मुझ को बनाते हो तअस्सुब का निशाना, मैंने तो कभी खुद को मुसलमां नहीं माना!' तअस्सुब मतलब भेदभाव।



शकील अख्तर

> फिलहाल तो अमेरिका से भारतीय स्टूडेंट निकाले जा रहे हैं। उनके वीजा रद्द किए जा रहे हैं। अमेरिका ने जिन विभिन्न देशों के स्टूडेंट के वीजा रद्द किए हैं उन कुल 327 में से आधे भारतीय हैं। बाकी आधे में बहुत सारे देशों के स्टूडेंट हैं। शायद इसमें भी गर्व कर लें कि पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी अकेले हमारी है। बाकी पचास में पूरी दुनिया है।

खैर इनकी जो सियासत है, नफरत फैलाने की लोगों को बांटने की वह कब तक चलेगी और देश को कितना फायदा पहुंचाएगी यह देखने की बात है। भाजपा या मोदी तो यह समझते हैं कि उन्हें सत्ता में बने रहने का अचूक फार्मूला मिल गया है और वे स्थायी रूप से इस पर काबिज रहेंगे।

शुभकामनाएं! और क्या कह सकते हैं। उन्हें आता ही वह है। बस देखना यह है कि देश कितनी तरक्की करता है। खुद ही खुद को विश्वगुरू कहने से विदेशों में मान कितना बढ़ता है। फिलहाल तो अमेरिका से भारतीय स्टूडेंट निकाले जा रहे हैं। उनके वीजा रद्द किए जा रहे हैं। अमेरिका ने जिन विभिन्न देशों के स्टूडेंट के वीजा रद्द किए हैं उन कुल 327 में से आधे भारतीय हैं। बाकी आधे में बहुत सारे देशों के स्टूडेंट हैं। शायद इसमें भी गर्व कर लें कि पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी अकेले हमारी है। बाकी पचास में पूरी दुनिया है। लोगों का जहन इतना छोटा समझ लिया है कि उन्हें किसी भी बात पर गर्व करने को कह दो समझते हैं वह कर लेंगे। गोबर पर भी! हथकड़ी बेड़ी लगाकर भारत भेजने पर भी। सामने प्रधानमंत्री को बिठाकर भारत का अपमान करने पर भी। किसी पर भी गर्वित हुआ जा सकता है। इस हीनता बोध ( इनफियरटी काम्प्लेक्स) का कोई इलाज नहीं है। इसी के कारण रोज नेहरू का कद छोटा करने की कोशिश होती है। इन्दिरा गांधी और अब राहुल की भी।

मगर राहुल इन सब दौर से निकल चुके हैं। अब उन पर इन तानों, उपहासों, कद कम करने की कोशिश का कोई असर नहीं होता। इसलिए अब उनकी गिरफ्तारी का जाल फैलाया गया है। नेशनल हेराल्ड मामले जिस में एक पैसे का भी यहां से वहां लेन-देन नहीं हुआ उसमें ईडी काला धन ढूंढ रही है। मनी लांड्रिंग। खुद अपनी कही बात भूल जाते हैं। कहा तो यह था कि टेम्पों में भर-भर कर नोट कांग्रेस कार्यालय पहुंच रहे हैं। कार्रवाई उस पर करना थी। मगर आजादी का नाम भी मिटाना है। इसलिए उसकी लड़ाई लड़ने वाले नेशनल हेराल्ड को बदनाम किया जा रहा है। नेहरू का वह अख़बार जिसने पूरी दुनिया के सामने आजादी के आन्दोलन की सही तस्वीर रखी। जैसा आज गोदी मीडिया है उस समय भी था।

अंग्रेजों के सारे काले कारनामों को गोरा बनाता था। ठीक आज की तरह। उस समय नेहरू ने वह अख़बार निकाला जो आजादी के आन्दोलन का परचम बन गया। आज तो वह उसकी छाया भी नहीं है। क्या लिखता है क्या नहीं खुद राहुल, सोनिया को भी पता नहीं है। अभी जब अहमदाबाद में राहुल संघ के अखबार आर्गनाइजर का ज़िक्र कर रहे थे। तो हमने लिखा था कि राहुल को आर्गनाइजर के बारे में तो मालूम है क्या लिखता है मगर क्या अपने अख़बार नेशनल हेराल्ड के बारे में भी कुछ पता है?

खैर वह समस्या कांग्रेस में हर स्तर पर है। राहुल मेहनत बहुत करते हैं। सबसे बड़ा गुण। डरते नहीं हैं। इस बुरे समय में जब खुलकर कहा जाता है कि डरना तो चाहिए! हरेन पंड्या से लेकर जज लोया तक के उदाहरण दिए जाते हैं तब कोई एक आदमी हिम्मत से खड़ा रहता है तो यह बड़ी बात है। अंग्रेजों के टाइम में बहुत अत्याचार होते थे। मगर टारगेट किलिंग नहीं होती थीं।

एनकाउंटर, बुलडोजर की धमकियां नहीं होती थीं। अभी खुलेआम समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। ऐसे में राहुल, अखिलेश, तेजस्वी यादव का डटे रहना निश्चित ही रूप से बड़ी बात है। लोकतंत्र के लिए बड़ी उम्मीद है और यह उम्मीद टूटे जनता उसी निराशा में रहे। पांच किलो मुफ्त अनाज ही उसके जीवन का उद्देश्य बन जाए इसलिए उसे हिन्दू-मुसलमान से बाहर सोचने नहीं देते हैं। जो इसके खिलाफ बोलता है उसके खिलाफ ही एक झूठी कहानी शुरू कर देते हैं।

अदालतों ने तो अभी बलात्कार की दोषी खुद लड़की, नाड़ा तोड़ना, कपड़े उतारने की कोशिश यहां तक कि प्राइवेट पार्ट छूने की कोशिश को भी बलात्कार का प्रयास नहीं माना। ऐसे जाने कितने फैसले हैं जो 11 साल पहले नहीं आ सकते थे। खुद चीफ जस्टिस आफ इन्डिया चन्द्रचूड़ ने कहा कि हम विपक्ष नहीं हैं। किसने पूछा था? खुद ही सफाई। क्या मतलब? सत्ता पक्ष हैं और इसीलिए अपने फैसलों के लिए कहते हैं कि वह भगवान ने लिखवाया। सुप्रीम कोर्ट के जज अपना डर लेकर मीडिया के सामने आए। कहा सुप्रीम कोर्ट खतरे में है। लोकतंत्र कैसे बचेगा? बड़ी लड़ाई है। लोकतंत्र बचाने की। संविधान बचाने की। उनके हमले भी तेज हैं। रोज नया तरीका लाते हैं। विभाजन की शक की खाई को बढ़ाने का। खाइयों से देश कैसे बनता है पता नहीं! डूबने का गिरने का खतरा होता है यह सबको पता है। इतिहास यही कहता है! बाकी तो वे जानें जिनके हाथ में सत्ता है। और वे समझते हैं कि हमेशा रहेगी अनादि काल तक!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# चीन के बाद अब बांग्लादेश का रूख रूस, अमेरिका और पाकिस्तान की ओर

**■ नित्य चक्रवर्ती**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस इस समय दो महाशक्तियों समेत दुनिया के प्रमुख देशों से सफलतापूर्वक संपर्क साधकर अपनी कूटनीतिक जीत के बीच हैं। इस साल मार्च के आखिरी हफ्ते में बीजिंग की अपनी यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पूरा समर्थन हासिल करने में बड़ी सफलता मिलने के बाद डॉ. यूनुस ने गुरुवार 17 अप्रैल को दो महत्वपूर्ण विदेशी प्रतिनिधि मंडलों का स्वागत किया- एक पाकिस्तान से और दूसरा अमेरिकी सरकार से। रूसी नौसेना का तीसरा सैन्य प्रतिनिधि मंडल चार दिवसीय यात्रा पर चटगांव में है। हाल के दिनों में ढाका में कूटनीतिक गतिविधियों की ऐसी हलचल कभी नहीं देखी गयी।

सबसे महत्वपूर्ण यात्रा अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल की है, जिसका नेतृत्व विदेश विभाग में दक्षिण एशिया मामलों की उप सचिव निकोलचुलिक कर रही हैं। इस वर्ष 20 जनवरी को राष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद ट्रंप-2 शासन से यह पहला उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल था। इससे पहले ट्रंप ने इस वर्ष फरवरी में यह आभास दिया था कि वह बांग्लादेश के मामले में अपने 'मित्र' नरेंद्र मोदी के विचारों को मानेंगे, लेकिन इंटेल प्रमुख तुलसी गबार्ड की रिपोर्ट और पिछले महीने डॉ. यूनुस की बीजिंग यात्रा के बाद हुई चीन-बांग्लादेश की दोस्ती से स्थिति बदल गयी है।

> अमेरिका का दक्षिण एशिया विभाग बांग्लादेश पर अपनी भावी नीति के बारे में अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना आकलन कर रहा है और ट्रंप के 'प्रिय मित्र' नरेंद्र मोदी के विचारों को ज्यादा महत्व नहीं दे रहा है। अमेरिका भी बांग्लादेश में अपने अनुकूल चुनाव के बाद नयी सरकार बनाने में उतना ही इच्छुक है, जितना चीन कोशिश कर रहा है।

अमेरिका का दक्षिण एशिया विभाग बांग्लादेश पर अपनी भावी नीति के बारे में अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना आकलन कर रहा है और ट्रंप के 'प्रिय मित्र' नरेंद्र मोदी के विचारों को ज्यादा महत्व नहीं दे रहा है। अमेरिका भी बांग्लादेश में अपने अनुकूल चुनाव के बाद नयी सरकार बनाने में उतना ही इच्छुक है, जितना चीन कोशिश कर रहा है। अमेरिका जानता है कि चीन ढाका में राजनीतिक खेल में बहुत आगे है और सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में उसके समर्थक हैं।

डॉ. यूनुस से बातचीत के अलावा प्रतिनिधि मंडल ने सभी प्रमुख पार्टियों, बीएनपी, जमात और छात्र संगठन नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की नयी गठित पार्टी से बातचीत की। बीएनपी ने इस साल दिसंबर से पहले चुनाव कराने की मांग की, जबकि जमात अगले साल की शुरुआत में चुनाव चाहती थी। केवल एनसीपी ने कहा कि चुनाव उनके प्रस्तावित सुधार उपायों जैसे चुनावी कानूनों और संविधान में बदलाव के लागू होने के बाद कराये जाने चाहिए।

अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल अवामी लीग के किसी समूह से मुलाकात करेगा। लेकिन ढाका में अमेरिकी दूतावास के अधिकारी अवामी लीग के कुछ नेताओं के संपर्क में हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं होगी कि अमेरिकी दल के ढाका से रवाना होने से पहले एएल नेताओं के साथ एक मुलाकात यात्रा आयोजित की जाये।

जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की विदेश सचिव अमीना बलूच की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना की तेज गति को जारी रखने का ही एक तरीका है, जो पिछले साल 5 अगस्त को हसीना सरकार के गिरने और 8 अगस्त को डॉ. यूनुस के अंतरिम प्रमुख बनने के तुरंत बाद शुरू हुआ था। एफओसी15 साल बाद होने वाली कूटनीतिक बातचीत है। इसका मतलब यह है कि हसीना के पिछले 15 साल के शासन के दौरान पाकिस्तान के साथ ऐसी कोई बैठक नहीं हुई थी।

स्टेट गेस्ट हाउस पद्मा में आयोजित एफओसी में विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने बांग्लादेश की ओर से नेतृत्व किया, जबकि अमीना बलूच ने पाकिस्तानी प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गयी और दोनों पक्षों ने संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने का फैसला किया। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार जो विदेश मंत्री भी हैं, 27-28 अप्रैल को डॉ. यूनुस के साथ चर्चा करने के लिए ढाका का दौरा करने वाले हैं।

पिछले आठ महीनों में डॉ. यूनुस ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ दो बार द्विपक्षीय वार्ता की है- पहली बार पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 बैठक में। बांग्लादेश के लिए, चटगांव बंदरगाह पर रूसी नौसेना के प्रतिनिधि मंडल की वर्तमान यात्रा कूटनीतिक रूप से भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। रूस बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में कोई महत्वपूर्ण खिलाड़ी नहीं रहा है, जहां लड़ाई मुख्य रूप से चीन और अमेरिका के बीच है, जहां भारत, जो पहले बड़ा भाई था, पीछे से लड़ाई को देख रहा था, अमेरिका की चालों पर कम उम्मीदें लगा रहा था। डॉ. यूनुस ने रूसियों को आमंत्रित करके उन्हें बहुत महत्व दिया है। रूसी जहाज चार दिवसीय सद्भावना यात्रा पर हैं। उनके आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। तीन रूसी युद्धपोतों की यात्रा सहित रूसी नौसेना प्रतिनिधि मंडल की इस यात्रा से पहले बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकरउजज़्मान ने मास्को का दौरा किया और रूसी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत हुई।

वर्तमान में, बांग्लादेश 80 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण चीन से आयात करता है। यह रक्षा आपूर्ति हसीना सरकार के दिनों से जारी है क्योंकि चीन ने तब उत्पादों के लिए सस्ती कीमतों की पेशकश की थी। रूस बांग्लादेश को अनुकूल कीमतों पर आपूर्ति करने में रुचि रखता है। बांग्लादेश अपनी सैन्य आपूर्ति में विविधता लाना चाहता है ताकि पाकिस्तान और रूस दोनों को कुछ छोटा हिस्सा मिल सके।

रूस को लुभाने का एक और पहलू भी है। वर्तमान में भारत, जो पहले रूस से हथियारों के आयात पर बड़े पैमाने पर निर्भर था, अब अपनी खरीदारी की टोकरी को अमेरिका की ओर मोड़ दिया है। रूस परेशान है, हालांकि कूटनीतिक रूप से वह भारत के प्रति दोस्ताना भाव दिखा रहा है। रूस से रक्षा उपकरणों की खरीद शुरू करके ढाका को उम्मीद है कि वह नयी दिल्ली के साथ मौजूदा मुद्दों के संबंध में मास्को को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकेगा।

## आपके पत्र

### पश्चिमी बंगाल मुर्शिदाबाद की हिंसा मानवता पर कलंक समान

अहिंसा परमो धर्मः का संदेश देने वाले भारत मे हिंसा का नग्न नाच मानवता पर कलंक है। आज मानवता रो रही है। यह घृणित कार्य है और इसकी जितनी निंदा की जाए,वह कम है। वक्फ संशोधन बिल को लेकर पूर्व नियोजित हिंसा पर निर्दोष लोगों की हत्या कर उनकी सम्पति को नष्ट किया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूकदर्शक होकर घटनाक्रम को निहार रही है। उनके राज्य कोमवादी हिंसा से देश घृणा कर रहा है। हक के लिए भारत मे हिन्दू नहीं लड़ सकता है। जिस लोकतंत्र और संविधान की बात कर हम गर्व महसूस करते हैं उसी संविधान ने हिंदुओं के लिए संरक्षण का प्राविधान क्यों नहीं दिया। देश में अराजकता फैला कर मरने मारने के लिए उतारू हो जाते हैं। उसी संविधान की दुहाई दी जाती है। लोगों पर हमले करना और उनके घरों को आग के हवाले करना राज्य सरकार की लापरवाही साबित हो रही है। राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद जाकर शांति की बहाली की इच्छा जाहिर करते कहा कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नही है। बेदवान में हिंसा और सम्पति नष्ट की गई है। कानून सुप्रीम कोर्ट बनाती है तो संसद को बंद करने की सीख दुबे ने दी है। लेकिन ऐसे बयानों को भाजपा ने किनारा करते हुए पल्ला झाड़ दिया। श्री नड्डा ने कहा कि ऐसे बयान व्यक्तिगत होते हैं पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। नेताओं को अपने बयानों पर दोबारा विचार कर बोलने चाहिए। जिस बोल से सत्य को झूठ में तब्दील भी किया जा सकता है और झूठ को सत्य से महामंडित भी किया का सकता है। उसको विस्मृत नहीं करना चाहिए। दरअसल, पश्चिमी बंगाल में हिन्दू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है। लिहाजा,पश्चिमी बंगाल में कानून व्यवस्था बिलकुल खराब है। पूरे देश में ममता बनर्जी के राज में कानून व्यवस्था को धक्का दिया जा रहा है। हिंसा पर राजनीति करने वाले दल जनता का भरोसा खोते जा रहे हैं। खिसकता जनाधार इस बात का संकेत है कि राजनीतिक दल तुष्टिकरण से ऊपर उठकर राजधर्म का पालन करनक्ष चाहिए। जिस दिन हिन्दू धर्मावलम्बी लड़ाई पर आ गए तो मुश्किल होगी। देश में सनातनी लोगों को टारगेट किया जा रहा है। मुआवजा देने में मुस्लिम परिवार का पक्ष रख रहे हैं। यह ममता की हठधर्मिता है जिसको वोटबैंक के लिए भुनाया जा रहा है।

**कांतिलाल मांडोत,,सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### वे आपसे मिलना चाहते हैं

*आप इतने पुराने पत्रकार हैं। उन्हें तब से जानते हैं जब वे राजनीति में पहला कदम रख रहे थे। आपकी राय से उन्हें कुछ न कुछ लाभ जरूर होगा।*

*- आप कह रहे हैं तो ठीक ही कह रहे होंगे, लेकिन भारतवर्ष में बहुत बड़े-बड़े पत्रकार हैं। मैं तो समझता था कि वे उनके ज्यादा काम के हैं। देखिए न, एक को उन्होंने राज्यसभा में भेजा, दूसरे को फैक्ट्री का लाइसेंस दिया, तीसरे को खदान का पट्टा, चौथे को सरकारी जमीनों पर बेजा कब्जा करने की इजाजत, पांचवें को चिटफंड चलाने दिया, छठवें को कलेक्टर-एसपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग करवाने से मालामाल किया, सातवें से पुलिस में मुखबिरी करवाई, आठवें को राजदूत बनाया, नौवें को अपना प्रेस सलाहकार, दसवें को पार्टी प्रवक्ता नियुक्त किया, ग्यारहवें को पद्मश्री। कहिए और कितना गिनाऊं।*

*-यही तो रोना है। जिन पत्तों पर तकिया था, वे पत्ते हवा देने लगे। जो उनकी शान में कल तक कशीदे काढ़ रहे थे वे अब और कुछ न मिलने की उम्मीद देखकर किनाराकशी करने लगे हैं। उनके पास तो अब ऐसी रिपोर्टें आ रही हैं कि जो उनके सामने उनके हितैषी बनते थे वे ही रात के अंधेरे में उनके विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं।*

*- तो भाई! इसमें मैं क्या कर सकता हूं। मैं तो कहीं आता-जाता नहीं। घर बैठे जितना पढ़-सुन लेता हूं उतना ही मेरा ज्ञान है। चुनावों में क्या होगा ये मैं कैसे जानूं? हां, इतना जरूर जानता हूं कि अपने कई बरसों के राज में उन्होंने जो दर्जनों क्या सैकड़ों जनहितैषी योजनाएं लागू कीं, वे अगर ठीक चली होंगी तो उसका फायदा उन्हें जरूर मिलेगा।*

*- अब आप आए मुद्दे पर। वे आपसे मिलकर शायद यही जानना चाहेंगे कि उनकी घोषणाओं, योजनाओं, कार्यक्रमों का जनता को कितना लाभ मिला और जनता उनसे कितनी खुश है। इस बारे में आप उन्हें सही-सही तस्वीर बतला सकेंगे।*

**( देशबन्धु में 25 अप्रैल 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/04/blog-post_25.html

## पावन प्रसंग

### जलवायु-परिवर्तन और आर्थिक विकास

प्रकृति ही मनुष्य के विकास का साधन है। यह दूषित हो जाए तो विनाश को रोका नहीं जा सकता है। आज की स्थिति कुछ ऐसी ही है। ग्लोबल वार्मिंग की बातें हम सालों से करते रहे हैं, पर कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट आई जिररने चौंका दिया कि ग्लोबल वार्मिंग से हो रहा जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामाजिक-आर्थिक विकास पर गहरा असर डाल रहा है।

बीती आधी सदी में इसके कारण धनी देश और भी धनी तथा गरीब देश और गरीब होते गए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को इसके कारण 31 फीसदी का नुकसान हुआ है, यानी ग्लोबल वार्मिंग का नकारात्मक असर नहीं होता तो हमारी अर्थव्यवस्था वर्तमान स्थिति से तकरीबन एक-तिहाई और ज्यादा मजबूत होती। स्पष्ट है कि हमें वातावरण का संतुलन बिगाड़ने की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

नॉर्वे का तापमान बढ़कर मानक तापमान के करीब हुआ तो उसे इसका फायदा बढ़ी वृद्धि दर के रूप में मिला। इसके विपरीत भारत जैसे गरम देश का तापमान बढ़ने की कीमत उसे आर्थिक नुकसान के रूप में चुकानी पड़ रही है। यही नहीं ग्लोबल वार्मिंग से सूडान की अर्थव्यवस्था को 36 फीसदी, नाइजीरिया को 29, इंडोनेशिया को 27 और ब्राजील की अर्थव्यवस्था को 25 फीसदी का नुकसान हुआ है।

दिलचस्प बात यह है कि ग्लोबल वार्मिंग से जिन ठंढे देशों का तापमान बढ़ा है, उन्हें इसका लाभ भी हुआ है, साफ है कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग ने जैव विविधता पर गहरी चोट की है। विशेषज्ञों के अनुसार, भोजन और ऊर्जा का उत्पादन हम जिस तरीके से कर रहे हैं, उससे प्रकृति को भारी नुकसान पहुंच रहा है। जंगलों की कटाई, खेती और पशुपालन-ग्रीनहाउस गैसों के एक-तिहाई उत्सर्जन के लिए जवाबदेह हैं। इसके अतिरिक्त कारखानों की बढ़ती संख्या, जोवाश्म ईंधनों के निरंतर उपभोग की वजह से भी हमारा पारिस्थितिकी तंत्र गंभीर संकट में आ गया है।

आज ग्लोबल वार्मिंग में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी के साथ भारत में केरल में बाढ़, उत्तराखंड में जंगल की आग और उत्तर तथा पूर्व में गरमी की लहरों जैसी घटनाएं सामने आई हैं। इससे इसकी भयावहता दिखाई दे रही है। ऐसी स्थिति से करीब 60 करोड़ भारतीयों के जोखिम में आने की संभावना है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन प्रदूषक और दूसरा सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता है, विशेषज्ञों के अनुसार, अगर हालात न सुधरे तो सन् 2050 तक भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी का करीब तीन फीसदी गंवाना पड़ सकता है। इसका असर देश की करीब आधी आबादी के जीवनस्तर पर भी पड़ेगा। यही नहीं मध्य भारत के दस जिलों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इनमें महाराष्ट्र का कुपोषित विदर्भ इलाका भी शामिल है।

आज भारत में कई ऐसे इलाके हैं, जहाँ न सिर्फ तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है; बल्कि यह भी देखने में आ रहा है कि स्थानीय आबादी, जलवायु परिवर्तनों से निपटने में सामाजिक और आर्थिक रूप से कितनी सक्षम है। करीब 15 करोड़ लोग, इन अत्यधिक संवेदनशील इलाकों में रहते हैं, अगर इन इलाकों के हालात बद से बदतर हुए तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में हजारों अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है।

पानी की बात करें तो हर घर जल योजना का लक्ष्य था- सन् 2030 तक भारत के हर घर को पेयजल मुहैया कराना। टिकाऊ विकास लक्ष्यों में यह योजना शामिल है, लेकिन अभी भी कई राज्यों के करीब 80 फीसदी ग्रामीणों के घरों में पीने के पानी की लाइन हीं नहीं है और कहीं लाइन है तो पानी प्रदूषित एवं उसकी गुणवत्ता गिरावट रही है। ल्वच्छता के संबंध में हम केवल शौचालय निर्माण में ही लगे हुए हैं।

**-अखण्ड ज्योति**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार,21 अप्रैल 2025

**उल्टा पुल्टा**

अध्यापक ने पढ़ाते हुए प्रश्न पूछा- कौन-सा हाथ लिखने के लिए सबसे अच्छा होता है?
एक छात्र ने उत्तर दिया- कोई सा भी नहीं, क्योंकि हम पेन से लिखते हैं।

## संपादकीय

### हथियारों को लेकर सावधानी बरतें

*विभिन्न कारणों से लोग लाइसेंस प्राप्त कर अपने पास हथियार रखते हैं। इनमें पिस्तौलें और राइफलें होती हैं। ज्यादातर निजी सुरक्षा के मद्देनज़र ये हथियार रखने के लाइसेंस पुलिस की अनुशंसा पर जिला प्रशासन द्वारा लोगों को जारी किये जाते हैं। कभी किसी को खतरा होता है या कोई विशिष्ट परिस्थितियों में रहता है जिसके लिये यह ज़रूरी हो जाता है।*

*लाइसेंस प्रदान करते समय इन्हें सावधानी से रखने की ताकीद दी जाती है। इसके बावजूद देखा यह जाता है कि इसके रखरखाव में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जाती है जिसके चलते हादसे होते हैं। लोग घायल होते हैं या उसके कारण मौतें तक हो जाती हैं। जो भी व्यक्ति हथियार रखते हैं उन्हें इसे रखने, उसकी सुरक्षा तथा रखरखाव के नियम ठीक से जान लेने चाहिये ताकि कोई अनहोनी न हो जाये। इसमें सबसे ज्यादा खुद लाइसेंसधारक की जान को खतरा होता है। देश भर में ऐसे कई हादसे रिपोर्ट होते हैं जिनमें सफाई करते हुए फायर हो जाता है और वे या तो ज़ख्मी होते हैं अथवा मारे जाते हैं। कई बार तो पुलिस या सुरक्षाकर्मी तक हादसों का शिकार हो चुके हैं।*

*दंतेवाड़ा में इसी तरह का एक हादसा हुआ है। अपनी पिस्तौल की सफाई के लिये तेल लेने हार्डवेयर व्यापारी देवकरण बुरड़ एक ऑटो पार्ट्स की दूकान पर गये थे। दूकान के मालिक प्रमोद तोमर पिस्तौल देखने के उत्सुक थे। जब वे उसे देख रहे थे, तभी फायर हो गया। गोली तोमर के पेट में लगी। तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया। स्थिति नाजुक देखकर जगदलपुर जिला अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया जहां गोली निकाल ली गयी पर उनकी हालत अब भी चिंताजनक बताई जाती है। पिस्तौल को जब्त कर जांच की जा रही है। दंतेवाड़ा में ही रेस्क्यू ऑपरेशन कर लौट रहे प्रधान आरक्षक विजय नाग की सर्विस राइफल गलती से तब चल गयी जब वे उसकी सफाई कर रहे थे। उन्हें इलाज कराने रायपुर लाया गया। अब उनकी हालत खतरे से बाहर है।*

*निश्चित रूप से यह लाइसेंस के नियमों के खिलाफ़ है। फिर, उसका इस प्रकार से प्रदर्शन करना खतरे से खाली नहीं। यह अक्सर देखा जाता है कि लोग हथियारों को हल्के में लेते हैं। कोई अपने बच्चों को दिखाता है या कई बार युवा या बच्चे लाइसेंसधारक की गैर मौजूदगी में उसे रखे गये स्थान से बाहर निकालते हैं। खेल-खेल में वे चला तक देते हैं जिसका कई बार कोई शिकार तक बन जाता है। आजकल हथियारों के साथ रील, वीडियो, डीपी बनाने का शौक भी लोगों को चढ़ा हुआ है। शादी-ब्याह में हवाई फायर किये जाते हैं जो किसी की जान ले लेते हैं। ऐसी कई घटनाएं होती रहती हैं। सफाई करते वक्त लोगों को, चाहे जवान हों या आमजन- सभी को बेहद सावधानी बरतनी चाहिये।*

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मृत्यु के मामले में डॉक्टर नरेंद्र विक्रम यादव एवं अपोलो प्रबंधन अब कानूनी घेरे में

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। आखिरकार अपोलो अस्पताल के फर्जी और जानलेवा डाक्टर तथा अपोलो प्रबंधन के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है ।कथित डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ मप्र में भी अपराध दर्ज किया गया है उन पर 8 लोगों के मौत का आपराधिक मामला दर्ज हो चुका है । आरोपी कथित डाक्टर को प्रयागराज से गिरफ्तार किया जा चुका है।




आवेदक डॉ प्रदीप शुक्ला पिता स्व पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला निवासी मुंगेली नाका बिलासपुर के द्वारा थाना सरकंडा में शिकायत प्रस्तुत किया गया था , कि आवेदक के पिता पंडित स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ला जो कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक थे, जिनको सांस लेने में तकलीफ होने पर उपचार हेतु दिनांक 2 अगस्त 2006 को अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था अपोलो अस्पताल बिलासपुर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के द्वारा राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का एंजियोग्राफी किया गया था। ऑपरेशन के 2 घंटे के अंदर पंडित प्रसाद शुक्ला तबीयत बिगड़ने लगा ,जिन्हें आईसीयू में भर्ती कर दिया गया ।

डॉ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव एवं अपोलो प्रबंधन के द्वारा 18 दिनों तक पंडित स्व राजेंद्र शूक्ला को आईसीयू में भर्ती कर उपचार किया गया , किंतु उनकी मौत हो गई । उनके मौत के मामले में तत्कालीन समय में लीपा पोती की गई ,अपोलो प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा से उनके उपचार में खर्च हुए 20 लाख रुपए प्राप्त किया गया है । समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव वर्तमान में डॉक्टर नरेंद्र जॉन केम के नाम पर मिशन हॉस्पिटल दमोह में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ था ,जहां मरीजों के एंजियोप्लस्टी करने से के कारण कई मरीजों की मौत हुई है।

मामले में जिला दमोह में अपराध पंजीबद हुआ है, डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव का कार्डियोलॉजिस्ट का डिग्री फर्जी पाया गया है ,डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को गिरफ्तार किया गया है ।

उपरोक्त शिकायत का जांच किया गया डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम का डिग्री फर्जी पाया गया एवं इंडियन मेडिकल काउंसिल /छ ग मेडिकल काउंसिल में पंजीयन का दस्तावेज अभी तक नहीं मिला है । अपोलो प्रबंधन के द्वारा सम्यक जांच पड़ताल किए बिना डॉ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में बिलासपुर में पदस्थापना देकर पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के साथ-साथ अन्य कई हृदय संबंधी रोग संबंधी मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया गया ।

यह मामला चिकित्सकीय लापरवाही का नहीं है बल्कि अपराधिक मानव वध का मामला है । अतः मामले में डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव एवं अपोलो अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध अप. क्र. 563/ 2025 , धारा-420, 465, 466, 468,471,304,34 आईपीसी के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# नई नवेली दुल्हन ने लगाई फांसी नहीं करना चाहती थी शादी

### 3 दिन पहले ही लिए थे सात फेरे,मौके से मिला सुसाइड नोट

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कोटा क्षेत्र में नई नवेली दुल्हन ने आत्महत्या कर ली है। शादी को तीन दिन ही हुए थे। उसके हाथों की मेहंदी भी नहीं उतरी थी और नई नवेली दुल्हन ने इतना बड़ा कदम उठा लिया कि उसने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल को ही उसकी शादी हुई थी। ससुराल से आने के बाद मायके में उसने फांसी लगा ली। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बता दें, मामला बिलासपुर के कोटा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मरने वाली दुल्हन का नाम लक्ष्मी भैना उम्र 23 वर्ष है। जो कोटा के अमाली गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी 15 अप्रैल को जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कोसा में दूल्हा दुआस भैना के साथ हुई थी। शादी के तीसरे दिन वह अपने मायके किसी रस्म के लिए पहुंची। इस दौरान उसने टायलेट में जाकर फांसी लगा ली। मौके से सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें लिखा है कि भाई को बोली थी कि वह शादी नहीं करना चाहती है।

मृतका का विवाह 15 अप्रैल को हुआ। 16 अप्रैल को लक्ष्मी भैना की विदाई हुई। वह अपने ससुराल जांजगीर-चांपा के ग्राम कोसा चली गई थी। इस दौरान उसके साथ बुआ और मामी भी गई थी। उसी शाम को मायके वाले उसे लेने के लिए जांजगीर गए। रात को उसे लेकर गांव आ गए थे। इसी दौरान रात भर अपने मायके में थी। 17 अप्रैल की सुबह वह सोकर उठी तब तक सब कुछ ठीक था लेकिन फिर वह बाड़ी के पीछे में बने टॉयलेट की तरफ गई। काफी देर तक वह वापस नहीं आयी तब परिजन उसे देखने गए। टॉयलेट के बाहर से उसे आवाज भी लगाया लेकिन कुछ जवाब नहीं मिला। तब परिजनों ने टॉयलेट के अंदर जाकर देखा तो लक्ष्मी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसे तत्काल डॉक्टर के पास लेकर जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। फिर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस जांच में जुटी है।

# पत्नी के चरित्र पर शंका,पति ने दूधवाले पर चलाया चापड़

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। शक और अविश्वास ने एक शख्स को ऐसा हैवान बना दिया कि उसने दिनदहाड़े सड़क पर एक मासूम दूधवाले पर जानलेवा हमला कर दिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है, जहां चरित्र संदेह के चलते एक पति ने खून की होली खेल दी। गंभीर रूप से घायल युवक ढ्ष्ट में ज़िंदगी और मौत से जूझ रहा है, जबकि आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।


आरोपी

घायल युवक का नाम जयपाल साहू है, जो रोज़ की तरह दूध बांटने के लिए निकला था। लेकिन उसे क्या पता था कि आज की सुबह उसके लिए कहर बनकर आएगी। रविवार की सुबह जयपाल जब मरिमाई मंदिर के पास दूध देने पहुँचा, तभी मोहम्मद मोबिन नाम का युवक अचानक उसके सामने आया और बिना कुछ बोले उस पर चापड़ से हमला कर दिया। सिर, गर्दन और शरीर पर कई वार किए गए। जयपाल वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ा। चीख-पुकार मच गई, लेकिन हमला इतना खौफनाक था कि कोई बीच-बचाव की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

स्थानीय लोगों ने किसी तरह जयपाल को सिम्स अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसे तुरंत ढ्ष्ट में भर्ती किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत बेहद नाजुक है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मोबिन की पत्नी करीब डेढ़ महीने पहले उसे छोड़कर तिफरा स्थित मायके चली गई थी। मोबिन को शक था कि उसकी पत्नी और दूधवाले जयपाल के बीच अवैध संबंध हैं। इसी शक ने उसे अंधा बना दिया और उसने खून से बदला लेने की ठान ली।

हमले के बाद मोबिन भागकर अपनी पत्नी के घर की ओर निकल पड़ा, लेकिन सिविल लाइन पुलिस को पहले ही सूचना मिल चुकी थी। समय रहते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दर्दनाक घटना ने दो परिवारों को बर्बादी की कगार पर ला खड़ा किया है। मरिमाई क्षेत्र के लोग अभी भी स्तब्ध हैं। किसी को यकीन नहीं हो रहा कि शक के चलते कोई इंसान इतना वहशी बन सकता है।

# गोंड भूपकाल विकास समिति की बैठक 23 को

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। गोंड भूपकाल विकास समिति बिलासपुर संभाग की आवश्यक बैठक 23 अप्रेल को जोरा पारा सरकंडा स्थित गोंडवाना भवन में रखी गई है इस बैठक में समिति के पुनर्गठन तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाऐगी। इस अवसर पर समिति के सचिव मुकुंद सिंह नेताम ने सभी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

### आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध पंजीबद्ध

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। बार बार मारपीट और प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे देने वाली महिला के पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । थाना पचपेड़ी अंतर्गत मृतिका ईश्वरी बाई पति गंगाराम केवट उम्र 30 वर्ष साकिन गोपालपुर थाना पचपेड़ी की मर्ग जांच पंचनामा और संपूर्ण जांच में आरोपी पति गंगाराम केवट अपनी पत्नी ईश्वरी बाई केवट को बार-बार गाली गलौज, मारपीट कर प्रताड़ित करता था। बार-बार प्रताड़ित करने पर ईश्वरी बाई अपनी मायके चली गई थी ।आरोपी पति गंगाराम केवट ने समाज में समझौता करा कर अपनी पत्नी ईश्वरी बाई को अपने घर ले आया था। आरोपी गंगा राम केवट पुनः गाली गलौज मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा। प्रताड़ना से तंग आकर ईश्वरी बाई केवट ने दिनांक 23. जनवरी को . 2025 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संपूर्ण मर्ग जांच में आरोपी पति गंगाराम केवट के द्वारा अपनी पत्नी ईश्वरी बाई केवट को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध पाए जाने पर थाना पचपेड़ी में अपराध पंजीबद किया गया । मामला को तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह,



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा , डी .आर.टंडन डी. एस. पी. (अजाक) को अवगत कराए गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन प्राप्त होने तथा आरोपी के विरुद्ध सबूत मिलने पर आरोपी गंगा राम केवट पिता हीरूराम केवट उम्र 32 वर्ष साकिन गोपालपुर थाना पचपेड़ी डुको दिनांक 20 .4 .2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया ।इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार टंडन, सउनि शिव कुमार साहू, आरक्षक यशपाल जांगड़े, आरक्षक हरिशंकर चंद्र का विशेष योगदान रहा।

# तालाब में डूबे दो मासूम, एक की मौत दूसरा सिम्स में जिंदगी की जंग लड़ रहा

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। न्यायधानी में खेलते-खेलते एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें दो मासूम भाई-बहन तालाब में डूब गए। इस दर्दनाक घटना में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। इस खबर से पूरे इलाके में मातम पसर गया है और परिवार गहरे सदमे में है।



यह हृदय विदारक घटना बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तिफरा इलाके की है। बताया जा रहा है कि विकास साहू नाम का व्यक्ति रोज की तरह फेरी के काम पर बाहर गया था। घर पर उसकी पत्नी और दो बच्चे, अनोखा साहू और बबीता साहू थे। मां घरेलू कामों में व्यस्त थी, इसी दौरान दोनों मासूम खेलते-खेलते पास के बछेरा तालाब तक पहुंच गए।

देखते ही देखते दोनों बच्चे तालाब के गहरे पानी में डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चों को डूबते देखा तो तुरंत उन्हें बचाने के लिए दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। फौरन बच्चों को सिम्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बबीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनोखा की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। इस घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राजनीति में परिवारवाद और सामंतवाद हावी,इससे लोकतंत्र को खतरा-रघु

### समाजवादी विचारक रघु ठाकुर ने बिलासपुर प्रेस क्लब में देश की राजनीति को लेकर की चर्चा

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी विचारक रघु ठाकुर ने कहा है कि आज की राजनीति में आम जनता की पीड़ा नहीं है। राम मनोहर लोहिया और महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत के बाद जो सपना देखा था या जो राजनीति में हमारे सपने थे वे अब दिखाई नहीं देते। लोहिया कहते थे कि स्वभाव में ही अन्याय का विरोध करना होना चाहिए। आज राजनीति में गुलाम मानसिकता आ गई है। राजनीति में परिवारवाद और सामंतवाद हावी है। इससे लोकतंत्र को खतरा है।

रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते हुए लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु ठाकुर ने देश की राजनीति को लेकर चर्चा की। उन्होंने मानसिक व वैचारिक रूप से आजाद पीढ़ी का निर्माण करना है। आज राजनीति में नए प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। नया सामंतवाद आ गया है । लोकतांत्रिक समाजवाद नहीं दिखता। आज की राजनीति लोकतंत्र के लिए खतरा है। कुछ परिवारों को ही सत्ता का हस्तांतरण हो रहा है। आज भारत में सांस्कृतिक हमला हो रहा है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति में गिरावट आई है। आज हमारा बाजार कहां है। इंसान को बेहतर मानव बनाने की जरूरत है। आम मानव से मानव बनाने की जरूरत है। राजनीति में नए प्रकार की बंधुवा मजदूर पैदा हो रहे हैं। नेता बनकर पैसा कमा रहे हैं। परिवारवाद चला रहे हैं । कार्यकर्ताओं को पैसे का गुलाम बना रहे हैं। आज संसद में भी लोकतांत्रिक आजादी का पर्याय नहीं है । भारत में पिरामिड की राजनीति शुरू हो गई है और सत्ता प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक ही सीमित हो रही है। आज नेता नहीं सुप्रीमो है।

राजनीतिक दल में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। एक प्रकार की तानाशाही पार्टी के भीतर चल रही। उन्होंने कहा है कि एक वह दौर था और एक आज का दौर है।




संसद में जो चुनकर 540 पहुंचे हैं उनमें 300 लोग खरबपति या अरबपति हैं। पचासी करोड़ को सरकार जीने लायक खाना दे रही है। संसद का चरित्र बदल रहा है। चुनाव के नए विकल्प को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को चुनाव प्रणाली में सुधार करना चाहिए। आज खर्च की सीमा बढ़ाई जा रही है। राजनीति में अपराधियों का खतरा बढ़ गया है। आज वैचारिक राजनीति खत्म हो रही है। सत्य से असत्य की यात्रा को पलटना होगा।

एक देश एक चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक चुनाव एक साथ होना चाहिए। इसके लिए नियम बनना चाहिए। दो माह के भीतर सारे चुनाव हो जाने चाहिए। सरकारी काम दो माह के लिए बंद कर दिए जाएं और इस बीच सारे चुनाव कर लिए जाएं। और 4 साल 10 माह काम हो। चुनाव आयोग को ऐसा भी नियम बनाना चाहिए कि एक व्यक्ति 5 साल में एक बार ही चुनाव लड़ेगा। विधानसभा, लोकसभा और दूसरे चुनाव के लिए एक ही व्यक्ति को बार-बार चुनाव लड़ने की पात्रता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकसभा और दूसरे चुनाव सरकारी पैसे पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या विधायक सांसद नौकरी तो नहीं कर रहे हैं तो फिर उन्हें पेंशन की पात्रता क्यों। पूर्व विधायक पूर्व सांसदों को पेंशन की पात्रता बंद होना चाहिए। पेंशन के नाम पर लूट बंद होना चाहिए। आज दिल्ली व भोपाल में पूर्व विधायक व पूर्व सांसदों के नाम पर दो-दो ब्लॉक आवंटन किए गए हैं। लोग मकान के लिए दल बदलने में लगे हैं। जो पूर्व सांसद पूर्व विधायक हैं उन्हें सुविधा नहीं मिलना चाहिए। उनसे मकान वापस लेना चाहिए।

रघु ठाकुर ने कहा कि 1947 से 1976 तक सांसद विधायकों के पेंशन तो नहीं होते थे। पेंशन के पावर को कम करना होगा। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक दल घोषणा पत्र पर अमल नहीं करते उन राजनीतिक दलों की मान्यता खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोहिया और जयप्रकाश के तन का कपड़ा और जनता का कपड़ा आज सपना बनकर रह गया है। आज वैकल्पिक राजनीति की तलाश शुरू कर दिए। रघु ठाकुर ने कहा कि आज पूंजीवाद की संस्कृति में भारतीय संस्कृति में गिरावट आई है। राजनीति में आज संवाद कम हो रहा है। सांप्रदायिक कटघरे बनाए गए हैं। भारत में सांस्कृतिक हमला हुआ है । उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि देश की राजनीति में बदलाव आएगा।

अमेरिका में टैरिफ को लेकर उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी का नारा लेकर चले थे,जिस अमेरिका से विदेशी व्यापार शुरू हुआ था।वह स्वदेशी अपना रहा है। उसके द्वारा टेरिफ ब्लैकमेलिंग के लिए किया गया । आज अमेरिका ने अपने देश में अपनी ही चर्चा शुरू कर दी है। रघु ठाकुर ने अकलतरा जाने के पहले प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा की और शहर में आनंद मिश्रा, राजकुमार अग्रवाल रामकुमार तिवारी,जावेद उस्मानी सहित अन्य बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। उन्होंने उनसे वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर चर्चा की।

# इलेक्ट्रिक सिटी बसों के संचालन का टेंडर प्रक्रिया में, करना होगा इंतजार

## प्रदूषण रहित आवागमन के लिए अच्छा विकल्प



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। किफायती और प्रदूषण रहित आवागमन कोरबा की बड़ी जरूरत बन गया है। केन्द्र सरकार ने कोरबा को इलेक्ट्रिक सिटी बसों की खेप देने वाला प्रस्ताव स्वीकृत किया है। अगर सभी तरह की प्रक्रिया पूरी हो भी जाती है तो सिटी बसों को सड़क पर आने के लिए कम से कम 6 महिने का इंतजार तो करना होगा। यह समय कम ज्यादा भी हो सकता है।

कोरबा प्रदेश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल है। ठंड के मौसम में यहां का एक्यूआई लेवल 300 तक भी दर्ज किया जा चुका है। ऐसे में प्रदूषण से हांफते कोरबा में प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में ई बस योजना काफी कारगर साबित होगी। राज्य में प्रदूषण कम करने और सार्वजनिक यात्री परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में यह काफी महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के चार बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में ई-बस सेवा शुरू होगी। कोरबा में सर्वमंगल कोरबा थीम के तहत विभिन्न काम हो रहे हैं। जिसके तहत शहर के चहुंमुखी विकास की योजना बनाई जा रही है।पीएम ई बस योजना के तहत कोरबा जिले को 40 ई बसों की स्वीकृति मिली है।जल्द ही इसकी आपूर्ति होगी। कोरबा जैसे प्रदूषित शहर के लिए यह कदम नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल, सस्ता और विश्वसनीय यात्री परिवहन सुविधा प्रदान करेगा, जिससे सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर सूडा और जिला स्तर पर शहरी लोक सेवा सोसायटी को नोडल एजेंसी के रूप में दायित्व सौंपा जाएगा। कोरबा जिले और शहर में कई रूट ऐसे हैं, जहां सार्वजनिक यात्री सुविधाओं की आवश्यकता है. कोरोनाकाल के बाद सिटी बसों का भी नियमित तौर पर संचालन नहीं किया जा रहा है। उपनगरीय क्षेत्र कुसमुंडा, गेवरा, बांकीमोंगरा, दर्री और रजगामार से बड़े पैमाने में लोग शहर आते हैं. फिर चाहे वह रोजमर्रा के कामकाजी लोग हो या फिर नौकरी पेशा युवा और कॉलेज जाने वाले छात्र सभी सार्वजनिक यात्री परिवहन की लचर व्यवस्था से जूझते हैं।

### कमिश्नर बोले-सुविधा मिलने में समय



नगर निगम के कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि ईको फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट विषय को लेकर रायपुर में दो दिन बाद एक कार्यशाला आयोजित है। विभिन्न नगरीय निकाय के अधिकारी इसमें शामिल होंगे। जहां पर योजना के लिए विचार हो रहा है। कोरबा में सिटी बसों के संचालन का टेंडर प्रक्रियाधीन है। इसके पूरा होने के बाद टर्मिनल और दूसरी जरूरत पर काम होगा। 6 महिने से एक साल की अवधि में सिटी बसों की सुविधा प्राप्त होगी।

# गतिरोध के बाद प्रभावित क्षेत्र में विकास करने पर सहमति

## कल्याण समिति के साथ एसईसीएल की बैठक, बनेगी निगरानी समिति



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के 12 सूत्रीय मांगों के अलावा क्षेत्र स्तर की मांगों पर गेवरा, दीपका,कोरबा, कुसमुंडा और रायगढ़ क्षेत्रिय कार्यालयों में द्विपक्षीय वार्ता कर निर्णय लिए गए। प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों, आउटसोर्सिंग कम्पनियों में भर्ती और ठेका कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, मुआवजा और बसाहट से संबंधित प्रकरणों पर जिला प्रशासन के साथ त्वरित निपटारा कर मुख्यालय भेजे जाने इत्यादि विषयों पर सकरात्मक वार्ता किया गया तथा मुख्यालय से सबंधित बिंदुओं पर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा के लिए प्रस्ताव लिया गया है।

मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा जिसके द्वारा प्रति माह प्रभावित गांव में चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सप्ताह में एक दिन हर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे दवाई वितरण भी किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार पेयजल की आपूर्ति और बोर खनन की जाएगी, निस्तार हेतु तालाबो में खदान का पानी का भराव किया जाएगा। पुनर्वास ग्रामों (झिंगटपुर बसाहट) में मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा पहुंचविहीन मार्गो में निर्माण तथा प्रदूषण रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह को स्थायी आजीविका के लिए ट्रेनिग और उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे इसी तरह से बेरोजगार युवकों को कौशल उन्नयन कर व्यवसाय हेतु मदद की जायेगा। आउटसोर्सिंग कम्पनियों में स्थानीय भर्ती कराने हेतु पूर्व में लिए गए निर्णय को लागू किया जाएगा। ठेका कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, मेडिकल, सुरक्षा का कड़ाई से पालन किया जाएगा। ठेका कामगारों का 40 लाख रुपये का कारपोरेट दुर्घटना बीमा कराया जाएगा तथा सीधे खाते में वेतन की राशि जमा कराई जाएगी। एसईसीएल के स्कूलों में भूविस्थापित परिवार के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बर्बर पिटाई पर एक्शन, सील की श्रीदेव आइसक्रीम फैक्ट्री



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के चौपाटी के पास संचालित आइसक्रीम फैक्ट्री के विरुद्ध मिली शिकायत के आधार पर नगर निगम और श्रम विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए श्री देव आइसक्रीम को सील कर दिया गया है। नगर निगम तथा श्रम अधिकारियों द्वारा 19 अप्रैल को संयुक्त कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री सील की गई है। जाँच के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में एक 17 साल का नाबालिग भी काम कर रहा था। मौके पर राजस्थान के दो दलित लड़कों की बर्बर ढंग से पिटाई करने के साथ उनके नाखून निकालने की कोशिश की गई। उन्हें अधमरा होने तक पीटा गया। पुलिस ने इस मामले में बाल श्रमिक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण बनाया गया है। अंतरराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया है और इसे न्यायालय में प्रकरण लगाया जाएगा। कलेक्टर अजीत वंसत द्वारा नियमों का उलंघन करने वाले फैक्ट्री के विरुद्ध शिकायत मिलने तथा अन्य समय पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

### माखुरपानी में पहुंचा गजराजों का दल



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। 39 हाथियों का दल अब कोरकोमा से आगे बढ़कर रजगामार व बाघमारा होते हुए बालको रेंज अंतर्गत बेला जंगल पहुंच गया है जो टाउनशिप से काफी नजदीक है। बड़ी संख्या में हाथियों के टाउनशिप के निकट पहुंच जाने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। वहीं वन अमला भी सतर्क हो गया है।

लोगों को हाथियों के आने की सूचना देने के साथ ही मुनादी कराने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 13 हाथियों का दल पहले से बालको रेंज के माखुरपानी जंगल में विचरणरत हैं। 39 हाथियों के और आ जाने से अब बालको वन परिक्षेत्र में सक्रिय हाथियों की संख्या बढकर 52 हो गई है। दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से वन विभाग को निगरानी करने में दिक्कतें हो रही है। हालांकि इस काम में मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। बालको रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि हाथियों के दल ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। वन विभाग की कोशिश है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए। इसके लिए रणनीति पर काम किया जा रहा है जहां कोरबा वनमंडल में बालको टाउनशिप के निकट बड़ी संख्या में हाथियों का दल पहुंच गया है वहीं कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में 60 हाथी अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे हैं। जिनमें से 33 हाथियों की सक्रियता कोरबी सर्किल में बताई जा रही है। शेष हाथी एतमानगर व पसान के जंगलों में घूम रहे हैं।

### 306 मरीजों की नि:शुल्क चिकित्सा कर बांटी दवाई



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर पतंजलि चिकित्सालय में आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के 306 रोगियों का निशुल्क उपचार कर उन्हें दवाई दी गई। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.विकास अग्रवाल ने 54 दंत रोगियों की जांच कर 9 रोगियों का बिना किसी दर्द निवारक दवा के जालंधर बंध द्वारा दांत निकाला। शिविर में 108 लोगों की बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच निशुल्क दिल्ली के टैकनीशियन विजय ने की। 81 लोगों की आंखों की जांच निशुल्क कर चश्मे का नंबर का कार्ड बनाकर ऑप्टिक पैलेस द्वारा दिया गया तथा 135 मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की नि:शुल्क जांच की गई। शिविर में पं. सत्यम शर्मा, बिमल जोशी, रवि शर्मा, विजय शर्मा, बनवारी शर्मा, रामवतार शर्मा, रजनी शर्मा, सुधीर सक्सेना, गजेंद्र राठौड, अणिमा प्रसाद, श्रीमती वीना यादव, सुबरना पाल, अश्विनी बुनकर, नेत्रनंदन साहु, कमल धारिया, मनीष कौशिक, कुश गुप्ता, कविरंजन दास, चक्रपाणि पाण्डेय, हर्ष नारायण शर्मा, दयांश नारायण शर्मा, यशश नारायण शर्मा, देवबली कुंभकार, कमला कुंभकार, राजेश प्रजापति, सिद्धराम शाहनी, नेहा कंवर, बसंती कंवर, ऋतु कंवर, संजय अग्रवाल, पवन मोदी, संतोष अग्रवाल, श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने योगदान दिया।

# कहां तक पहुंचा पीएम आवास का काम, कलेक्टर ने ली जानकारी



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने सामुदायिक भवन पाली में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत पाली के समस्त ग्राम पंचायत सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्रों तथा समस्त अधिकारी कर्मचारी की एक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही।

बैठक में कलेक्टर ने जनपद क्षेत्र में कार्यरत आवास मित्रों के संबंध में जानकारी लेते हुए संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले आवास मित्रों को उनके आगामी 15 दिवस की प्रगति के आधार पर पद से पृथक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आवास मित्र को लगभग समान संख्या में आवास आंबटित करते हुए क्लस्टर निर्माण कर 2 दिवस के भीतर सूची जारी करने की बात कही। समस्त आवास मित्रों एवं उनको आबंटित हितग्राहियों का गृह पोर्टल में मैपिंग पूर्ण कर आवास मित्र एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राहियों के आवास स्तर के फोटो अपलोड करने के भी निर्देश दिए। कहा गया कि मृत्यु के मामले में हितग्राही के नामिनी तय करने की कार्यवाही 7 दिन में उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि किसी बैंक के द्वारा हितग्राही के आवास किश्त की राशि का समावेश हितग्राहियों द्वारा लिये गये लोन की राशि में कर दिया गया है तो उन बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए आवास निर्माण की राशि हितग्राही को वापस लौटाने हेतु आदेशित करने तथा उक्त कृत्य भविष्य में किसी भी बैंक द्वारा नही किये जाने के संबंध में निर्देशित किया। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, नोडल, रोजगार सहायक, आवास मित्र को आपसी समन्वय बनाकर लक्ष्य के विरूद्ध आवास निर्माण का कार्य माह जून 2025 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत सरपंच के बैठक व्यवस्था हेतु विश्राम, सामुदायिक भवन निर्माण करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, एसडीएम पाली श्रीमती सीमा पात्रे, जनपद सीईओ पाली भूपेंद्र सोनवानी, अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनपद क्षेत्र के सरपंच, रोजगार सहायक आवास मित्र सहित पीएम आवास ग्रामीण की टीम उपस्थित थी।

# जिंदगी को रौशन करने का माध्यम बनी सूरजमुखी की खेती



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के भटगांव क्षेत्र में कृषक दिलीप कुमार कंवर ने अपनी बंजर जमीन को पहले उपजाऊ बनाया और फिर उस पर सूरजमुखी और मूंगफली की खेती करनी शुरू कर दी। आज इस किसान की बंपर कमाई हो रही है।

जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार कंवर आदिवासी समुदाय से आते हैं। उनके पास जो थोड़ी सी जमीन थी वह भी पूरी तरह बंजर थी। उन्होंने अपने खेत को उपजाऊ बनाने की ठानी। खेतों की महीनों तक खूब जुताई की और उनमें जैविक खाद डाला। इस तरह से जमीन फसल लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गई। दिलीप जानकारी देते हुए बताते हैं कि जब खेत पूरी तरह से तैयार हो गए तो उन्होंने इस पर धान-गेहूं की जगह सूरजमुखी की खेती करने की सोची। वह बताते हैं कि पहली बार मैंने रतनपुर में सूरजमुखी के खेत देखे थे। फिर इस खेती की पूरी जानकारी ली। इसके बाद सूरजमुखी के बीज खरीदकर अपने खेतों में बुआई की। अब वर्तमान समय में वह सूरजमुखी के साथ मूंगफली की भी खेती कर रहे हैं। तीन एकड़ खेत में दोनों फसलों की खेती करी। इस तरह से वह एक समय में दोहरी खेती कर रहे हैं। दिलीप बताते हैं कि इस फरवरी में जिस सूरजमुखी और मूंगफली की फसल लगाई है, उसे मई में काटने की तैयारी है। उम्मीद है कि मूंगफली और सूरजमुखी दोनों से ही तेल निकालकर दो से ढाई लाख रुपए का मुनाफा हो सकता है। दिलीप बताते हैं कि जिस मेड़ को किसान खाली छोड़ देते हैं, वहां कोई फसल नहीं लगाते हैं, उस मेड़ पर मैं सूरजमुखी लगा देता हूं। सूरजमुखी की फसल के नीचे मूंगफली भी लगा रखी है। इस भीषण गर्मी के मौसम में भी उनके खेत में सूरजमुखी की फसल लहलहा रही है। धान की फसल की तुलना में सूरजमुखी और उसके नीचे मूंगफली की खेती में कम मेहनत लगती है। इस फसल की सिंचाई भी कम करनी पड़ती है। इन दोनों फसलों की बाजार में मांग भी काफी रहती है। दिलीप की देखादेखी उनके ग्राम के अन्य किसानों ने भी सूरजमुखी की खेती करनी शुरू कर दी है। सूरजमुखी के फूल का आकार जितना बड़ा होगा, इससे उतना ही अधिक तेल निकलेगा।

# प्रस्तावों को तत्काल स्वीकृत कर रही सरकार : लखनलाल



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है तथा यहाँ के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव उनके समक्ष मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, वे इन प्रस्तावों को तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने रविवार को वार्ड 34 परशुराम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने की। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा की जनता ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ ही मुझ पर जो अखंड विश्वास व्यक्त किया है, अपना आशीर्वाद देकर निगम की कमान मेरे हाथ में सौपी है, उनके इस विश्वास को कभी भी टूटने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एमआईसी सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, सुनीता चौहान, नारायणलाल कुर्रे, प्रताप सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व पार्षद मीना लहरे, उमाभारती सराफ, सुकुंदी यादव, सुशील गर्ग, दीपक यादव, सरजू अजय, नरेन्द्र पाटनवार, रूकमणी नायर, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, रामकुमार राठौर, नवनीत शुक्ला, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, गुहाराम टंडन, बबलू पाण्डेय, पुनीराम, पंचराम निराला, रामशंकर साहू आदि उपस्थित थे।

# सांसद ने चौरसिया को बनाया प्रतिनिधि



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने किरण कुमार चौरसिया को स्वास्थ्य विभाग व स्व. बिसाहूदास महंत मेडिकल कालेज का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

नियुक्ति पर सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत व सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, सूरज महंत का आभार जताते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# नशे में चला रहे थे बाइक, आपत्ति करने पर पिटाई



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम मातीन में रात्रि पहर में तेज बाइक चलाने और नशे की स्थिति में असभ्य हरकत करने पर लोगों के द्वारा आपत्ति जताने के बाद मारपीट हो गई। इस मामले में 6 लोगों पर अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार घटना कोरबा जिलान्तर्गत पसान थाना क्षेत्र के ग्राम पुटीपखना की बताई जा रही है। युवको ने भी आरोप लगाते हुए बताया की चारों बाइक पर सवार थे। सासिन बाजार के पास मादक पदार्थो का सेवन कर नशे में धुत 6 लोगो ने तेज रफ्तार से बाइक चलाने का आरोप लगा गाली-गलौज भी की।

जिसमें 2 युवकों के सिर पर गंभीर चोट आई और वे बेहोश हो गए। युवको द्वारा बताया जा रहा हैं की उक्त कथित आरोपियों और एक महिला कथित आरोपी सहित कुल 6 लोगों पर युवकों के साथ गाली-गलौज करने, उनके द्वारा विरोध करने पर उनके द्वारा लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला करने का बांगो थाने में जाकर सभी 6 कथित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

इस हमले में दो युवको के सिर में गंभीर चोटें आने और बेहोश होने पर डायल 112 टीम की मदद से जटगा चिकित्सालय पहुंचाया।

# अतिक्रमण से परेशानी, नपा को टीआई ने लिखा पत्र

कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा नगर में सड़कों और चौराहों पर दिन-ब-दिन बढ़ते अवैध अतिक्रमण और इससे उत्पन्न हो रही यातायात अव्यवस्था को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगर पालिका परिषद के सीएमओ को एक पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने नगर में व्याप्त अराजक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की हैं।

थाना प्रभारी ने अपने पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि कटघोरा नगर के प्रमुख चौराहों में से एक शहीद वीर नारायण चौक के चारों ओर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बिलासपुर मार्ग और अंबिकापुर मार्ग पर स्थित न्यू बस स्टैंड के मुख्य मार्ग, दोनों ओर के निकास द्वार तथा वहां बने व्यवसायिक परिसरों में भी अतिक्रमण की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बस स्टैंड के पास स्थित दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अस्थायी ढांचे, ठेले और अन्य सामग्रियों के जरिए रास्ता घेर रखे हैं। ऐसे मामलों में कार्यवाही की जानी चाहिए। नगर पालिका को इस मामले में पुलिस पूरा सहयोग करेगी।

# लायंस स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस, शामिल हुए असरानी



कोरबा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा-चांपा मार्ग के ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का 9वां स्थापना दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार गोवर्धन असरानी, जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली, राजयोग शिक्षिका ब्रम्हकुमारी दीदी बीके रचना, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित पीएमजेएफ विजय अग्रवाल, प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित एमजेएफ रिपुदमन पुसरी एवं द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित पवन मलिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने की। श्री अग्रवाल ने बताया कि समारोह में लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233सी के आगामी सत्र के नेतृत्वकर्ता, जिले के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, महिलाओं सहित विद्यालय के कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें एवं यूनिफार्म वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पुण्य का काम : असरानी

इस अवसर पर हास्य कलाकार गोवर्धन असरानी ने कहा कि सिनेमा के संबंध में मैं हमेशा कुछ न कुछ बोलता रहता हूं वह सबके सामने रहता है। इसलिए इस संबंध मे कुछ कहना नहीं चाहता। मैं यहां पर शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे काम को देखने आया हूँ। आदिवासी क्षेत्र में वास्तव में बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पुण्य का काम है। उन्होंने इस अवसर पर कई फिल्मी डायलॉग भी सुनाए।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग आदिवासी युवक को रेंजर व वनविभाग के कर्मचारियों ने अगवा कर किया मारपीट

#### पीड़ित परिवार ने विधायक प्रतिनिधि से लगाई न्याय की गुहार।



**कोरिया,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरिया जिला के सोनहत थाना अंतर्गत रामगढ़ चौकी क्षेत्र से एक मामला आया है। जहां एक नाबालिक 17 वर्ष के आदिवासी युवक के साथ 19 मार्च को रूह कपा देने वाली घटना हुई है। पीड़ित के मुताबिक बीते लगभग एक माह पूर्व नाबालिग युवक शाम के समय गांव से कुछ दुरी पर जंगल मे खेती बाडी का काम करता है वहा से घर आ रहा था तभी टेढिया बांध के रास्ते मे बोलेरो गाड़ी से पार्क परिक्षेत्र रामगढ़ के पांच कर्मचारी आये और पीड़ित युवक को जंगल मे आग लगाया है, चल आफिस मे वही कहकर चारो पांचो कर्मचारी धक्का मारते हुए पीडित युवक को गाड़ी मे बैठा लिए और गाली-गलौज करते हुए रामगढ़ पार्क परिक्षेत्र के आफिस मे ले गए और सभी कर्मचारी तथा पार्क परिक्षेत्र रेंजर के द्वारा लात मुक्के से पटककर नाबालिक युवक के पैर के तलवे को डंडे से मार पीट करने लगे। पीड़ित युवक के मुताबिक वह बार-बार उक्त कर्मचारीयो तथा अधिकारी से निवेदन करता रहा खेत गया था लेकिन उसकी बात नही सूनी गई पुरी रात पार्क आफिस के जमीन मे सुलाकर रखे थे। और गाली-गलौज बार बार करते रहे। पीड़ित युवक के आवेदन मे लिखा है की वह उक्त लोगो का नाम नही जानता लेकिन सामने उपस्थित होने पर पहचान कर सकता है। पीड़ित ने सिकायत पत्र मे कर्मचारीयो पर अत्याचार कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए न्याय हेतु कार्यवाई की मांग की है।

#### पीड़ित परिवार से मिले विधायक प्रतिनिधी

बुधवार को भाजपा के मण्डल महामंत्री व विधायक प्रतिनिधी मनोज साहू व दर्जनो भाजपा कार्यकताओ ने पीड़ित युवक व उसके परिवारजन से मुलाकात की तथा उक्त घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान विधायक प्रतिनिधी मनोज साहू ने कहा की नाबालिक आदिवासी युवक पर किया गया यह अत्याचार निंदनीय है, ऐसी घटना से क्षेत्र के लोग नाराज है। इस गंभीर विषय पर हम सब मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाऐंगे क्षेत्रीय विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष को इसकी जानकारी दूंगा और पूरी तरह से न्याय पीड़ित के साथ हो प्रयास करूँगा।

साहू ने मांग किया है की उक्त घटना पर प्रशासन तत्काल पार्क रेंजर व सभी कर्मचारीयो पर कार्रवाई करे।

#### महिनो पहले हुई घटना लेकिन कार्यवाई नही

आपको बता दे की यह घटना 19 मार्च की है जो लगभग एक माह होने को है लेकिन ऐसे निर्मम और संगीन मामले पर पुलिस ने किसी अधिकारी कर्मचारी पर अभी तक कोई कार्रवाई नही की है। सवाल उठता है की क्या प्रदेश मे अफसरशाही हावी है या वन कर्मचारीयो को कोई संरक्षण प्राप्त है क्यो की उक्त घटना काफी गंभीर व दण्डनीय है फिर भी महिनो पहले की घटना पर आज तक कोई संज्ञान नही ले रहा।

#### पीड़ित युवक ने सूनाई आप-बीती

पीडित युवक ने पार्क परिक्षेत्र के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा की गई प्रताड़ना के विषय में मुलाकात करने गई भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम को अपने साथ हुई निर्मम घटना की आपबीती सुनाई ऐसे असंवेदनशील घटनाओं पर क्षेत्र में अंकुश लगना बेहद जरूरी है।

#### ऐसे संग्धित मामले मे प्रशासन सुस्त क्यो।

पूरे मामले को देखते हुए यह बात तो लोगों के समझ में आ गई की किस तरह से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपना फर्ज निभा रहे हैं। पूरे घटनाक्रम में यह बात भी सिद्ध होता है कि आमजन पर घटित होने वाली घटनाओं पर न्याय मिलना थोड़ा मुश्किल ही रहता है। जबकि अभी यही मामला कर्मचारीयो के ऊपर हुआ रहता तो प्रशासन तनिक भी देर किए बिना जांच के कार्यवाही कर देती।

### कार्तिकेया गोयल का रायपुर तबादला अब मयंक चतुर्वेदी होंगे रायगढ़ के नये कलेक्टर



रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारियों का तबादले आदेश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत रायगढ़ जिले में भी प्रशासनिक बदलाव हुआ है। वर्तमान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल का स्थानांतरण रायपुर कर दिया गया है। उन्हें खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम का संचालक एवं वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन का प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है।

उनकी जगह 2017 बैच के आईएएस अधिकारी मयंक चतुर्वेदी को रायगढ़ का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। मयंक चतुर्वेदी वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले में कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी हैं। इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने कुछ समय तक निजी क्षेत्र में कार्य किया और बाद में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। गौरतलब है कि मयंक चतुर्वेदी के लिए रायगढ़ कोई नया क्षेत्र नहीं है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से प्रशिक्षण के बाद उनकी पहली फील्ड पोस्टिंग बतौर सहायक कलेक्टर रायगढ़ में ही हुई थी। ऐसे में उन्हें जिले की भौगोलिक और प्रशासनिक संरचना की पहले से जानकारी है, जो उनके कार्यकाल को प्रभावशाली बना सकती है। यह प्रशासनिक फेरबदल राज्य शासन की कार्यक्षमता और सुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### गर्मी में प्यासे लोगों को शरबत की सौगात

रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ दानवीरता के नाम पर भी अपना अलग नाम रखती है और इसीलिये आज भी यहां के कुछ समाज सेवी लोग सेवा भाव से काम करते हुए लगातार लोगों को आकर्षित कर रहे हैं ऐसा ही एक नाम है रायगढ़ युवक संघ जो रामनिवास टाकीज चैक में बीते पांच साल से ठंडे पानी के साथ-साथ ठंडा शरबत लोगों को पिलाते हैं। इतना ही नही सप्ताह में तीन दिन हजारों लोग ठंडे पेयजल से तृप्त होनें के बाद सेवा भाव से जुड़े युवक संघ के लोगों को दुआ देते नही थकते।

रायगढ़ के रामनिवास टाकीज चैक में युवक संघ द्वारा पहले ठंडा पेयजल गर्मी में प्यासे लोगों को पिलाया जाता था और अब दो सालों से आम पानी के रूप में ठंडा शरबत शहर के लोगों को पिलाया जा रहा है। सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक निबार्ध सेवा के रूप में युवक संघ के मुख्य संचालक सुरेश गोयल और उनके परिवार के अलावा उनके साथियों द्वारा बकायदा बारी-बारी से सुखे गलो को तर किया जाता है इतना ही नही बच्चों से लेकर बुढ़े तक इसका फायदा उठाते हैं।

# अवैध शराब के विरूद्ध कोतरारोड़ पुलिस की लगातार कार्रवाई

### नंदेली में पकड़ी गई 90 लीटर अवैध शराब

### दो आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा अपने समस्त बीट आरक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 19 अप्रैल को बीट आरक्षक से ग्राम नंदेली में अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी।

19 अप्रैल को दोपहर के समय थाना प्रभारी त्रिपाठी के नेतृत्व में एसआई कुसुम कैवर्त, एएसआई देव प्रसाद चैहान और हमराह स्टाफ ने ग्राम नंदेली में भ्रमण कर ग्रामीणों से समस्याएं सुनीं और इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुभरन निषाद (उम्र 74 वर्ष) और बन्धन चैहान (उम्र 60 वर्ष, पिता गरीब चैहान) के घरों में दबिश दी गई। शुभरन निषाद के घर से 15-15 लीटर और 5 लीटर के प्लास्टिक जरीकेनों में भरकर रखी गई कुल 70 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 7,000 रुपये है, बरामद की गई। वहीं बन्धन चैहान के घर से 20 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 2,000 रुपये, जब्त की गई। दोनों के विरुद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 34(2), 59(क)



आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग मामले पंजीबद्ध किए गए हैं। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, एएसआई डीपी चैहान, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवशी, आरक्षक संदीप कौशिक, राजेश खाण्डे, शिवानंद प्रधान, संजय केरकेट्टा, दिलीप सिदार तथा महिला आरक्षक श्यामा सिदार की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर लोगों को अवैध शराब के कारोबार से दूर रहने की चेतावनी दी और दोहराया कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पूर्व 18 अप्रैल को भी पुलिस ने नंदेली निवासी सबीना सारथी पति सीताराम सारथी (उम्र 35 वर्ष) के घर दबिश देकर 4 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की थी, जिस पर धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई से गांव में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है और कोतरारोड़ पुलिस ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया है कि अवैध कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर महिला को किया बदनाम

### महिला के भाई की रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ हुआ एफआईआर

रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में सोशल मीडिया में एक शख्स ने महिला को बदनाम करने की नीयत से उसके पति को स्वयं के साथ महिला का पूर्व में विवाह होनें की बात कहते हुए फोटो भेजने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला के भाई की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थानांतर्गत ग्राम शंकरपाली निवासी युवती का विवाह विगत 6 अप्रैल को हुआ था। वहीं शादी के बाद युवती के पति को इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा फेक आईडी बना कर फोटो भेजी गई, जिसमें वह एवं नवब्याहता है। फोटो भेज कर उसने अपने साथ पूर्व में विवाह होना लिखा था। इस बात की जानकारी जब मायके पक्ष वालों को हुई तो उसके भाई ने सायबर सेल में मामले की जांच व आईडी किसने बनाई है इसकी जांच के लिए आवेदन दिया था।

सायबर सेल से जांच के बाद बताया गया कि उक्त आईडी जिस मोबाइल नंबर से चलाई जा रही है वह ग्राम जतरी के युवराज सिंह सोनवानी के नाम से है। इस पर युवक ने पुसौर थाने में युवराज सिंह सोनवानी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 336 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# कही गाय भी विलुप्तता की श्रेणी में ना हो जाय शामिल

### हर घर में हो एक देशी गाय - विधायक

### श्री हरि गौशाला धनपुर में 300 उत्पाद तैयार करने विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन

**एमसीबी/चिरमिरी,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में जैविक खेती और किसानों को प्रशिक्षण देने के दूरगामी सोच को लेकर श्री हरि गौ शाला में चिंतन मनन और सामूहिक रूप से सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने ग्राम घनपुर के गौशाला में बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री समेत चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, संघ संचालक कोरिया, विभाग संघ संचालक, सह विभाग संघ संचालक और पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत कई हस्तियां शामिल हुई।

ज्ञात हो कि 2016, 2017 में श्री हरि गौ शाला की नींव रखी गई थी किंतु अपरिहार्य कारणों से पूर्ण रूप से विस्तार नहीं हो सका था लेकिन गौशाला समिति ने अब आगामी कुछ माह में चालू करने का निर्णय लिया है। बताया गया कि श्री हरि गौशाला जन सहयोग के माध्यम एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में संचालित करने की मंशा गौशाला समिति रखती है। समिति इस गौशाला से आय अर्जन करने की बजाय निराश्रित, दुर्बल गायों की सेवा से पुण्य लाभ अर्जन करने का प्रयास है और गोबर तथा गौमूत्र से भारत में बनने वाले लगभग 300 प्रॉडक्ट्स तैयार कर गौशाला को स्वावलंबी बनाने की दिशा में आज की बैठक आयोजित की गई थी। इसके साथ ही बताया गया कि यहां सेवा भावना के साथ साथ किसानों को जैविक खेती से होने वाले फायदों की जानकारी देकर एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र में विस्तार करने की योजना है जिसका उपस्थित अतिथियों ने सहस्त्र सहयोग करने की बात स्वीकार की।



विदित हो कि 2016 से गौशाला की जब से नींव रखी गई है तब से यहां कुछ ना कुछ काम होता चला आ रहा है किंतु सुचारू रूप से आज भी गौशाला प्रारंभ नहीं हो सका है इसी तारतम्य में बैठक आयोजित कर आगामी दो तीन माह के भीतर प्रारंभ करने की दिशा में विचार साझा किए गए। बैठक में आए जिला संघ संचालक कोरिया नीरज कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज रासायनिक खाद हमारे जीवन को काफी हद तक प्रभावित कर रही है, आप देखते और सुनते होंगे कि हमारे देश प्रदेश और जिले में कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपने जीवन काल में किसी प्रकार का व्यसन नहीं अपनाया फिर भी वे बड़ी बीमारी शुगर, थायराइड, रक्तचाप, कैंसर से पीड़ित है, इसकी बड़ी वजह रासायनिक खाद है। देशी गायों से मिलने वाला दूध, दही और घी जबकि इन रोगों में मदद करता है बाबजूद चिकित्सक परहेज करने की सलाह देते है क्योंकि अब ज्यादातर दूध, दही और घी विदेशी नस्लों से प्राप्त होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की बजाय नुकसान करता है। भारत में ही देशी गायों के गोबर और गौमूत्र से लगभग 300 प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है जो हमेशा ही औषधिक रूप में प्रयोग किया जाता है तो आने वाले समय की परिकल्पना को लेकर इस श्री हरि गौशाला प्रकल्प को इसी दिशा में विकसित करने का विचार हम सब का है। प्रशिक्षण देकर किसानों को उनके खेती में लाभ मिलेगा और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि धनपुर गांव का यह श्री हरि गौशाला जिसका हम लोग 2016 से निर्माण कर रहे है लेकिन अब अंतिम घड़ी आ गई है जब हम लोग इसकी शुरुआत करने वाले है और आज इसी को लेकर चिंतन मनन की बैठक आयोजित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इन नौ सालों में समिति ने ना हार माना है ना रार माना है निरंतर आगे बढ़ाने का काम किए है। जायसवाल ने आगे एक चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जैसा बताया जा रहा की गौशाला की शुरुआत धनपुर गांव के 100 गायों से की जाएगी जो जन सहयोग से किसान हमे देंगे इस पर उन्होंने कहा कि यह पहले का चिन्हांकन हो सकता है लेकिन अब गांव में भी गायों की संख्या बड़ी तेजी से घटी है शायद पूर्व में जो आप लोगों के द्वारा चिन्हांकन करीब 1100 गायों की हुई थी वो भी अब घटकर 300 से 400 के आसपास ही होगी क्योंकि अब लोग गाय को चराना नहीं चाहते है खेती बाड़ी के समय दूर जंगलों की ओर गायों को खदेड़ रहे है और ऐसा ना हो कि देशी गाय विलुप्त प्रजाति की श्रेणी में शामिल हो जाय इसलिए गायों का संवर्धन जरूरी है। वैसे भी हमारे सनातन धर्म में गौ माता की जो महिमा है उसके बिना हमारा कोई भी काम शुरू नहीं हो सकता है। धार्मिक अनुष्ठान हो या जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्व दोनों में गायों की बड़ी महता है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रणव चक्रवर्ती, जगलाल सिंह,मोतीलाल अध्यक्ष श्री हरि गौशाला, ललितेश जी, महापौर नगर निगम चिरमिरी राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, श्रीमती सोनमति ऊररे पूर्व जनपद अध्यक्ष खड़गवा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वीरेंद्र सिंह करियांम, सरपंच सागर सिंह धनपुर, अरुणोदय पांडे, द्वारिका जायसवाल, सुरेश साहू, अभय जायसवाल, धनंजय पांडे, काकू दा, शिलाकांत झा, विवेक द्विवेदी, पशु चिकित्सक अजगले सहित भारी संख्या में ग्रामीण तथा गौसेवक उपस्थित रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ एमसीबी की जिला ईकाई का गठन

### ब्लाक अध्यक्षों की भी की गई नियुक्ति

**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी),** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने संघ के प्रदेश महासचिव विश्वदीपक राई, संभाग अध्यक्ष विनोद शर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम बरनवाल की सहमति से एमसीबी जिले का जिलाध्यक्ष संघ के वरिष्ठ सदस्य मृत्युजंय चतुर्वेदी को नियुक्त किया है। नव नियुक्त एमसीबी जिलाध्यक्ष मृत्युजंय चतुर्वेदी ने अपने 2025-2026 संघ के नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है। गठित कार्यकारिणी में

जिलाध्यक्ष- मृत्युजंय चतुर्वेदी मनेन्द्रगढ़, जिला महासचिव- द्रोणाचार्य दुबे चिरमिरी, उपाध्यक्ष- रामचरित द्विवेदी मनेन्द्रगढ़, विनय पाण्डेय मनेन्द्रगढ़, श्रीपत राय चिरमिरी, रमन सिंह चिरमिरी, रफीक मेमन मनेन्द्रगढ़, गुरुदीप अरोड़ा मनेन्द्रगढ़, सचिव-सुमंत गांगुली चिरमिरी, बब्बी शर्मा चिरमिरी, सुजीत शाह मनेन्द्रगढ़, राजेश सिन्हा मनेन्द्रगढ़, अशोक श्रीवास्तव मनेन्द्रगढ़, सुरेन्द्र मिनोचा मनेन्द्रगढ़, सह सचिव- खोंगेन्द्र यादव खोगांपानी, धीरज मौर्य केल्हारी, रविन्द्र सोनी मनेन्द्रगढ़, मो.कासीम नईलेदरी मनेन्द्रगढ़, भीमसेन गुप्ता जनकपुर, जिला कोषाध्यक्ष- लक्ष्मीकांत जायसवाल मनेन्द्रगढ़, जिला सलाहकार- अविनाश कुमार चिरमिरी, जिला संगठन मंत्री/प्रवक्ता नरेन्द्र अरोरा मनेन्द्रगढ़, कार्यकारिणी सदस्य- सुरेश सोनी मनेन्द्रगढ़, श्रीराम बरनवाल चिरमिरी, रविकांत सिह राजपूत मनेन्द्रगढ़, विनीत जायसवाल मनेन्द्रगढ़, राजीव वर्मा चिरमिरी, श्रीकांत शुक्ला चिरमिरी, रतन जैन चिरमिरी,अरूण कुमार श्रीवास्तव मनेन्द्रगढ़, सुरजीत सिंह रैना मनेन्द्रगढ़, उज्जवल चकवर्ती चिरमिरी,कोमल कांत झगराखाण्ड, सहनाज फातीमा चिरमिरी, शरद जायसवाल नागपुर, सुरेन्द्र गुप्ता मनेन्द्रगढ़, अरूण अग्रवाल चिरमिरी, डा. एस.एल सिंह नागपुर, मनप्रीत साहनी मनेंद्रगढ़, मुनेन्द्र यादव मनेन्द्रगढ़, कृष्णा वस्त्रकार मनेन्द्रगढ़, प्रशांत तिवारी मनेन्द्रगढ को शामिल किया गया है। इसी प्रकार नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने अपने 2025-2026 संघ के नवीन कार्यकारिणी में ब्लाक अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है जिसमें

शुद्धूलाल वर्मा मनेन्द्रगढ, मनोज श्रीवास्तव चिरमिरी, रामलखन मिश्रा हसदेव कोयलांचल क्षेत्र एवं देवेन्द्र पाण्डेय को जनकपुर का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने सभी ब्लाक के अध्यक्षों से यह आशा की है कि वे एक हफ्ते के अन्दर अपने-अपने ब्लाक का गठन कर जिला कार्यालय को अवगत करायेंगे।

## 67 नई शराब दुकान खोलने के विरोध में कलेक्टर एमसीबी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया



**चिरमिरी,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया हैं।

प्रदेश मे कई जगहों पर शराब दुकान संचालित हो रही है उनका निरीक्षण किया जाए तो पता लगेगा की शराब दुकान के कारण पूरा गांव गली मोहल्ला शहर अशांत रहता है। नजर उठा कर देखा जाए तो जितना भी क्राइम होता है नशे की हालत में ही होता है। क्या छत्तीसगढ़ को विष्णु देव साय नशा मुक्त प्रदेश घोषित नहीं कर सकते। एक मुख्यमंत्री थे जो गंगा जल लेकर शपथ लिया था की हमारे शासनकाल में शराब दुकान बंद की जाएगी लेकिन नहीं कर सके।

# जहां खेल होता है उर्जा वहीं होती है-स्वास्थ्य मंत्री

### स्व. दीपक पटेल स्मृति रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का भव्य समापन

### चिरमिरी इलेवन बनी विजेता टीम

**मनेन्द्रगढ़,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़ के हाई स्कूल ग्राउंड में नगर के युवा स्व. दीपक पटेल स्मृति रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच चिरमिरी इलेवन और मनेन्द्रगढ़ इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें चिरमिरी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, मनेन्द्रगढ़ इलेवन की टीम उपविजेता रही।

विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप ?1,41,000/- की राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को ?71,000/- की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट ने न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि युवाओं में उत्साह और खेल भावना का संचार भी किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती चंपा देवी पावले (जिला अध्यक्ष, भाजपा, एम.सी.बी.) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिमा यादव अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा,मनेन्द्रगढ़, राहुल सिंह,राजकुमार केशरवानी (पूर्व न.पा. अध्यक्ष), सरजू यादव (पूर्व नेता प्रतिपक्ष), लखन लाल



श्रीवास्तव, रामचरित द्विवेदी,, सुरेश श्रीवास्तव, हफीज मेमन,विनीत जायसवाल, रवि जैन,पार्षद स्वप्निल सिन्हा,पार्षद जमील शाह,पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल,पार्षद श्रीमती माया सोनकर, पार्षद किरण कुजूर के साथ ही मनेन्द्रगढ़ के अनेक पत्रकारगण, नागरिकगण एवं युवा साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि यह टूर्नामेंट स्व. दीपक पटेल की स्मृति को समर्पित रहा, जिन्होंने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य किया। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि उनके जीवन मूल्यों और सामाजिक योगदान को याद करने का माध्यम भी बना। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले ने कहा कि खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना का जो परिचय दिया, वह अत्यंत सराहनीय है। भाजपा नेता सरजू यादव ने इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखते हैं, खेलों से जोड़ते हैं और एक सकारात्मक समाज के निर्माण की ओर कदम बढ़ाते हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा किखेल से बढ़कर कोई साधना नहीं,

खेलों से बेहतर कोई प्रेरणा नहीं।जहाँ खेल होता है, वहाँ ऊर्जा होती है,और जहाँ युवा खेलते हैं, वहाँ भविष्य खिलते हैं। कि आने वाले वर्षों में यह परंपरा और भी भव्य स्वरूप में आगे बढ़ेगी.प्रतियोगिता में एम्पायर के रूप में भूपेंद्र भण्डारकर, प्रभात गिरि एवं कॉमेंटेटर के रूप में रामचरित द्विवेदी व बिलाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम आयोजक कन्हैया सिंह कमेटी मेंबर विकाश शाह, मोहन गुप्ता, गोलू रैना, भूपेंद्र भंडारकर, अभय तिवारी, मो. आमिर, सौरभ ताम्रकार, रवि सिंह, आकाश रजक, अभिषेक, नवीन, आकाश, गोलू, हेमंत, टीपू, राधे महंत, पप्पू भैया, राजेश रजक, पारेस, राहुल, याकूब, नयन, कमल, अनुज, असीमित, बसंत, फैजान, मनीष, नागेश्वर, नूरेश, रमेश, संतोष, सागर, सलेम, समीर, अंकित, संदीप, संजय, अंशु, विशाल, यूसुफ, आदि, यासिर, राहुल पूरी, आयुष, जगजीत, आकाश, मनोज, गणेश, राजा, विशाल शाह, छोटा प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा.

## सार-संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष बनाये गये प्रिंस शर्मा



जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। वार्ड क्र. 14 के पार्षद और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा को नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला के नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है । जिला कांग्रेस अध्यक्ष और अकलतरा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा छ.ग. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अनुशंसा व क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप की सहमति पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज की स्वीकृति से प्रिंस शर्मा का नियुक्ति पत्र जारी किया गया है । ज्ञातव्य हो कि प्रिंस शर्मा कांग्रेस संगठन के युवा विंग के जिम्मेदार और सक्रिय युवा पदाधिकारी होने के साथ दूसरी बार पार्षद पद निर्वाचित हुए हैं । बीते महिनों संपन्न हुए नगरीय चुनाव में जिले की सबसे प्रतिष्ठापूर्ण वार्ड चुनाव में भाजपा के नगरमंडल के पूर्व अध्यक्ष और लगातार वार्ड क्र. 14 से तीन बार के पार्षद और नगरपालिका में उपाध्यक्ष रहे आशुतोष गोस्वामी के विरूद्ध चुनावी मैदान में उतरकर वार्ड वासियों के सहयोग से बड़े वोटों के अंतर से पराजित कर नगरपालिका में दूसरी बार पार्षद के रूप में पहुंचे हैं। नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर कांग्रेस पक्ष के पार्षदों की बैठक में सर्व सम्मति से श्री शर्मा के नाम का अनुमोदन किया गया था । जिसकी स्वीकृति प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को दी गयी है। प्रिंस शर्मा की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेसजन दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, रफीक सिद्दिकी, शिशिर द्विवेदी, पूर्व पार्षद पप्पू खान, अजीत सिंह राणा, श्रीमती हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, वर्षा सिंह राजपूत सहित पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, श्रीमती रेखा सोनवान, देवराज सिंह चंदेल, विजय बंटी अग्रवाल, श्रीमती रक्षा धीरज सिंह बैस, अक्षय टेकाम, श्रीमती जगदीश्वरी रवि सूर्यवंशी, युवा कांग्रेस के भैरव मिश्रा, भोलु यादव, राजा सिद्दिकी, आकाश तिवारी, सौरभ सिंह, संतोष बबई, अनिल चौरसिया, गुड्डा आसना, परमेश्वर निर्मले, गार्गी तिवारी, सत्यभामा टंडन, रजनी सूर्यवंशी, पूनम सारथी, प्रिया सारथी, सिद्धार्थ राठौर, सोनू राठौर, महेन्द्र कश्यप, गुड्डू पठान, शहबाज खान, नरसिम्हा यादव, सत्ता राठौर, चन्द्र प्रकाश ओग्रे भाकू, पिंटू राठौर, बजरंग कहरा, राजकुमार सारथी, विजय टंडन, राकेश मिश्रा, डॉ. शरीफ खान, बाबा खान, संतोष यादव, दुष्यंत यादव, कुलदीप सिंह, मयंक थवाईत, श्रीजन शर्मा, टिंकू यादव, सौरभ मिश्रा, सत्यजीत राठौर सहित अन्य कांग्रेसजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है ।

### कार्यशाला में बजरंग आदित्य, मुक्तिदेव गुप्ता एवं फिरत राम भारद्वाज होंगे शामिल



**सारंगढ़,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएमश्री अंतर्गत स्टेम शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला उच्च शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर साइंस एवं टेक्नोलॉजी में दक्ष करने आईसर पुणे में 26 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित है।

पीएम श्री के राज्य समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को उक्त प्रशिक्षण हेतु पुणे प्रस्थान करेगी। इस प्रशिक्षण में साइंस एवं टेक्नोलॉजी के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पी एम श्री विद्यालयों के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के सेजेस सारंगढ़ से बजरंग आदित्य, बरमकेला से मुक्तिदेव गुप्ता एवम सरसींवा सेजेस से फिरत राम भारद्वाज शामिल होंगे। कार्यशाला से पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों को साइंस एवं टेक्नोलॉजी की बेहतर जानकारी मिलेगी।

### 12 लीटर महुआ शराब बरामद



जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सक्ती पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैजैपुर पुलिस को सफलता मिली है।

19 अप्रैल को ग्राम सेंदरी में मुखबीर की सूचना पर रेड की गई, जिसमें आरोपी लोकनाथ तेंदुलकर पिता राम सिंह तेंदुलकर के कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को मौके पर ही जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया। उक्त मामले में थाना जैजैपुर में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जैजैपुर पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### आज से काम पर लौटेंगे पंचायत सचिव

#### ग्रामीण विकास कार्यों को मिलेगी गति

जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो चुके हैं, जिसके तहत नई पंचायतों का गठन हुआ और कई स्थानों पर नए सरपंचों तथा पंचों का निर्वाचन हो चुका है। हालांकि, इसी बीच पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते ग्राम्य विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए थे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी बाधा उत्पन्न हुई।

शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंचायत सचिव संघ के बीच हुई एक सार्थक बातचीत के बाद पंचायत सचिवों ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है।

संघ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार से जिले भर के पंचायत सचिव अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटकर कामकाज प्रारंभ कर देंगे। इससे ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं—जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि को फिर से गति मिलेगी। हड़ताल समाप्त होने से ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्य भी सामान्य हो सकेंगे और आम जनता को फिर से पंचायत स्तर पर जरूरी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# महानदी में बेलगाम रेत माफिया

### चार चैन माउंटेन मशीनों से दिन-रात छलनी हो रहा है नदी का सीना



जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। महानदी में अवैध रेत उत्खनन का काला कारोबार बेलगाम होता जा रहा है। खोरसी, नवागांव और तनौद रेत घाटों में चार चैन माउंटेन मशीनों के ज़रिए दिन-रात धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। रेत माफिया प्रशासन की नाक के नीचे यह कारोबार चला रहे हैं, लेकिन खनिज और राजस्व विभाग समेत पुलिस प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

रविवार सुबह ने मौके पर पहुंच कर जो दृश्य देखा वह चौंकाने वाला था। चार चैन माउंटेन मशीनें महानदी में कार्यरत थीं। वहीं, हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीएम 6368 को मशीन से लोड किया जा रहा था, जबकि पास ही हाइवा सीजी 10 बीएल 9158 लोडिंग के लिए कतार में खड़ी थी। घाट के ऊपर 10 से अधिक हाइवा वाहन रेत लोडिंग की प्रतीक्षा में लाइन में खड़े थे। जानकारी के अनुसार, खोरसी, नवागांव और तनौद रेत घाट की ठेका अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद रेत माफिया घाटों पर कब्जा जमाकर खुलेआम उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रेत माफियाओं ने खनिज, राजस्व, पुलिस और आरटीओ अधिकारियों से गहरी सेटिंग कर रखी है। कहा जा रहा है कि काली कमाई का हिस्सा ऊपर तक पहुंच रहा है, जिसके चलते कोई भी अधिकारी ठोस कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पा रहा है।

#### पुलिस थानों के सामने से गुजर रही रेत से भरी गाड़ियां

बिलासपुर में रेत की अधिक मांग के चलते खोरसी, नवागांव और तनौद से रोजाना सैकड़ों हाइवा और ट्रैक्टर रेत लेकर निकल रहे हैं। ये वाहन राहौद चौकी, पामगढ़, मुलमुला, मस्तूरी होते हुए बिलासपुर तक पहुंचते हैं, लेकिन किसी भी थाने द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। रेत माफियाओं की सेटिंग इतनी मजबूत है कि पुलिस भी मूकदर्शक बनी हुई है।

#### महानदी की धार को मोड़कर बना दिए रैम्प

रेत माफिया अपनी सुविधा के लिए महानदी की धार तक मोड़ चुके हैं। पत्थर डालकर बनाए गए रैम्प से सीधे नदी के बीच से रेत निकाली जा रही है। इस वजह से महानदी के पारिस्थितिक तंत्र को गहरा नुकसान हो रहा है और नदी का अस्तित्व खतरे में है।

#### राजस्व का हो रहा नुकसान

रेत के अवैध कारोबार से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। प्रतिदिन 1000 से अधिक ट्रैक्टर और 500 हाइवा ट्रिप रेत की निकासी बिना किसी रॉयल्टी के की जा रही है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और संबंधित विभाग केवल औपचारिक कार्रवाइयों तक सीमित हैं।


#### विभाग लगातार कार्यवाही कर रही

इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि जहां-जहां से शिकायतें आ रही हैं विभाग लगातार कार्यवाही कर रही है कुछ दिन पूर्व ही दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया था आगे भी प्रकरण की जानकारी लेकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी

**अनिल साहू, जिला खनिज अधिकारी**

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी

#### एसपी को गई शिकायत, लाइसेंस फीस के अलावा अलग से और रुपए मांगा जा रहा



**खरसिया,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी एवं अलग से पैसे मांगने की शिकायत पुलिस अधीक्षक रायगढ़ से की गई है इस संबंध में शिकायतकर्ता पुरुषोत्तम सिंह राठौर आ. गोरालाल निवासी ग्राम पोस्ट घघरा का कहना है कि मेरे साथ ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का नाम पर धोखाधड़ी हुआ है, मेरे द्वारा मेरे एवं मेरे पुत्र विवेक सिंह राठौर के नाम से दो पहिया एवं चार पहिया वाहन का लायसेंस बनाने के लिए शेखर प्रसाद यादव के साथ जाकर दिनांक 12.08.2024 को आशा मंहत को 8000/- रुपये दिया था दिनांक 11.11.2024 को मेरा एवं मेरे पुत्र विवेक का फोटो लिया गया एवं कहा गया की 1 महीने बाद आना आपको आपका लायसेंस घर में पोस्ट से मिलेगा परन्तु जब पोस्ट से लायसेंस न मिलने पर मैं 1 महिने के बाद लायसेंस लेने आर टी. ऑफिस पता करने आया की मुझे लायसेंस क्यों प्राप्त नहीं हुआ है तब दिनांक 27.03.2025 को विनय भगत एवं मंजु रूव परिवहन विभाग क्लैक रायगढ़ के द्वारा कहा गया की आपका काम हो जायेगा और कहा की कुछ पैसा दीजो तो जल्दी काम होगा मुझे अभी तक कोई रकम नहीं मिला है और अगर आप मुझे पैसा नहीं दोगें तो आपका काम भी नहीं होगा। तत् पश्चात मैं अपने घर को लौट गया मैं एक मध्यवर्ती परिवार से हूँ जब मेरे द्वारा रुपये दे दिया गया है तब दूसरी बार मैं रुपये कहा से लेकर आऊंगा जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत किया गया और न्याय की गुहार लगाई गयी।

### सिंघनपुर में विकास कार्य ठप, खुला बोरवेल बना खतरा

#### बोरवेल गायब, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण गांव की बैठक में उठी जांच और कार्रवाई की मांग



**खरसिया,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत नहरपाली के आश्रित ग्राम सिंघनपुर से गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच रूखमणी राठिया और पूर्व उपसरपंच लाकेश्वरी चौहान/संतोष चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बीते पंचवर्षीय कार्यकाल में कोई भी ठोस विकास कार्य नहीं कराया गया। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि गांव के बीचों बीच खुदवाया गया बोरवेल बीते चार महीनों से चलती बोर वेल अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बोरवेल को निकालकर सरपंच और उपसरपंच अपने घर ले गए, जबकि खाली गड्ढा गांव में खुला छोड़ दिया गया है। गर्मी के इस भीषण मौसम में जहां गांववाले बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खुला गड्ढा जानलेवा खतरा बन चुका है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि गांव के तालाब का पानी भी पूरी तरह सूख चुका है। पानी की विकराल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने हाल ही में गांव में एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर संज्ञान

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

#### पुलिस की यातायात नियमों के पालन हेतु चार दिवसीय सघन चेकिंग अभियान



जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 16 से 19 अप्रैल तक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 29 चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए उनके वाहन जब्त कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अभियान के दौरान तेज गति (ओवरस्पीडिंग) से वाहन चलाने वाले 18 चालकों, बिना हेलमेट 98 चालकों, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले, और मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर चलाने वाले चालकों समेत कुल 524 मामलों में कार्यवाही की गई। इससे 2,28,300 रू का समन शुल्क वसूल किया गया है। यही नहीं, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने वाले चालकों के खिलाफ लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उदयन बेहार के मार्गदर्शन में की जा रही है।

### विजय पांडे बने जांजगीर-चांपा के नए एसपी

#### छत्तीसगढ़ में आईपीएस अफसरों का बड़ा फेरबदल



जांजगीर, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने शनिवार दोपहर 20 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले में नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में विजय पांडे की नियुक्ति की गई है। वे वर्तमान में एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) में पदस्थ थे और अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला का स्थान लेंगे। विवेक शुक्ला को स्थानांतरित कर पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर में एआईजी सीआईडी की जिम्मेदारी दी गई है। श्री पांडे पहले राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी के रूप में कार्यरत थे और वर्ष 2023 की वेकैंसी के आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर में आईपीएस अधिकारी घोषित किया गया।

विजय पांडे अपने सटीक नेतृत्व और पेशेवर कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उनकी नई नियुक्ति से जांजगीर-चांपा जिले की कानून-व्यवस्था व्यवस्था में नए आयाम आने की उम्मीद की जा रही है। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार, अन्य कई जिलों में भी एसपी स्तर पर बदलाव किए गए हैं।

### गबन के मामले में फरार चल रहे तीन स्थायी वारंटियों को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर किया न्यायालय पेश

रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर जिलेभर में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चक्रधरनगर पुलिस को वर्ष 2023 में दर्ज गबन के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

### टी-20 में रायगढ़ की शानदार सफलता

#### तीनों मैच जीतकर पहुंची सेमीफाईनल



रायगढ़ 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला क्रिकेट संघ के निर्देशन में रायगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें सीनियर टी-20 क्रिकेट में रायगढ़ अपने लीग के तीनों टी-20 मैच जीतकर सेमीफाईनल में जगह बना ली है। जिला क्रिकेट संघ सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि प्लेट रूप का छत्तीसगढ़ के जिलों के बीच टी-20 टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें रायगढ़ डी के अंतर्गत शामिल है।

रायगढ़ ने अपना पहला मैच धमतरी को 29 रन से हराया। दूसरा मैच राजनांदगांव को 37 रनों से और तीसरा मैच कोरबा को 28 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली बार जिले की टीम टी-20 प्रतियोगिता में सेमीफाईनल पहुंची हैं। जिससे टीम में काफी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। इस जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

#### अमित व राहुल का बल्ला चमका

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम के कप्तान अमित कुंवर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले मैच में 37 व दूसरे मैच में शानदार शतक बनाकर टीम को जीत दिलाई। वहीं बल्लेबाज राहुल नायक ने विरोधी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए तीनों ही मैच में शानदार अर्धशतक बनाए। पहले मैच में 57, दूसरे मे 91 व तीसरे मे 54 रनों का योगदान दिया।

#### टीम का शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन

गेंदबाजी में भी टीम की तरफ से भी गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। जिसमें विकास द्विवेदी, शुभम अग्रवाल ने 5-5 विकेट प्राप्त किए हैं। जबकि परमात्मा पाण्डेय, मयंक सिदार ने पहले मैच में 4-4 तथा सक्षम चैबे ने 3 विकेट प्राप्त किए।

#### टॉप पर राहुल व अमित

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि लीग मैच में जिले के राहुल नायक 151 रन बनाकर नंबर वन पर हैं। राहुल नायक ने 3 मैच में 202 रन बनाए हैं। जिसमें सर्वाधिक 91 रन की पारी है। जबकि अमित कुंवर 3 मैचों में 149 रन बनाकर दूसरे पायदान पर हैं। इसमें उनका शानदार शतक भी शामिल है। ऐसा पहली बार हुआ है कि रायगढ़ के बल्लेबाज ने लीग टी-20 में पहले व दूसरे स्थान पर जगह बनाई है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया आवास प्लस का सर्वे

**अम्बिकापुर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र परिवारों को पक्के आवास का लाभ दिलाने हेतु विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। मोर दुवार साय सरकार महाभियान के तहत लूण्ड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत सपड़ा में आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर श्री विलास भोसकर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### नशा मुक्ति अभियान, 300 महिलाओं ने उठाई आवाज



अकलतरा, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 16 के पार्षद विजय खांडे के नेतृत्व में रविवार को नशे के खिलाफ एक विशाल जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 300 महिलाओं ने अंबेडकर चौक से शास्त्री चौक और फिर शास्त्री चौक से स्टेशन तक रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। रैली में वार्ड 13, 14, 15, 16 और 17 की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

महिलाओं ने नशे की बिक्री, विशेष रूप से चौक-चौराहों पर खुले तौर पर बिक रही शराब के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि नशे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और नशा मुक्ति के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। रैली के दौरान नशा मुक्त समाज, स्वस्थ भारत और दारू बंद करो, परिवार बचाओ जैसे नारे गूंजते रहे। इस अभियान में प्रमुख रूप से लक्ष्मण मुख्म, मंजू सिंह और पार्षद विजय खाडे ने नेतृत्व किया। विजय खंडे ने कहा, नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। हमारी बहनें और माताएं आज सड़कों पर हैं ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे के जहर से बचाया जा सके। सरकार को हमारी मांगों पर ध्यान देना होगा। मंजू सिंह ने जोर देकर कहा कि चौक-चौराहों पर शराब की बिक्री न केवल सामाजिक बुराई को बढ़ावा दे रही है, बल्कि परिवारों को भी तोड़ रही है। लक्ष्मण मुकीम ने भी महिलाओं से एकजुट रहने और नशे के खिलाफ इस लड़ाई को और तेज करने का आह्वान किया। रैली में शामिल महिलाओं ने नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय निवासियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह अभियान न केवल नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि स्थानीय प्रशासन और सरकार पर नशे की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए दबाव बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिसमें 13 महिला समूह ने इसके विरोध में आवेदन दिया जिसमें मुख्य मनोज टंडन गुरु देव जोगी शिव नायक सनी नायक मनोज नायक सरजू यादव जुनैद अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# देश विदेश

## हमास ने आधे बंधकों को वापस करने के सौदे को खारिज किया : नेतन्याहू

**जेरूसलम,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। श्री नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा कि अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नहीं करेगा।

# यूक्रेन ने एक हजार से अधिक बार ईस्टर युद्धविराम तोड़ा : रूस

**यूक्रेनी सेना ने रूसी ठिकानों पर 444 बार गोलीबारी की, जबकि 900 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन हमले हुए : रूस**



**मॉस्को,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन दोनों ने रविवार को एक दूसरे पर 30 घंटे के ईस्टर युद्धविराम को तोड़ने का आरोप लगाया। मॉस्को ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ईस्टर युद्धविराम का एक हजार से अधिक बार उल्लंघन किया। इसकी वजह से बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिकों की मौत हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूसी ठिकानों पर 444 बार गोलीबारी की, जबकि 900 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन हमले हुए। बयान में कहा गया कि ब्रायंस्क, कुर्स्क और बेलगोरोद क्षेत्रों के सीमावर्ती जिलों पर हमला किया गया। टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा गया कि नागरिक मारे गए, घायल हुए, साथ ही नागरिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि रूसी सेना ने युद्ध विराम की घोषणा से पहले ही पूर्वी यूक्रेन के नोवोमिखेलिवका पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक दिवसीय ईस्टर युद्धविराम को दिखावा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर नुकसान पहुंचाने के लिए मॉस्को की कोशिशें रात भर जारी रहीं।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कुल मिलाकर, ईस्टर की सुबह तक हम कह सकते हैं कि रूसी सेना युद्धविराम की एक धारणा बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कुछ जगहों पर इसने आगे बढ़ाना और यूक्रेन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश रोकी नहीं है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया कि रविवार की सुबह यूक्रेनी सेना ने फ्रंट लाइन पर गोलाबारी की 59 घटनाएं और हमले के पांच प्रयासों की सूचना दी। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम को गोलाबारी की सैकड़ों घटनाएं हुईं।

### ब्रिटेन ने रूस से की पूर्ण युद्ध विराम को लेकर प्रतिबद्धता जताने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस से यूक्रेन में पूर्ण युद्ध विराम को लेकर प्रतिबद्धता जताने की अपील की। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को यूक्रेन में ईस्टर के अवसर पर 30 घंटे के एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन का ऐलान वाशिंगटन के उस बयान के बाद आया जिसमें कहा गया था कि अगर मॉस्को और कीव युद्ध रोकने की इच्छा जाहिर नहीं करते तो वह कुछ दिनों के भीतर शांति वार्ता छोड़ सकते हैं। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन ने पूर्ण युद्धविराम के लिए प्रतिबद्धता जताई है। हम रूस से भी ऐसा करने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम से न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए बातचीत संभव हो सकेगी। अपने बयान में कहा कि अब समय आ गया है कि पुतिन अपने भयानक आक्रमण को समाप्त करके दिखाएं कि वह शांति के प्रति गंभीर हैं। बता दें रूसी राष्ट्रपति ने शनिवार को यूक्रेन में ईस्टर के मौके पर एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की और रूसी सेना को शनिवार रात 8.30 बजे से रविवार के अंत तक युद्ध रोकने का आदेश दिया।

## भूटान नरेश ने अंतरराष्ट्रीय मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का किया निरीक्षण



■ भारत सरकार 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत कर रही पहल

**गुवाहाटी,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने असम का दौरा किया। उन्होंने जोगीघोपा में अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की सुविधाओं का निरीक्षण करने किया।

भूटान नरेश शनिवार को शाही हेलीकॉप्टर से असम पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर एमएमएलपी के अंदर उतरा। राजा का स्वागत असम के सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग विभाग के मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने किया।

बरुआ ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के निर्देशानुसार, मुझे भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक जी का असम में स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) का निरीक्षण करने के लिए आए थे, जो वर्तमान में भारतमाला परियोजना के तहत निर्माण के अंतिम चरण में है।

मंत्री ने बताया कि एमएमएलपी के अलावा, भूटान नरेश ने अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) का भी दौरा किया, जो ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि मैं असम के प्रति महामहिम के स्नेह से सचमुच अभिभूत हूं और हमारे राज्य की इस भव्य यात्रा के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। भारत सरकार 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत भूटान के साथ लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने और व्यापार, आर्थिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए कई कनेक्टिविटी पहल कर रही है। जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी, आर्थिक विकास और क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। इसका उद्घाटन इस वर्ष फरवरी में किया गया था।

## सुडोकू 6889


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | |
| | 6 | 2 | | 4 | | | 9 | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| 7 | | | | 3 | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 3 | 2 | |
| | | | 3 | | | 4 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6889




**बायें से दायें:-**

१. पूरी तरह शुद्ध और साफ
३. पूरी तरह पका हुआ
५. आंखों के सामने
६. दूरी, अंतर
७. युधिष्ठिर
८. समुद्र रूपी संसार
१३. नाजुक
१५. राजा, सम्राट
१६. हष्ट-पुष्ट
१७.वीरता, तेज
१९. वास्तविक
२०. शासन द्वारा लगाया जाने वाला एक कर
२२. प्रधान, मुखिया (उर्दू)
२३. सभी लोगों के लिए

**ऊपर से नीचे:-**

१. उजागरस, प्रत्यक्ष, (उर्दू)
२. शुद्ध मुनाफा
३. पक्षी, तरफदारी करने वाला
४. गरुड़ (उपमा)
५. तारीफ
९. इत्यादि (उर्दू)
१०. बेचैनी
११. चुप, खामोश
१२. प्रसन्नता
१४. एका- एक होने वाला
१७. कोशिश
१९. स्वाभाविक.सरल
२०. फौज
२१. पृथ्वी

### वर्ग पहेली-6888



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 21 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आज आप परिजनों के साथ मिलकर घरेलू मामलों में महत्वपूर्ण विचार विमर्श करेंगे। घर की काया पलट करने के लिए कुछ नई योजना बनाएंगें। कार्यस्थल पर उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

वृषभ - विदेश में रहने वाले स्वजन या मित्रों का समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्नता का अनुभव करेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुकूल संयोग बनेंगे। लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर आएगा।

मिथुन - गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

कर्क - संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभवी मौज-शौक की वस्तुएं वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्यजीवन का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। नौकरी में संभलकर रहें। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

कन्या - आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़े, इसका ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनु - आपका आज का दिन मध्यम फलदायी साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी पैदा होने के कारण मनमुटाव होगा। आज आपके व्यवहार में दृढ़ता कम होने से कोई भी निर्णय तेजी से नहीं ले सकेंगे।

मकर - ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों से भेंट- उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा। कार्य सरलता से पूरे होंगे।

कुंभ - पैसे की लेन-देन आपको नुकसान में डाल सकते हैं। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होगा।

मीन - समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। नौकरी- व्यवसाय में वृद्धि का योग है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिकी टैरिफ से अरब देशों के गैर तेल निर्यात को खतरा : संयुक्त राष्ट्र



■ वैश्विक तेल कीमतों में तेज गिरावट से तनाव का सामना कर रही जीसीसी की अर्थव्यवस्थाएं

**बेरूत,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग पश्चिमी एशिया (ईएससीडब्ल्यूए) के अनुसार, अमेरिका में व्यापार संरक्षणवाद में आई तेज बढ़ोतरी अरब देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा रही है, जिससे 22 अरब डॉलर मूल्य के गैर-तेल निर्यात को खतरा पैदा हो गया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्डन सबसे कमजोर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके लगभग एक चौथाई सामान अमेरिका को भेजे जाते हैं। बहरीन को भी चिन्हित किया गया है, क्योंकि वह अमेरिका को एल्यूमीनियम और रासायनिक पदार्थों का निर्यात बहुत ज्यादा करता है।इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात को लगभग 10 अरब डॉलर के अमेरिकी सामानों के फिर से निर्यात में रुकावट आ सकती हैं। ईएससीडब्ल्यूए ने यह चेतावनी भी दी है कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक तेल कीमतों में तेज गिरावट के कारण बढ़ते वित्तीय तनाव का सामना कर रही हैं।

ईएससीडब्ल्यूए ने आगे कहा कि गैर-जीसीसी देशों के लिए भी वित्तीय चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। मिस्र, मोरक्को, जॉर्डन और ट्यूनीशिया को 2025 में वैश्विक बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और निवेशकों की अनिश्चितता के कारण संप्रभु ब्याज भुगतान में सामूहिक रूप से 114 मिलियन डॉलर अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है। इस कारण राष्ट्रीय बजट पर दबाव बढ़ेगा और विकास पहलों में देरी हो सकती है।

ईएससीडब्ल्यूए की रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापक विरोध के बीच अपने व्यापारिक साझेदारों पर तथाकथित पारस्परिक टैरिफ लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। ट्रंप ने पहले कहा था, जो देश अमेरिका के साथ जुलाई 9 तक कोई समझौता नहीं कर पाते, उनके उत्पादों पर घोषित पारस्परिक टैरिफ लागू कर दिए जाएंगे।

## यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में तीन की मौत, 4 घायल : हूती

**सना,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका ने यमन की राजधानी सना और उसके आसपास के इलाकों में हवाई हमले किए। इन हमलों में तीन लोगों की मौत और चार के घायल होने की जानकारी दी गई है। अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए। इनमें से एक हमला उत्तरी सना के अल-नहदा इलाके में हुआ, जहां दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। एक और हमला दक्षिणी सना के सफ़ियाह इलाके में एक कब्रिस्तान के पास हुआ, जिसमें एक तीसरा व्यक्ति घायल हो गया। यह जानकारी हूती समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल के हवाले से समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने दी है। हूती टेलीविजन के मुताबिक, सना के पश्चिमी बाहरी इलाके में स्थित बानी मातर जिले में हुए हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रिपोर्ट में यह साफ नहीं बताया गया है कि जो लोग मारे गए या घायल हुए, वे आम नागरिक थे या हूती विद्रोही। सना के लोगों के मुताबिक, हवाई हमलों में राजधानी के कई और इलाकों को भी निशाना बनाया गया। इनमें पूर्वी सना के माउंट नुकुम में स्थित अल-हफा सैन्य शिविर का हथियार डिपो और उत्तर-पूर्वी सना के दो सैन्य ठिकाने शामिल हैं।

## कनाडा में गुरुद्वारे की दीवारों पर लिखे खालिस्तान समर्थक नारे

**टोरंटो,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। वैंकूवर में एक प्रमुख गुरुद्वारे की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिए दिए गए। इससे स्थानीय सिख समुदाय में आक्रोश फैल गया। यह घटना खालसा दीवान सोसाइटी (केडीएस) गुरुद्वारे में हुई, जिसे आमतौर पर रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा के रूप में जाना जाता है। गुरुद्वारा प्रशासन ने अपने आधिकारिक एक्स पर तस्वीरें साझा कीं, जिनमें मंदिर की दीवार पर खालिस्तान शब्द लिखा हुआ दिख रहा है। शनिवार की सुबह इस हरकत का पता लगा जब सरे में दुनिया की सबसे बड़ी वैसाखी परेड आयोजित की गई।




कनाडाई मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग घटना की जांच कर रहा है। एक बयान में केडीएस ने इस कृत्य की निंदा की। इसे समुदाय में डरऔर विभाजन फैलाने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। गुरुद्वारे ने कहा कि खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख अलगाववादियों के एक छोटे समूह ने खालिस्तान जिंदाबाद जैसे विभाजनकारी नारे लगाकर हमारी पवित्र दीवारों को विकृत कर दिया।

### शेख हसीना की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## बांग्लादेश ने इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का किया अनुरोध



■ 11 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी की जा रही कार्रवाई

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बांग्लादेश पुलिस की ओर से इस संबंध में इंटरपोल को औपचारिक अनुरोध भेजा गया है। शेख हसीना के अलावा 11 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश में अस्थिरता फैलाने की साजिश रची और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे।

ढाका ट्रिब्यून ने, देश के पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक इनामुल हक सागर के हवाले से इसकी पुष्टि की है। हक ने बताया कि बांग्लादेश पुलिस के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) ने इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि ये आवेदन उन आरोपों के संबंध में दायर किया गया है, जो जांच के दौरान या जारी मामले की कार्रवाई में सामने आए हैं। बांग्लादेश पुलिस ने हाल ही में शेख हसीना और अन्य के खिलाफ गृह युद्ध भड़काने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन को हटाने का षड्यंत्र रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इनामुल हक सागर ने बताया कि यह अनुरोध अदालतों, सरकारी अभियोजकों और जांच एजेंसियों से प्राप्त अपीलों के आधार पर किया गया है।

## सुडोकू 6889 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

## आज का इतिहास

1509- हेनरी इंग्लैंड का राजा बन गया, अपने पिता हेनरी की मृत्यु के बाद, अंततः अंग्रेजी राजशाही के प्रागैतिहासिक में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गया।

1703- आग की (यानी, एक फायर ब्रिगेड) की कंपनी एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में स्थापित की गयी।

1782- चाओ फ्राया नदी के पूर्वी तट पर स्थित रट्टानकोसिन द्वीप पर एक शहर का स्तंभ बनाया गया था, जिसे बैंकाक शहर के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता था।

1791- वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में, संयुक्त राज्य अमेरिका में कोलंबिया के नए जिले की सीमाओं को चित्रित करने वाले चालीस सीमावर्ती पत्थरों में से पहली जोन्स प्वाइंट लाइट पर रखी गई।

1836- सैम ह्यूस्टन के नेतृत्व में टेक्सन बलों ने टेक्सास क्रांति में निर्णायक युद्ध में सैन जैसिंटो के युद्ध में जनरल एंटोनियो लोपेजडे सांता अन्ना और उनके मैक्सिकन सैनिकों को हराया।

1863-ओटोमन साम्राज्य द्वारा बगदाद से निर्वासित किए जाने के बाद, बहाई विश्वास के संस्थापक, बहू, ने रिद्वान के गार्डन में अपने बारह दिवसीय प्रवास की शुरुआत की, जहां उन्होंने अपने मिशन को 'वह जिसे भगवान प्रकट करेंगे' घोषित किया।

1895- अमेरिका में विकसित पहले फिल्म प्रोजेक्टर 'पैनटॉप्टिकॉन' का प्रदर्शन किया गया।

1908- फ्रेडरिक कुक ने इस तिथि पर उत्तर ध्रुव तक पहुंचने का दावा किया।

1914-मैक्सिकन क्रांति-संयुक्त राज्य अमेरिका ने मैक्सिकन संघीय सरकार के लिए एक जर्मन स्टीमरकार्यिंग मैटरियल को हिरासत में लिया।

**चिंता** *यमन में मानवीय स्थिति बेहद खराब*

# कुपोषण ने यमन की स्थिति व आबादी को कर दिया कमजोर

■ एनजीओ को आशंका भविष्य में स्थिति होगी भयावह

■ कई एनजीओ को अपनी गतिविधियों को कम करना पड़ रहा



**यमन,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। युद्धग्रस्त यमन में कुपोषण पहले से ही भयावह मानवीय स्थिति को और गंभीर बना रहा है। एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यह चेतावनी दी। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) की यमन मिशन प्रमुख इल्लारिया रासूलो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि कुपोषण एक संकट के भीतर का संकट है। इसने यमन की स्थिति और वहां की आबादी को और कमजोर कर दिया है। रसूलो ने कहा कि 2024 बहुत कठिन वर्ष रहा, जिसमें पूरे यमन में डायरिया का प्रकोप था और एमएसएफ फैसिलिटी में कुपोषण के अत्यधिक मामले दर्ज किए गए।

इसके अलावा खसरा का प्रकोप और पोलियो और डिप्थीरिया के छिटपुट मामले भी सामने आए। उन्होंने कहा हमें आशंका है कि साल 2025 तक प्रकोप और बढ़ेगा। यमन में मानवीय स्थिति बेहद खराब है। इसे देखते हुए कई गैर सरकारी संगठनों को अपनी गतिविधियों को कम करना पड़ रहा है या यहां तक कि देश छोड़ना पड़ रहा है, क्योंकि प्रमुख दाताओं द्वारा फंडिंग में कटौती की जा रही है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका से धन की आपूर्ति पर रोक भी शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका की विदेशी सहायता के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गठन पर एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें देश की विदेशी विकास सहायता में 90 दिनों की रोक का आदेश दिया गया है। हूती समूह और ट्रंप प्रशासन के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब वाशिंगटन ने 15 मार्च को यमन में हूती ठिकानों पर फिर से हवाई हमले शुरू किए।

अमेरिकी हवाई हमलों के बाद से सबसे घातक हमले में अमेरिकी सेना ने गुरुवार रात हूती-नियंत्रित रास ईसा ईंधन बंदरगाह और आयातित ईंधन भंडारण करने वाले कंक्रीट टैंकों को निशाना बनाया। हूती-नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों के शनिवार तड़के दिए गए अपडेट के अनुसार, हमले में करीब 80 लोग मारे गए और 150 घायल हुए।

इससे पहले शनिवार को अमेरिकी सेना ने उत्तरी यमन में हूती ठिकानों पर 29 हवाई हमले किए, जबकि हूती क्रांतिकारी समिति के प्रमुख मोहम्मद अली अल-हूती ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई। ईरान और विभिन्न मानवाधिकार संगठनों ने अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा की है।

## दुनिया को जानें

### वैज्ञानिकों ने मानवीय संवाद की मस्तिष्क क्रियाविधि को समझने के लिए ली एआई की मदद


**न्यू यॉर्क,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। एक नए शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मस्तिष्क की विद्युत गतिविधि की रिकॉर्डिंग को मिलाकर यह पता लगाया है कि बातचीत के दौरान हमारे किन बातों से मस्तिष्क के कौन-कौन से हिस्से उस समय सक्रिय होते हैं। अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग की टीम ने यह जानने की कोशिश की कि जब हम असली जीवन में बात करते हैं, तो हमारा मस्तिष्क भाषा को कैसे समझता और उपयोग करता है।

नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित एक पेपर में प्रमुख लेखक जिंग काई ने बताया कि हम यह समझना चाहते थे कि बातचीत के समय मस्तिष्क के कौन-कौन से हिस्से सक्रिय होते हैं, जब हम बोलते हैं और सुनते हैं, और यह गतिविधियां बातचीत के शब्दों और उनके मतलब से कैसे जुड़ी होती हैं। इसके लिए उन्होंने एआई की मदद ली, ताकि यह अच्छे से समझ सकें कि जब हम आपस में बातें करते हैं तो हमारा दिमाग कैसे काम करता है। मस्तिष्क के अंदर इलेक्ट्रोड लगाकर उन्होंने बातचीत के दौरान होने वाली मस्तिष्क गतिविधियों को रिकॉर्ड किया।

# खेल जगत

**प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार पडिक्कल को मिलना चाहिए : विराट कोह्ली**

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स पर जीत के बाद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि देवदत्त पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाना चाहिए था, न कि उन्हें। देवदत्त ने 35 गेंदों में 61 रनों की पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को रविवार को पंजाब किंग्स को सात विकेट से हराने में मदद की। कोहली ने 54 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 73 रन बनाए, जबकि पडिक्कल ने चार छक्कों और पांच चौकों की मदद से तेजी से रन बनाए। दोनों ने पंजाब के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच विकेट से मिली हार का बदला लेने के लिए दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे पहले, क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए और पंजाब को 20 ओवर में 157/6 पर रोक दिया।




## आरसीबी ने पंजाब को सात विकेट से हराया

### आरसीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

**मुल्लांपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 73) और देवदत्त पड़िक्कल (61) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को सात गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।



158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (एक) का विकेट गवां दिये। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने देवदत्त पडिक्कल को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रजत पाटीदार (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। हालांकि इस दौरान एक छोर थामे विराट कोहली रन बनाते रहे। विराट कोहली ने 54 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 73) रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आरसीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह,हरप्रीत बराड़ और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पांचवें ओवर में क्रुणाल पंड्या की गेंद पर प्रियांश आर्य आगे निकलकर लांग ऑफ के ऊपर से मारने के प्रयास में मिड ऑफ पर टिम डेविड को आसान कैच थमा बैठे। प्रियांश ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (22) रन बनाये। इसके बाद सातवें ओवर में क्रुणाल ने प्रभसिमरन सिंह को भी डेविड के हाथों कैच आउटकरा कर पंजाब किंग्स को दूसरा झटका दिया।

**देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली**

प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) को रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया। नेहाल वढेरा (पांच) रनआउट हुये। जॉश इंग्लिस 17 गेंदों में (29) और मार्कस स्टॉयनिस (एक) को सुयश शर्मा ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रन बनाये। शशांक सिंह (31) और मार्को यानसन (25) रन बनाकर नाबाद रहे।

### अच्छी शुरुआत के बाद पंजाब को 157 रनों पर रोकना शानदार प्रयास था : कुणाल पांड्या

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने अपने गेंदबाजों के प्रयास की प्रशंसा की और न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अच्छी शुरुआत के बाद पंजाब किंग्स को 20 ओवरों में 157/6 पर रोकने का श्रेय उन्हें दिया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (22) और प्रभसिमरन सिंह (33) की तेज-तर्रार पारियों के बाद पावरप्ले के अंत में पंजाब किंग्स का स्कोर 62/1 था। हालांकि, आरसीबी के गेंदबाजों ने उन्हें वापसी दिलाई और बीच के ओवरों में दबदबा बनाया, जिसमें क्रुणाल और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए और अपने चार ओवरों में किफायती रहे। क्रुणाल ने मिड-इनिंग ब्रेक में ब्रॉडकास्टर्स से कहा कि बहुत बढ़िया प्रयास। जिस तरह से उन्होंने पावरप्ले में शुरुआत की, उससे हम पर दबाव बना। उस स्थिति से उन्हें 157 रन पर रोकना शानदार प्रयास था। उन्होंने आगे बताया कि धीमी गति से गेंदबाजी करने से बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल हो गया। जब तेज गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे, तो मुझे एहसास हुआ कि तेज गति वाली गेंदों का सामना करना बहुत आसान था। मुझे एहसास हुआ कि इस विकेट पर आप जितनी धीमी गति से गेंदबाजी करेंगे, बल्लेबाजों के लिए उतनी ही मुश्किल होगी।




मांजरेकर ने की सूर्यवंशी की तारीफ, कहा

## राजस्थान रॉयल्स ने एक नया सितारा खोज निकाला

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। महज 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे कम उम्र में खेलने का रिकॉर्ड बना दिया है।

राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 20 गेंदों में 34 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिससे सभी चकित रह गए। हालांकि उनकी यह शानदार पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी और लखनऊ सुपरजाएंट्स से दो रन से हार मिली, लेकिन पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स ने एक नया सितारा खोज निकाला है। मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि

आईपीएल 2025




सोचिए, जब 35-40 की उम्र के माता-पिता टीवी पर एक 14 साल के बच्चे को ऐसा खेलते देखते हैं, तो कितना आश्चर्य होता है। उसके पहले दो छक्के बेहतरीन गेंदों पर आए, और फिर उसने स्पिनरों के खिलाफ बहुत समझदारी दिखाई। जब वह आउट हुआ, तो ऐसा लगा जैसे रो देगा क्योंकि उस उम्र में ऐसा महसूस करना बिल्कुल स्वाभाविक है। राजस्थान रॉयल्स ने उस पर भरोसा किया और उसे ओपनिंग का मौका दिया, यह बहुत बड़ी बात है। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव ने आईपीएल की शुरुआत ही जबरदस्त अंदाज में की। पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर को इनसाइड-आउट शॉट खेलकर छक्का मारा और फिर आवेश खान को सीधा मैदान के बीचों-बीच एक और शानदार छक्का लगाया।

### पहली ही गेंद पर छक्का मारकर सूर्यवंशी ने खास बनाया अपना डेब्यू

*__नई दिल्ली।__ 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार डेब्यू करते हुए सभी को प्रभावित किया है। उन्हें सिर्फ 13 साल की उम्र में जब आईपीएल अनुबंध मिला तो सभी का ध्यान उनकी ओर गया। हालांकि प्लेइंग 11 में जगह मिलना अभी भी दूर की कौड़ी थी, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की चोट के चलते मिले मौके का इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बखूबी फायदा उठाया। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले तिलक ने जनवरी 2024 में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था और वह रणजी ट्रॉफी खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे। इसके बाद से उन्होंने लगातार अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। उन्होंने नागपुर में हुए ट्रायल में राजस्थान रॉयल्स के टीम प्रबंधन को भी प्रभावित किया और आईपीएल 2025 में आरआर ने इस युवा प्रतिभा को 1.1 करोड़ रुपए में खरीद लिया। वैभव आईपीएल में डेब्यू करने वाले अब सबसे युवा खिलाड़ी हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सिर्फ 14 साल और 23 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले सीजन 2019 में प्रयास राय बर्मन ने 16 साल और 157 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। तीसरे नंबर पर सीजन 2018 में मुजीब उर रहमान ने 17 साल और 11 दिन की उम्र में आईपीएल डेब्यू किया था।*

## प्रसिद्ध केवल गुजरात के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी एक बेहतरीन संभावना हैं : रायुडू

**अहमदाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रसिद्ध कृष्णा के आईपीएल 2025 में नूर अहमद की जगह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने के बाद, भारत के पूर्व बल्लेबाज़ और कई बार आईपीएल विजेता रहे अंबाती रायुडू ने कहा कि लंबे कद के इस तेज गेंदबाज की क्षमता न केवल गुजरात टाइटन्स (जीटी) के लिए, बल्कि भविष्य में भारतीय टीम के लिए भी फायदेमंद होगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, प्रसिद्ध ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पर जीटी की सात विकेट की जीत में 4-41 विकेट लिए और अपने टूर्नामेंट में अपने विकेटों की कुल संख्या को 14 तक पहुंचाया, जो नूर द्वारा प्रतियोगिता में लिए गए विकेटों से दो ज्यादा है। प्रसिद्ध लंबे समय से पीठ और क्वाड्रिसेप्स की चोटों के कारण बाहर थे, लेकिन इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में छह विकेट लेकर उन्होंने एक मजबूत छाप छोड़ी और अब वे लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। रायुडू ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर कहा कि वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनकी ताकत पिच पर जोरदार तरीके से गेंद मारना है, लेकिन केएल राहुल को उन्होंने जो गेंद फेंकी, वह काफी चौंकाने वाली थी और साथ ही गेंद अंत में सही दिशा में घूमी। उन्होंने केएल राहुल को चौंका दिया और उनके पास बहुत सारी विविधताएं हैं - उनकी धीमी गेंद भी काफी प्रभावी है। मुझे लगता है कि वह न केवल जीटी के लिए बल्कि भारत के लिए भी आगे बढ़ने के लिए एक बेहतरीन संभावना है। मुंबई इंडियंस के कोच रह चुके पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी मार्क बाउचर ने रायुडू के विचारों से सहमति जताई और कहा कि प्रसिद्ध इस समय मोहम्मद सिराज के साथ अच्छी गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और प्रतियोगिता में जीटी को काफी फायदा पहुंचा रहे हैं। मुझे लगता है कि सिराज के साथ गेंदबाजी करना उन्हें बहुत पसंद है। विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर वह थोड़ा दबाव कम करते हैं। उनकी गति अच्छी है। अपनी लंबाई के कारण उन्हें अच्छा उछाल मिलता है। जब वह गेंदबाजी करते हैं तो ऑफ स्टंप पर अच्छी और टाइट गेंद डालते हैं। इसलिए गेंद को ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने निष्कर्ष निकाला,को गेंद ज्यादा स्विंग नहीं करती थी, लेकिन पर्याप्त स्विंग करती थी। मुझे लगता है कि वह इस समय आत्मविश्वास से भरपूर है।



■ प्रसिद्ध लंबे समय से पीठ और क्वाड्रिसेप्स की चोटों के कारण बाहर थे

## शुभमन गिल पर स्लो ओवर रेट के लिए लगा 12 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम को आईपीएल 2025 के मैच नंबर 35 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अहमदाबाद में धीमी ओवर गति बनाए रखने का दोषी पाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि चूंकि यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गिल अब उन कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए दंड लगाया गया है, जिनमें अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू), ऋषभ पंत (लखनऊ सुपर जायंट्स), रियान पराग (आरआर) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) शामिल हैं। हालांकि पिछले साल के विपरीत, इस बार आईपीएल ने दोहराए गए अपराधों के लिए खिलाड़ियों के बैन को हटा दिया है और इसके स्थान पर जुर्माने, डिमेरिट पॉइंट्स और इन-गेम पेनल्टी को लागू किया है। गिल ने अहमदाबाद की गर्म परिस्थितियों में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्म मौसम के कारण खिलाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और खेल में कई बार रुकावटें आईं। दिल्ली ने 8 विकेट पर 203 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए गुजरात ने सात विकेट और चार गेंद शेष रहते करते हुए मैच जीत लिया। जॉस बटलर को 54 गेंदों में नाबाद 97 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**गिल अब उन कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए दंड लगाया गया है**




## सार संक्षेप

### खालसा कॉलेज और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ने हॉकी मैच मुकाबले जीते

**नई दिल्ली।** पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने और महिला वर्ग में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने जीत दर्ज की। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने पुरुष वर्ग के हॉकी मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 5-1 से पराजित किया। खालसा कॉलेज की ओर से विपिन मिश्रा ने दो गोल और अंकित एवं अरबाज ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के लिए पुलकित ने एकमात्र गोल किया। मैच में दो गोल करने वाले विपिन मिश्रा को 'प्लेयर ऑफ मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं महिला वर्ग में के मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना को 3-1 से हराया। विजेता टीम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की तरफ से कंचन, अंचल और पिंकी ने एक गोल किया और दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना की तरफ से एकमात्र गोल नीलम शर्मा ने किया।

### बांग्लादेश को 191 पर ढ़ेर कर जिम्बाब्वे ने बनाए 67 रन

**सिलहट।** वेलिंगटन मसकदजा और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन-तीन विकेट), विक्टर न्याउची और वेस्ली मधेवेरे (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने आज पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट गवां 67 रन बना लिये है। बंगलादेश को 191 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की ब्रायन बेनेट और बेन करन की सलामी जोड़ी ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए रोशनी के कारण दिन का खेल रोके जाने के समय 14.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 67 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी बंगलादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 14 रन पीछे है। ब्रायन बेनेट 37 गेंदों में (नाबाद 4) और बेन करन 49 गेंदों में (नाबाद 17) रन बनाकर क्रीज पर है।

## सीजन के सर्वश्रेष्ठ स्पिन आक्रमण के सामने होगी सर्वश्रेष्ठ सलामी जोड़ी

**कोलकाता,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 39वें मुक़ाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की भिड़ंत होने वाली है। केकेआर ने अपना पिछला मैच घर से बाहर गंवाया था, जब वे 112 के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाए थे। जीटी ने घर में खेले पिछले मैच में 200 से अधिक के लक्ष्य का पीछा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ किया था। सात में से पांच मैच जीतकर जीटी अंक तालिका में पहले स्थान पर है। सात में से केवल तीन मैच जीत सकी केकेआर अभी छठे स्थान पर है। आइए जानते हैं इस मैच में आंकड़ों के लिहाज से क्या अहम रहने वाला है। इस मैच में दो ऐसी टीमें आमने-सामने होंगी जिनकी ओपनिंग जोड़ियां एक-दूसरे से बिल्कुल अलग अंदाज में खेलती हैं। केकेआर के पास सुनील नारायण और क्विंटन डी कॉक की विस्फोटक ओपनिंग जोड़ी है, जो पहली ही गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी करती है। वहीं जीटी के शुभमन गिल और साई सुदर्शन शुरुआत में संभलकर खेलते हैं और बाद में आक्रमण करते हैं।

**केकेआर ने अपना पिछला मैच घर से बाहर गंवाया था**

## 15 रन चाहिए या 2, मैं अपने यॉर्कर पर भरोसा करता हूं : आवेश खान

**जयपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को अंतिम ओवर में नौ रन बचाकर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर दो रन से जीत दिलाने के बाद, तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि उन्हें उस समय यॉर्कर को अच्छी तरह से निष्पादित करने की अपनी क्षमता पर भरोसा था। सवाई मानसिंह स्टेडियम में, आरआर 17 ओवर में 156/2 रन बना चुके थे, और मैच जीतने के लिए तैयार थे, क्योंकि समीकरण 18 गेंदों पर 25 रन का था। लेकिन आवेश ने अपनी पिन-पॉइंट यॉर्कर के साथ, सेट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और रियान पराग को आउट किया, और अंतिम ओवर में शिमरॉन हेटमायर को आउट किया और एलएसजी के लिए एक यादगार जीत पूरी की, जिससे आरआर के घरेलू दर्शक हैरान रह गए। मैं उस समय सिर्फ निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करता हूं। जब हम बाहर से देखते हैं, यहां तक कि हम तनाव महसूस करते हैं; लेकिन जब मैं खेल रहा होता हूं, तो मुझे कभी भी यह तनाव महसूस नहीं होता कि मैं छक्का या चौका खा जाऊंगा। मैं सिर्फ निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करता हूं: मैं जो भी गेंद फेंकने का फैसला करता हूं, उस पर 100 प्रतिशत ध्यान देता हूं। ज्यादातर यह यॉर्कर होती है; चाहे 15 रन की जरूरत हो या 20 रन की, मैं यॉर्कर पर ही ध्यान केंद्रित करता हूं, और यह आईपीएल में बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप पूरी तरह से मैच पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप सिर्फ इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आप कहां गेंदबाजी करना चाहते हैं। आवेश, जिन्होंने 3-37 विकेट लिए, ने कहा कि ऐसा नहीं है कि आप इस गेंद पर विकेट लेना चाहते हैं या आप चाहते हैं कि बल्लेबाज डिफेंड करे या आप डॉट बॉल फेंकना चाहते हैं। जिस क्षण मैंने उसे (हेटमायर) ऑफ की ओर जाते देखा, मैंने स्टंप लाइन पर गेंद फेंकी, और सौभाग्य से गेंद हाथ में गई क्योंकि वह वहां एकमात्र फील्डर था। उन्होंने 14 वर्षीय आरआर के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अपने पहले मैच में 34 रनों की शानदार पारी खेली।आवेश ने निष्कर्ष निकाला, उनकी बल्लेबाजी देखकर अच्छा लगा। उन्होंने खुलकर बल्लेबाजी की। आम तौर पर, जब आप आईपीएल का पहला मैच खेलते हैं, तो आप नर्वस हो जाते हैं।




**मैं सिर्फ निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करता हूं: मैं जो भी गेंद फेंकने का फैसला करता हूं, उस पर 100 प्रतिशत ध्यान देता हूं : आवेश खान**

## बटलर ने कहा था कि मेरे शतक की चिंता मत करना : तेवतिया

**अहमदाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। इस सीजन गुजरात टाइटंस (जीटी) का टॉप ऑर्डर इतना जबरदस्त रहा है कि राहुल तेवतिया को आईपीएल 2025 में आखिरी बार जिम्मेदारी निभाते हुए देखे काफी समय हो गया था। हालांकि, उन्होंने जीटी के पिछले तीनों मुकाबलों में बल्लेबाजी की और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 12 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ अहमदाबाद में जीटी को सात गेंदों में 11 रन चाहिए थे, और मिचेल स्टार्क को अंतिम छह गेंदें डालनी थीं। पिछले ही मैच में स्टार्क ने आरआर के खिलाफ अंतिम ओवर में आठ रन सफलतापूर्वक बचाते हुए सुपर ओवर तक मैच पहुंचाया था, और वहां भी डीसी को जीत दिलाई थी। तेवतिया 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर स्ट्राइक पर आए और एक रन लेकर 20वें ओवर के लिए स्ट्राइक अपने पास रखी, जबकि जॉस बटलर 54 गेंदों में 97 रन पर नाबाद खड़े थे। तेवतिया ने फिर स्टार्क को मिडविकेट के ऊपर से छक्का मारा और फिर अपने पैरों के बीच से चार रन का अंदरुनी किनारा निकालकर 204 रनों के लक्ष्य का पीछा चार गेंद शेष रहते और सात विकेट हाथ में रहते पूरा कर लिया।



## हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में अब नहीं दिखेगा अजहरुद्दीन का नाम

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के लोकपाल द्वारा राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के निर्देश पर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

आईएएनएस से बात करते हुए, अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि यह 'दिल तोड़ने वाला' और 'खेल के लिए पूरी तरह से अपमान' है। उन्होंने आईएएनएस से कहा कि यह कहते हुए मुझे बहुत दुख होता है, लेकिन कभी-कभी मुझे क्रिकेट खेलने का अफसोस होता है। यह देखकर दिल टूट जाता है कि खेल के बारे में बहुत कम या बिल्कुल भी समझ न रखने वाले लोग अब सिखाने और नेतृत्व करने की स्थिति में हैं। यह खेल के लिए पूरी तरह से अपमान है। अजहरुद्दीन ने कहा कि वह कानूनी कार्रवाई करेंगे और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेंगे। पूर्व कप्तान ने कहा कि मैं इस अन्याय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं और मैं बीसीसीआई से हस्तक्षेप करने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं। यह मुद्दा अकेला नहीं है - सनराइजर्स हैदराबाद का भी एसोसिएशन ओवरपास के साथ विवाद था, जो कुप्रबंधन और संघर्ष के पैटर्न को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी सामने आ रहा है वह समझ से परे है और यह मुझे व्यक्तिगत स्तर पर आहत करता है। मुझे एचसीए चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई, सिर्फ इसलिए कि मैंने सिस्टम के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर किया। इस सच्चाई ने मुझे निशाना बनाया। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. ईश्वरैया, जो एचसीए के नैतिकता अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं, ने राज्य संघ की एक सदस्य इकाई लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा प्रस्तुत याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया। याचिका में पूर्व एचसीए अध्यक्ष अजहरुद्दीन पर मनमाने निर्णय लेकर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। विशेष रूप से, इसने आरोप लगाया कि अज़हरुद्दीन ने दिसंबर 2019 में तत्कालीन अध्यक्ष के रूप में एक शीर्ष परिषद की बैठक में भाग लेकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया, जिसके दौरान उनके पदभार ग्रहण करने के ठीक एक महीने बाद उत्तरी स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया गया था।



**कभी-कभी मुझे क्रिकेट खेलने का अफसोस होता है : अजहरुद्दीन**

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.589 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.088 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 4.37 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.68 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.63 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 3.50 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| थ्री एम इंडिया | 1.10 प्रतिशत |
| एस्ट्रल लिमिटेड | 0.46 प्रतिशत |
| अलकेम लैब | 0.41 प्रतिशत |
| एबॉट इंडिया | 0.34 प्रतिशत |
| एसीसी | 0.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.68 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता हासिल करेगा भारत

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत 2030 तक 300 मिलियन टन की स्टील उत्पादन क्षमता हासिल कर लेगा और साथ ही, इस दौरान प्रति व्यक्ति स्टील खपत बढ़कर 160 किलो हो जाएगी। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई।

देश में वित्त वर्ष 25 की अप्रैल से दिसंबर तक की अवधि में 110.99 मिलियन टन कच्चे स्टील का उत्पादन हुआ था। वहीं, फिनिश्ड स्टील का उत्पादन 106.86 मिलियन टन रहा था।

सरकार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, स्पेशियलिटी स्टील के लिए लाई गई प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम 1.1 के दूसरे राउंड में कंपनियों ने करीब 17,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे स्पेशियलिटी स्टील उत्पादन में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ने की उम्मीद है।

देश के स्टील सेक्टर की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए अगले हफ्ते मुंबई में इंडिया स्टील 2025 इवेंट होने जा रहा है। इसमें कंपनियों को नॉलेज एक्सचेंज के साथ इंटर-स्टेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी करने का मौका मिलेगा। इस ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री इवेंट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स और वरिष्ठ विदेशी प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहेगा।



■ स्पेशियलिटी स्टील उत्पादन में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ने की उम्मीद

12,000 बिजनेस विजिटर्स, 250 एग्जीबिटर्स, 1,200 कॉन्फ्रेंस डेलीगेट्स के साथ यह इवेंट वैश्विक स्तर पर बड़े स्टील आयोजनों में से एक होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों, सरकारी विभागों, राज्य सरकारों, देश के प्रतिनिधिमंडलों और भारत एवं विदेश से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि देश-विशिष्ट सत्रों में दक्षिण कोरिया, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया और मंगोलिया सहित प्रमुख स्टील उत्पादक देश शामिल होंगे। इन चर्चाओं में भारत के स्टील उत्पादन को जोखिम मुक्त करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए ज्वाइंट रिसर्च, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और सप्लाई चेन को मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी।

## बीएचईएल की आय 2024-25 में 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की आय वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी कंपनी द्वारा रविवार को दी गई। बीते वित्त वर्ष में कंपनी को अब तक इतिहास में सबसे अधिक 92,534 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं, जिससे कंपनी की ऑर्डर बुक बढ़कर 1,95,922 करोड़ रुपए की हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को पावर सेक्टर में 81,349 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं और बीएचईएल के पास कुल 39 बॉयलर बनाने के ऑर्डर हैं। बीएचईएल को अडाणी पावर ने सबसे अधिक 14 बॉयलर लगाने के ऑर्डर दिए हैं, उसके बाद नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) ने 11 बॉयलर के लिए ऑर्डर दिए हैं। छत्तीसगढ़, गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारी कंपनियों ने भी बॉयलर के लिए ऑर्डर दिए हैं। नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन (एनएलसी) और दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) द्वारा दिए गए बॉयलर ऑर्डर की संख्या क्रमशः तीन और चार है। 39 बॉयलर में से 31, 800 मेगावाट के और आठ 660 मेगावाट के ऑर्डर हैं। हाल ही में बीएचईएल को छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित हसदेव थर्मल पावर स्टेशन में दो 660 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के लिए एलओआई प्राप्त हुआ है।

## द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका दौरे पर सीतारमण

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20-25 अप्रैल के बीच अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई।

वित्त मंत्री का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, अपने अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चैट सेशन होगा।

वित्त मंत्री निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी, इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ



द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी।

मंत्रालय ने कहा कि वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी और वहां बसे भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी। वाशिंगटन डीसी में, वित्त मंत्री सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों की दूसरी और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठकों, विकास समिति के पूर्ण अधिवेशन, आईएमएफसी के पूर्ण अधिवेशन और जीएसडीआर बैठक में भाग लेंगी। इन बैठकों के साइडलाइन में वित्त मंत्री कई देशों के समकक्षों के साथ बैठक भी करेंगी, जिसमें अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका का नाम शामिल है।

# गेहूं का उठान न होने पर खरीद एजेंसियों को नोटिस जारी

**फतेहाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के फतेहाबाद जिले में टोहाना की तीनों अनाज मंडियों में गेहूं खरीद के बाद उठान की धीमी गति को लेकर मार्केट कमिटी सचिव ने खरीद एजंसियों को नोटिस जारी किया है।

बारिश व मौसम की मार से गेहूं के खराब होने का खतरा



आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने इस मामले में शनिवार को दोनों खरीद एजेंसियों को नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा वेयरहाउस ने 2 लाख 22 हजार 913 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। इसमें से मात्र 16 प्रतिशत का ही उठान हुआ है। हैफेड ने दो लाख 2 हजार 675 क्विंटल गेहूं खरीदा है। इसमें से केवल 27 प्रतिशत का उठान किया गया है। सरकारी नियमों के अनुसार खरीद के 48 घंटे के भीतर गेहूं का उठान अनिवार्य है लेकिन दोनों एजेंसियां इस नियम का पालन नहीं कर रही हैं। मंडियों में करीब 80 प्रतिशत खरीदा गया गेहूं अभी भी पड़ा हुआ है। इससे जाम की स्थिति बन गई है।

# मार्च में अदरक, टमाटर व फूलगोभी की कीमतों में हुई सबसे अधिक गिरावट

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। खुदरा महंगाई दर मार्च में छह वर्षों के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अदरक, टमाटर, फूलगोभी, जीरा और लहसुन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी गई। वित्त मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, सालाना आधार पर अदरक की कीमतों में 38.11 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जबकि टमाटरों की कीमत में 34.96 प्रतिशत, फूलगोभी की कीमत में 25.99 प्रतिशत, जीरे की कीमत में 25.86 प्रतिशत और लहसुन की कीमत में 25.22 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

मार्च 2025 में जिन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है, उनमें 56.81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ



नायिरल तेल शीर्ष पर था। वहीं, नारियल की कीमत में 42.05 प्रतिशत, गोल्ड की कीमत में 34.09 प्रतिशत, सिल्वर की कीमत में 31.57 प्रतिशत और अंगूर की कीमत में 25.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बीते महीने हेल्थ सेगमेंट में महंगाई दर 4.26 प्रतिशत रही है, जो कि फरवरी में 4.12 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में हाउसिंग महंगाई दर बढ़कर 3.03 प्रतिशत हो गई है, जो कि फरवरी में 2.91 प्रतिशत थी। परिवहन और संचार कैटेगरी में

■ खुदरा महंगाई दर वित्त वर्ष 2024-25 में कम होकर 4.6 प्रतिशत हो गई

महंगाई दर फरवरी में 2.93 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2025 में बढ़कर 3.30 प्रतिशत हो गई है।

फ्यूल और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर फरवरी में 1.33 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 1.48 प्रतिशत हो गई, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। शिक्षा से जुड़ी महंगाई दर में मार्च में 3.98 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, जो कि इससे पहले के महीने में 3.83 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर वित्त वर्ष 2024-25 में कम होकर 4.6 प्रतिशत हो गई है।

# तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की चाल


-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के स्मार्टफोन, कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों में टैरिफ पर छूट दिए जाने के साथ ही मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों से आने वाले वाहनों और उनके पुर्जों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन पर विचार करने के संकेत से विश्व बाजार समेत स्थानीय स्तर पर हुई। चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत के उछाल पर घरले शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3395.94 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78553.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1023.1 अंक यानी 4.5 प्रतिशत मजबूत होकर 23851.65 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप सप्ताहांत पर 1706.24 अंक अर्थात 4.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 41980.48 अंक और समॉलकैप 2148.31 अंक यानी 4.7 प्रतिशत उछलकर 47946.66 अंक हो गया।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह छुट्टियों के कारण महज तीन के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ फैसलों में स्थिरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों पर छूट, और विदेशी संस्थागत निवेशकों



■ सेंसेक्स 4.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 78553.20 अंक पर
■ निफ्टी 1023.1 अंक यानी 4.5 प्रतिशत मजबूत होकर 23851.65 पर बंद

(एफआईआई) के लगातार जारी निवेश प्रवाह ने इस तेजी को समर्थन दिया। इसके साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और अनुकूल मुद्रास्फीति दृष्टिकोण ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया।

बीते सप्ताह बैंक निफ्टी ने तेजी की अगुवाई की, जो जमा दरों में कटौती और सकारात्मक ब्याज मार्जिन दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह सूचकांक अब अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिससे यह निवेशकों का पसंदीदा विकल्प बन गया है। भारत अमेरिका-चीन टैरिफ विवाद के प्रभाव से उबरने वाला पहला प्रमुख बाजार बनकर उभरा है, जिससे वैश्विक निवेशकों का भरोसा और गहराया है। वहीं, विश्लेषकों का मानना है कि 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनियों विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों में आय वृद्धि सुस्त रह सकती है। ऐसे में निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे बैंकिंग, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट जैसे घरेलू मांग-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें।

अगले सप्ताह में कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के जारी होने वाले परिणाम और प्रबंधन की टिप्पणियां बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। आनेवाले सप्ताह में मारुति, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, इंडियन बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, टेक महिंद्रा, बजाज हाउसिंग फाइनेंस व हैवेल्स समेत कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं।

बीते सप्ताह सोमवार को अंबेडकर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में अवकाश रहने से बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ और तीनों दिन तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्मार्टफोन, कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों में टैरिफ पर छूट दिए जाने के साथ ही मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों से आने वाले वाहनों और उनके पुर्जों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन पर विचार करने के संकेत से हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 1577.63 अंक की उड़ान भरकर 76,734.89 अंक और निफ्टी 500.00 अंक उछलकर 23328.55 अंक पर पहुंच गया।

## आईटी सेक्टर 2025 में पैदा करेगा 4.5 लाख से ज्यादा नौकरियां

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के आईटी सेक्टर में भर्तियों में 2025 की पहली छमाही में 7 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा, सेक्टर पूरे साल में 4 से 4.5 लाख नई नौकरियां पैदा कर सकता है। यह जानकारी इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने शुक्रवार को दी। भारत के आईटी सेक्टर में वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में स्थिरता देखी गई थी और आय में सालाना आधार पर 1-3 प्रतिशत का इजाफा हुआ था, जो प्लान के मुताबिक विस्तार और वैश्विक प्राथमिकता में बदलाव की ओर इशारा करता है।

फर्स्टमेरिडियन बिजनेस सर्विसेज के सीईओ-आईटी स्टाफिंग, सुनील नेहरा ने कहा कि यह दर्शाता है कि कंपनियां ग्लोबल टेक्नोलॉजी




इन्वेस्टमेंट्स के लिए अधिक टारगेटेड एप्रोच अपना रही हैं, लेकिन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अभी भी जारी है।

रिपोर्ट में बताया गया कि एआई/एमएल, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डेटा इंजीनियरिंग और ऑटोमेशन आदि में लगातार निवेश हो रहा है, जो कि उभरती हुई टेक्नोलॉजी में विश्वास को दिखाता है। इसका असर भर्तियों पर भी देखने को मिलता है। नेहरा ने कहा कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भर्ती में धीरे-धीरे तेजी आएगी। वित्त वर्ष 26 में फ्रेशर्स के लिए हायरिंग सेंटीमेंट सकारात्मक रहा है, जो एंट्री-लेवल नौकरियों की मजबूत मांग को दिखाता है।

# अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, चावल महंगा व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव 816 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए जबकि आवक घटने से चावल महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 326 रिंगिट लुढ़ककर 4132 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए। सरसों तेल 366 रुपए, सोया रिफाइंड 816 रुपए, पाम ऑयल 366 रुपए और वनस्पति तेल 365 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए जबकि मूंगफली तेल 366 रुपए और सूरजमुखी तेल के भाव 219 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गए।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14385 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 300 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

# भारत ने वित्त वर्ष 224-25 में रिकॉर्ड वाहनों का किया निर्यात

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का ऑटोमोबाइल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर की बढ़ती हुई क्षमता को दिखाता है। कार और एसयूवी निर्यात में मारुति सुजुकी और हुंडई शीर्ष पर रहे हैं। वहीं, दोपहिया वाहनों के निर्यात में बजाज ऑटो, टीवीएस और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर्स शीर्ष पर थे।

सोसाइटी फॉर इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 के दौरान भारत का कुल वाहन निर्यात 53,63,089 यूनिट्स तक पहुंच गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़े 45,00,494 यूनिट्स से अधिक है। भारत से यात्री वाहनों का शिपमेंट वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 7,70,364 यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष




2023-24 में 6,72,105 यूनिट्स पर था।

सियाम ने कहा कि यह अब तक का सबसे अच्छा वार्षिक प्रदर्शन था। इसकी वजह वैश्विक बाजारों में बेचे जाने वाले भारत में बने मॉडलों की मांग बढ़ना था।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने भी अपनी ऑफ-रोडर स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) जिम्नी का जापान को निर्यात शुरू कर दिया है। मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका

■ कार व एसयूवी निर्यात में मारुति सुजुकी और हुंडई शीर्ष पर रहे

वर्तमान में इस कार के लिए शीर्ष तीन निर्यात बाजार हैं। यह फ्रॉन्क्स के बाद दूसरी एसयूवी है जिसे मारुति सुजुकी अपनी प्रमोटर कंपनी (सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन) को निर्यात कर रही है। कंपनी फ्रॉन्क्स एसयूवी को अपने गुजरात प्लांट से जापान को निर्यात करती है, जिसकी खेप राज्य के पिपावाव बंदरगाह से भेजी जाती है। इसके अलावा, हुंडई मोटर इंडिया का प्रदर्शन मजबूत रहा है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 1,58,686 वाहनों का निर्यात किया है। कंपनी के शीर्ष निर्यात बाजारों में सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको, चिली और पेरू शामिल हैं। संचयी आधार पर कंपनी अब तक हुंडई आई10 के 1.5 मिलियन यूनिट्स और 5,00,000 यूनिट्स हुंडई वरना के निर्यात कर चुकी है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 677.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 574.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 63.8 अरब डॉलर उछलकर 79.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 6 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 18.4 अरब डॉलर रह गया।

### गुवाहाटी में चाय नीलामी में बना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र ने वित्त वर्ष 224-25 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में चाय की अधिक बिक्री दर्ज की, साथ ही प्रति किलोग्राम औसत कीमत में भी इजाफा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नीलामी केंद्र से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बॉटल लीफ फैक्टरीज़ द्वारा उत्पादित चाय को भी बीते वित्त वर्ष में अच्छा और लाभदायक मूल्य मिला। गुवाहाटी टी ऑक्शन बायर्स एसोसिएशन के सचिव दिनेश बिहानी ने बताया कि जीटीएसी ने वित्त वर्ष 224-25 में 169.13 मिलियन किलोग्राम चाय की बिक्री की, जिसकी औसत कीमत 227.7 प्रति किलोग्राम रही। यह पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले वृद्धि है, जब 166.34 मिलियन किलोग्राम चाय की औसत 183.2 प्रति किलोग्राम की दर पर बिक्री हुई थी – यानी 44.5 प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

### अमेरिकी कैंसर दवा बाजार में धूम मचाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय दवा कंपनियों की नजर 145 अरब डॉलर के अमेरिकी कैंसर दवा बाजार की बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने पर है। यह बाजार हर साल 11 फीसदी चक्रवृद्धि दर के हिसाब से बढ़ रहा है। बीते कुछ महीनों से कई भारतीय दवा कंपनियों को कैंसर की जेनेरिक दवाइयों के लिए अमेरिकी औषधि नियामक से मंजूरी मिली है, जिससे अमेरिकी बाजार में जेनरिक और बायोसिमिलर दवाओं में प्रवेश लगातार बढ़ा है। साल 224 में अमेरिकी कैंसर दवा बाजार का मूल्य 145.52 अरब डॉलर आंका गया था और साल 234 तक इसके 416.93 अरब डॉलर होने का अनुमान है। जानकारों का मानना है कि सिप्ला, बायोकॉन बायोलॉजिक्स और जायडस लाइफसाइंसेज को मिली मंजूरी कैंसर उपचार के जटिल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों की बढ़ती क्षमताओं और आकर्षक अमेरिकी बाजार में उनकी बढ़ती उपस्थिति की ओर इशारा करते हैं।

# विधायक सुशांत शुक्ला की पहल पर फरहदा-गतौरा सड़क निर्माण शुरू

## किया भूमिपूजन, हिंद एनर्जी कंपनी ने शुरू कराया काम

## क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग थी, विधायक ने कंपनी को सड़क बनाने कहा था

## 6 करोड़ की लागत से 3.5 किमी बनेगी नई सड़क



**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। फरहदा चौक से गतौरा तक 3.5 किमी के मुख्य मार्ग में सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भूमिपूजन कर सड़क और नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की। विधायक सुशांत की पहल पर हिंद एनर्जी एंड कोल बेनीफिकेशन कंपनी ने अपने सीएसआर मद से 6 करोड़ की लागत सड़क निर्माण कार्य आरंभ कराया है। सड़क निर्माण से क्षेत्रवासी काफी उत्साहित और राहत महसूस कर रहे हैं।

लगरा से गतौरा 3.5 किमी का मुख्य मार्ग कोयला से लदी बड़ी बड़ी गाड़ियों के चलने के कारण खस्ताहाल हो चुकी थी। जिससे आवागमन काफी दूभर हो गया था, आसपास के ग्रामीण खराब सड़क, कीचड़ और धूल से परेशान थे। आसपास के ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने 2 जनवरी 2025 को सड़क का जायजा लिया था और मार्ग में स्थित फरहदा गांव के बीच चौक में ग्रामीणों के साथ बैठक में हिंद एनर्जी कोल वाशरी के मैनेजर को बुलाकर सड़क का मरम्मत तत्काल शुरू कराने को कहा था। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### नागरिकों की समस्या का समाधान और सुविधा प्राथमिकता- सुशांत

सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की नागरिकों की समस्या का समाधान और सुविधा उपलब्ध कराना हमेशा हमारी प्राथमिकता में है। क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए वें सदैव प्रयासरत रहेंगे। सीएसआर मद से सड़क निर्माण करने के लिए विधायक श्री शुक्ला ने कंपनी का आभार व्यक्त किया साथ ही सड़क गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। भूमिपूजन के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष पवन कश्यप, मोनू रत्नाकर श्रीवास, राम प्रसाद पटेल, सरपंच अश्वनी सूर्यवंशी, शैलेश गोरख, पेशी राम जायसवाल, पार्षद जय वाधवानी, प्रितेश सोनी, हरप्रसाद धुरी, शंकर नायडू, रामा गुप्ता, दिवाकर तिवारी, राम गोपाल साहू, कमल पांडेय, केदार यादव, गेंदराम यादव, छबि राम पटेल, शिवशंकर, किशन पटेल, चंद्रदेव, अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

विदित है की जिले के लगरा से गतौरा 3.5 किमी तक के मुख्य मार्ग में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांव आते हैं। सड़क में भारी कोयला परिवहन के कारण बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे, जिसमें से अधिकतर गाड़ियां क्षेत्र में संचालित हिंद कोल एनर्जी के हैं।

जर्जर सड़क के कारण आवागमन में समस्या और ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने ग्राम फरहदा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इस दिशा में प्रयास शुरू किया, बैठक में हिंद कोल एनर्जी के मैनेजर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। बैठक में विधायक श्री शुक्ला ने कोल वाशरी के मैनेजर से दो टूक कहा था की सड़क वाशरी की गाड़ियों के कारण खराब हुआ है और इसे ठीक करवाने की नैतिक और पहली जिम्मेदारी कंपनी की है, कंपनी ने मरम्मत अब तक शुरू क्यों नहीं कराया है। खराब सड़क के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं, बिना विलंब किए सड़क का मरम्मत कार्य कंपनी शुरू कराएं। विधायक के पहल के बाद हिंद कोल एनर्जी ने सड़क निर्माण आरंभ कर दिया है। सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने भी एनओसी जारी कर दिया है। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने विधायक सुशांत शुक्ला का आभार व्यक्त किया है।

# टोना-टोटका का डर, सोना से कलह बताकर बुजुर्ग महिला से 9 तोला सोने की लूट

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। टोना-टोटका का डर बताकर शहर में एक बार फिर से लूट का मामला सामने आया है। शहर के 36 मॉल के पास बुजुर्ग महिला को 3 लोगों ने झांसे में लिया। उन्होंने बुजुर्ग महिला से जादू-टोना की बात कहते हुए कहा कि सोना कलह का कारण होता है। इसलिए सोने के गहने बुजुर्ग महिला से उतरवाकर कपड़े में लपेट लिया फिर उसके पास रखे कैश को भी मांग लिया और फिर झांड-फूंक करने की बात कहते हुए फरार हो गए।



बता दें, बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार शाम साढ़े 6 बजे के आसपास हुई। शुभम विहार बाबजी रेसीडेंसी की रहने वाली 70 वर्षीय हेमलता भोसले गृहिणी हैं, बीपी की दवा और मोबाइल चार्जर लेने मंगला चौक गई थीं। चार्जर लेकर वह पैदल 36 मॉल के पास पहुंची, जहां एक लड़की (17 साल), एक महिला (45 साल) सलवार पहने हुए और एक व्यक्ति (55 साल) पेंट-शर्ट पहने हुए मिले।

उन्होंने हेमलता से पूछा कि वह कहां जा रही हैं, तो हेमलता ने शुभम विहार जाने की बात कही। तीनों ने भी उसी दिशा में जाने की बात कही और एक व्यक्ति ने उन्हें इलेक्ट्रिक ऑटो में बैठा लिया। रास्ते में, तीनों ठगों ने हेमलता को टोना टोटका की बात करते हुए राजेंद्र नगर चौक और बृहस्पति बाजार गार्डन की तरफ ले गए।

वहां, ठगों ने उसे बताया कि उसके गहनों में कलह है और उसे झाड़-फूंक करने से सब ठीक हो जाएगा। हेमलता ने उन्हें अपनी सोने की चैन 3 तोला, चूड़िया 5 तोला, एक अंगूठी 3 ग्राम और 6 हजार रुपए नकद काले कपड़े में लपेटकर दे दिए।

इसके बाद ठगों ने महिला को एक मोटा पैकेट दिया और ऑटो में बैठा दिया।

जब महिला ने पैकेट खोला तो उसमें केवल कागज था। ठगों ने महिला के गहने और नकद राशि लेकर फरार हो गए थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और तीनों ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

# सुशासन तिहार: बंद पड़े स्ट्रीट लाइटों में सुधार से जगमग हुए सड़क

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में की गई शिकायतों के निराकरण से लोगों को काफी राहत मिल रही है। शिकायतों के प्रति आमतौर पर उदासीन रवैया दिखाने वाले अधिकारी सक्रिय होकर समाधान में लगे हैं। नगर निगम बिलासपुर में लाइट, नाली सफाई जैसी कई समस्याओं का त्वरित निदान होने से लोगों को काफी राहत मिल रही है।

शहर में स्ट्रीट लाइट के संदर्भ में मिली शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। प्रमुख तौर पर मुक्तिधाम सरकंडा में स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने की शिकायत सुशासन तिहार में आयोजित



शिविर में की गई थी। जिसके बाद तत्काल स्ट्रीट लाइटों का संधारण कर निराकरण किया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 48 में बिसाहूदास महंत नगर वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत की गई थी, जिसे ठीक कर दिया गया है। लिंक रोड में भी स्ट्रीट लाइट में खराबी की शिकायत थी, जिसे सुधारा गया है। वार्ड नंबर 15, 27 खोली में कोल इंडिया ऑफिस के सामने सुशासन तिहर 2025 में जे एच शेम्स द्वारा शिकायत की गई कि आवासीय प्लाट में निस्तारी के तहत बनाई गई नाली की सफाई नहीं हो रही है। नाली जाम होने की वजह से गंदा पानी आवासीय प्लाट में जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद तत्काल निराकरण करते हुए नाली की सफाई की गई।

# दादी ने मुझे संकोची स्वभाव से मुक्त कर भाषणयोग्य बनाया–बीके मंजू

## दादी रतनमोहिनी को तेरहवीं पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भोग स्वीकार कराया गया

**बिलासपुर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा मे ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य प्रशासिका रही राजयोगिनी रतनमोहिनी दादी को तेरहवीं पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। दादी के निमित्त परमात्मा को भोग स्वीकार कराया गया।



सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने दादी के साथ का अनुभव सुनाते कहा कि मै बहुत संकोची स्वभाव की थी। क्षेत्रीय निदेशक ओमप्रकाश भाई जी ने मुझे दादी के साथ रायपुर से ओडिसा के कार्यक्रम मे भेजा। दादी के साथ मंच पर सहयोगी बनने से मेरे अंदर से झिझक समाप्त हुई और छोटी होते हुए भी मंच संचालन, योग शिविर कराने की जिम्मेवारी सहज रूप से निभा पा रही हूँ।

इसी प्रकार से दादी ने लाखों कन्याओं को ट्रेनिंग देकर परमात्मा के कार्य मे सहयोगी बनाया जिसके परिणाम स्वरुप यह संस्था वट-वृक्ष की तरह बढ रहा है। आगे कहा कि कहावत है मन के हारे हार है मन के जीते जीत, तो मन रूपी घोड़े को शक्ति रूपी लगाम से कन्ट्रोल करो तो एकाग्रता की शक्ति आ जायेगी।

**NECC**

| 21.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 400 | 80 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 180 |
| डिलीवरी | 415 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA





कृषि, कौशल उन्नयन, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्र में संतुलित विकास के साथ

## विकसित बस्तर की ओर

नक्सल हिंसा के चलते लंबे समय से विकास से अछूते रहे बस्तर क्षेत्र में अब सुनियोजित रणनीति के साथ समस्या के उन्मूलन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ नक्सलवाद के खिलाफ ठोस रणनीति बनाकर एक निश्चित समय अवधि तक इसके संपूर्ण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर बस्तर में समावेशी विकास के लिए एक विस्तृत रोड मैप पर कार्य चल रहा है। कृषि, पर्यटन, उद्योग और कौशल उन्नयन पर यहां सरकार का विशेष फोकस है। बस्तर में उपलब्ध संसाधनों और वहां की भौगोलिक, सामाजिक स्थितियों के आधार पर विकास का एक प्रारूप तैयार किया गया है, जिसके आधार पर विकसित बस्तर की बुनियाद रखी जा रही है।

### पर्यटन: सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहाँ के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पहले साल के कार्यकाल में बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाकर, इस साल सबसे ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया है। अब सरकार का लक्ष्य बस्तर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। चित्रकोट वाटर फॉल को नियाग्रा फॉल्स जैसा खूबसूरत बताते हुए, साय ने इसे राज्य की एक बड़ी संपत्ति बनाने का वादा किया है। साथ ही, बस्तर में शांति वार्ता की पेशकश भी की गई है। नक्सलियों के पुनर्वास के लिए नई नीति के तहत, आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर दिए जाएंगे, कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। बस्तर के धुड़मारास गांव को UNW-TO की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है।

### कृषि: स्थानीयता और नवाचार का संतुलन

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। "विकसित बस्तर" तहत किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा।

### कौशल उन्नयन: बस्तर के युवाओं को मिलेगा नया भविष्य

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इस रणनीति का विशेष आकर्षण "आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025" है, जिसमें रोजगार, प्रशिक्षण और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्णयोजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष रखा बस्तर विकास का रोड मैप

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पिछले दिनों दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस्तर के विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान का खाका भी प्रधानमंत्री को सौंपा। छह प्रमुख एजेंडों और 19 बिंदुओं पर आधारित इस योजनाओं की श्रृंखला में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने का मसौदा तैयार किया गया है। बस्तर को एक नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना, बांस, लघु वनोपज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रसंस्करण हेतु उद्योग स्थापना, शिक्षा और कौशल विकास के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या में वृद्धि, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देना, पर्यटन और सांस्कृतिक विकास के लिए विभिन्न कार्यों सहित नई उद्योग नीति के साथ बस्तर में संतुलित औद्योगिक विकास का रास्ता बनाना और नई नक्सली आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत किए जाने वाले कार्य शामिल हैं।



"बस्तर अब शांति की ओर बढ़ चुका है, अब सरकार का लक्ष्य लोगों को सम्मानजनक आजीविका देना है। सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।

**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### सामाजिक-आर्थिक बदलाव की शुरुआत

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में एक ओर प्रकृति की विराटता है, तो दूसरी ओर विकास की विफलताओं की लंबी छाया। दशकों से यह इलाका नक्सलवाद, बेरोजगारी, पलायन और उपेक्षा की जटिलताओं में उलझा रहा, लेकिन अब यह बदलाव की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में राज्य सरकार ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए योजनाओं की श्रृंखला "विकसित बस्तर की ओर", शुरू की है, जो बस्तर के समावेशी विकास, सामाजिक पुनर्निर्माण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक ठोस रूपरेखा प्रदान करती है। यह केवल योजनाओं की श्रृंखला नहीं, बल्कि राज्य की उस नई सोच की झलक है, जो विकास को सुरक्षा के साथ, संस्कृति के साथ और मानवीय गरिमा के साथ जोड़ना चाहती है।



### उद्योग: स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

"विकसित बस्तर" स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। नई उद्योग नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का



40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771